# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक




राज्यसभा चुनाव को लेकर मतदान करने के बाद विधानसभा से बाहर निकलते मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं अन्य


• बोकारो, शुक्रवार 19 जून 2026 • वर्ष : 10 • अंक : 43 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो, पटना व औरंगाबाद से प्रकाशित


# राज्यसभा चुनाव : झामुमो-एनडीए प्रत्याशी जीते

## चुनाव संपन्न होने के साथ पिछले करीब दो सप्ताह से जारी राजनीतिक उठापटक और सस्पेंस पर लगा विराम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड में राज्यसभा की दो सीटों के लिए गुरुवार 18 जून को हुए चुनाव के साथ पिछले करीब दो सप्ताह से जारी राजनीतिक उठापटक और सस्पेंस पर विराम लग गया। कड़े मुकाबले के बीच झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के उम्मीदवार बैजनाथ राम और एनडीए समर्थित निर्दलीय प्रत्याशी परिमल नथवानी ने जीत दर्ज की। इस परिणाम के साथ ही राज्य की राजनीति में महागठबंधन की एकजुटता पर भी सवाल खड़े हो गए हैं। 81 सदस्यीय झारखंड विधानसभा में हुए मतदान में झामुमो उम्मीदवार बैजनाथ राम को सबसे अधिक 31 वोट मिले और वह आसानी से राज्यसभा पहुंचने में सफल रहे। दूसरी सीट पर निर्दलीय प्रत्याशी परिमल नथवानी ने जीत हासिल की। परिमल नथवानी को कुल 30 वोट प्राप्त हुए थे लेकिन इनमें से दो मत रद्द कर दिए गए। यानी उन्हें कुल 28 वोट मिले।



वहीं कांग्रेस प्रत्याशी प्रणव झा को 20 वोट मिले जिनमें एक वोट अमान्य घोषित कर दिया गया। कुल 81 वोटों में से तीन मत रद्द हुए। इस तरह अंतिम गणना में बैजनाथ राम को 31 और परिमल नथवानी को 28 वैध वोट मिले जबकि कांग्रेस उम्मीदवार जीत से दूर रह गए। राज्यसभा चुनाव से पहले इंडिया गठबंधन के नेताओं द्वारा दोनों सीटों पर जीत का दावा किया जा रहा था। कांग्रेस और झामुमो के नेताओं का कहना था कि गठबंधन पूरी तरह एकजुट है और क्रॉस वोटिंग की कोई संभावना नहीं है लेकिन चुनाव परिणामों ने इन दावों की पोल खोल दी। परिमल नथवानी की जीत के बाद यह साफ हो गया कि महागठबंधन के भीतर कहीं न कहीं राजनीतिक दरार मौजूद थी। यही वजह रही कि कांग्रेस उम्मीदवार प्रणव झा अपेक्षित समर्थन जुटाने में असफल रहे और दूसरी सीट उनके हाथ से निकल गई। बता दें कि परिमल नथवानी देश के प्रमुख उद्योग समूह रिलायंस इंडस्ट्रीज से जुड़े हुए हैं और लंबे समय से झारखंड की राजनीति में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। वह लगातार दो बार झारखंड से राज्यसभा सांसद रह चुके हैं। उन्होंने वर्ष 2008 में पहली बार निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर राज्यसभा का चुनाव जीता था। इसके बाद 2014 में भी उन्होंने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में जीत हासिल कर संसद के उच्च सदन में अपनी जगह बरकरार रखी। अब तीसरी बार उन्होंने राज्यसभा पहुंचने में सफलता प्राप्त की है। झामुमो उम्मीदवार बैजनाथ राम का राजनीतिक सफर संघर्ष और कई उतार-चढ़ाव से भरा रहा है। लातेहार के शहीद चौक स्थित धोबी मुहल्ला के निवासी बैजनाथ राम का जन्म वर्ष 1967 में लातेहार प्रखंड के परसही गांव में हुआ था। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा गांव में प्राप्त की और बाद में बालक उच्च विद्यालय, लातेहार से मैट्रिक और इंटरमीडिएट की पढ़ाई पूरी की। इसके बाद बनवारी साहू महाविद्यालय से राजनीतिक शास्त्र में स्नातक की डिग्री हासिल की। राजनीति में आने से पहले उन्होंने सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में लगभग तीन वर्षों तक शिक्षक के रूप में काम किया। लेकिन वर्ष 2000 में झारखंड राज्य गठन के बाद उन्होंने नौकरी छोड़कर राजनीति को अपना पूर्णकालिक कार्यक्षेत्र बना लिया। राज्यसभा चुनाव के नतीजों ने यह संकेत दे दिया है कि झारखंड की राजनीति में आने वाले दिनों में नए समीकरण बन सकते हैं। एक ओर बैजनाथ राम ने झामुमो के खाते में सीट बरकरार रखी, वहीं परिमल नथवानी की जीत ने महागठबंधन की एकता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। आने वाले समय में इन परिणामों का असर राज्य की राजनीति और गठबंधन की रणनीति पर भी देखने को मिल सकता है।

# आरएसएस कार्यालय पर हमले के आरोपित का एनकाउंटर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** चुटिया थाना क्षेत्र के निवारणपुर स्थित आरएसएस कार्यालय पर पेट्रोल बम से हमले के एक आरोपी ने हिरासत से फरार होने की कोशिश की। पुलिस की टीम ने उसका पीछा किया और मंडल टोल प्लाजा के पास हुई मुठभेड़ में आरोपी घायल हो गया। पुलिस ने सैफ नाम के आरोपी को पहले गिरफ्तार कर रांची के कोतवाली थाने में रखा था। वह बाथरूम जाने के बहाने हिरासत से फरार हो गया। पुलिस टीम तुरंत उसके पीछे लग गई और मंडल टोल प्लाजा क्षेत्र में उसे घेर लिया। रांची पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार की दोपहर शैफ नाम बाथरूम जाने की इच्छा जताई। बाथरूम जाने के बाद प्रहरी दरवाजे के बाहर ही खड़ा था जबकि सैफ बाथरूम के अंदर चला गया। प्रहरी को चकमा देने के लिए सैफ ने नल को खोल दिया और बाथरूम की खिड़की से कोतवाली थाने के पीछे झाड़ियों के पीछे कूदकर फरार हो गया। सैफ के थाना से फरार होने की सूचना मिलते ही रांची पुलिस में हड़कंप मच गया। एसएसपी, सिटी एसपी से लेकर तमाम थानेदार सैफ की तलाश में जुट गए। इसी दौरान मांडर टोल प्लाजा के पास सैफ के होनी की सूचना मिली जिसके बाद उसे टोल प्लाजा के पास ही घेर लिया गया। पुलिस के अनुसार आरोपी ने पुलिस का राइफल छीनने और उन पर फायरिंग करने की कोशिश की। इस पर पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की जिसमें सैफ घायल हो गया। रांची के सिटी एसपी पारस राणा ने बताया कि आरोपी को घेरने के बाद उसने पुलिस पर हमला करने की कोशिश की जिसके बाद सुरक्षा बलों ने आत्मरक्षा में गोली चलाई। एनकाउंटर के बाद सैफ को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि हमलावरों ने आरएसएस कार्यालय को उड़ाने की साजिश रची थी लेकिन हमलावर अपने मंसूबे में कामयाब नहीं हो सके। बम निरोधक दस्ते की टीम ने जांच के दौरान पाया कि जिस तरह से बोतल में पेट्रोल की मात्रा दी गई थी, उससे यह लग रहा है कि कार्यालय को आग के हवाले किया जाना था।

# पति ने की पत्नी की हत्या, गिरफ्तार

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** राजधानी रांची के बरियातू थाना क्षेत्र में एक पति ने अपनी पत्नी की हत्या कर दी। मामले की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए हत्यारे पति को गिरफ्तार कर लिया है। मामला बरियातू थाना क्षेत्र स्थित सिंदवार टोली का है जहां पवन मुंडा नाम के एक व्यक्ति ने अपनी ही पत्नी बेला मुंडा की हत्या कर दी। बरियातू पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बुधवार की देर रात ही पवन मुंडा ने बेला मुंडा की घर में ही पीट-पीट कर हत्या कर दी। परिजनों को पूरे मामले की जानकारी गुरुवार की सुबह हुई। बेला मुंडा के जीवित होने की आस में उसे अस्पताल में इलाज के लिए जाया गया जहां डॉक्टरों की टीम ने जांच के दौरान यह बताया कि अत्यधिक मारपीट की वजह से बेला मुंडा की मौत हुई है। मामले की जानकारी मिलते ही बरियातू पुलिस ने सटीक सूचना के आधार पर पवन मुंडा को गिरफ्तार कर लिया।

## संक्षिप्त समाचार

### बोकारो स्टील प्लांट में ठेका कर्मी की मौत

**बोकारो(नबिटा ब्यूरो)।** झारखंड के बोकारो स्टील प्लांट के भीतर संचालित बीपीएससीएल के कोल हैंडलिंग प्लांट में काम के दौरान एक कर्मी की मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों और साथी वर्करों ने बोकारो जनरल हॉस्पिटल में विरोध प्रदर्शन किया और अपने आश्रितों के लिए मुआवजा और नौकरी की मांग की। मिली जानकारी के अनुसार दुग्धा निवासी ठेका कर्मी शिव शंकर हेंब्रम बोकारो पावर सप्लाई कंपनी प्राइवेट लिमिटेड के कोल हैंडलिंग प्लांट में कार्यरत थे। बुधवार रात को काम के दौरान अचानक हादसा हो गया जिसमें उनकी मौत हो गई।

### आरपीएफ जवान का सिर कटा शव बरामद

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** नामकुम रेलवे स्टेशन के पास गुरुवार सुबह रेलवे ट्रैक के किनारे एक आरपीएफ जवान का शव मिलने से सनसनी फैल गई। शव ड्यूटी की वर्दी में मिला और उसका सिर धड़ से अलग था। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार घटना सुबह करीब 4 से 5 बजे के बीच की बताई जा रही है। सूचना मिलते ही रेलवे पुलिस, आरपीएफ और राजकीय रेलवे पुलिस की टीम मौके पर पहुंची तथा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटनास्थल से जवान का बैग भी बरामद किया गया है। पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

### निजी गार्ड की संदिग्ध अवस्था में मौत

**धनबाद(नबिटा ब्यूरो)।** शहर की चांचनी कॉलोनी में एक व्यवसायी के बंगले में कार्यरत निजी गार्ड अनिल कुमार सिंह की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक अनिल कुमार सिंह ठाकुर कुल्ही के रहने वाले थे। परिजनों के अनुसार वे पिछले लगभग 20 वर्षों से व्यवसायी जितन अग्रवाल के बंगले में गार्ड के रूप में कार्यरत थे और वहीं रहकर 24 घंटे ड्यूटी करते थे। गुरुवार सुबह परिवार को फोन कर बंगले पर बुलाया गया लेकिन उन्हें अनिल की मौत की जानकारी नहीं दी गई। सूचना मिलने पर धनबाद थाना पुलिस मौके पर पहुंच मामले की जांच शुरू कर दी है।

### कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में 83 छात्रों का चयन

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** झारखंड यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी (जेयूटी) में कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में 83 विद्यार्थियों का चयन हुआ है। कुलपति प्रो डीके सिंह ने बताया कि इनका चयन देश की प्रतिष्ठित औद्योगिक कंपनियों में हुआ है। यह उपलब्धि विवि द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रभावी क्रियान्वयन, उद्योगोन्मुखी पाठ्यक्रम, कौशल विकास तथा प्रशिक्षण आधारित शिक्षण व्यवस्था का परिणाम है।

# पोड़ैयाहाट मुखिया पर दिनदहाड़े फायरिंग

## एक आरोपित ने किया आत्मसमर्पण, मामले की जांच जारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गोड्डा।** जिले के पोड़ैयाहाट थाना क्षेत्र में मुखिया अनुपम भगत पर गुरुवार को दिनदहाड़े फायरिंग की गई। बांझी रोड स्थित एक अवैध शराब अड्डे के पास तीन अपराधियों ने उन पर हमला किया जिसमें मुखिया बाल-बाल बच गए। इस घटना को अंजाम देने वाले आरोपितों में से एक नयन यादव ने बाद में पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। नयन यादव पोड़ैयाहाट थाना क्षेत्र के द्रोपद का रहने वाला है और वर्तमान में पोड़ैयाहाट में रह रहा था। इस वारदात में उसके साथ अंकित यादव और विकास यादव भी शामिल थे। यह घटना तब दिनदहाड़े हुई जब बाइक सवार तीन हमलावरों ने मुखिया अनुपम भगत को निशाना बनाते हुए दो राउंड फायरिंग की। सौभाग्य से दोनों गोलियां उन्हें नहीं लगीं। इस घटना से बांझी रोड और पोड़ैयाहाट बाजार क्षेत्र में दहशत फैल गई। बताते चलें कि बीते दिनों शैलेंद्र भगत की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में अपराधी अंकित यादव के खिलाफ मुखिया अनुपम भगत ने गवाही दी थी। इधर फायरिंग की घटना के बाद स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश देखा गया। नाराज लोगों ने पोड़ैयाहाट मुख्य बाजार बंद करने के साथ सड़क पर उतर कर प्रदर्शन किया। उन्होंने अपराधियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की। स्थानीय लोगों का कहना था कि पोड़ैयाहाट में पहले भी कई बार गोलीबारी की घटनाएं हो चुकी हैं जिनमें कुछ लोगों की जान भी गई है। सूचना मिलते ही पोड़ैयाहाट थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया। पुलिस अधिकारियों ने मुखिया अनुपम भगत और स्थानीय लोगों से घटना की विस्तृत जानकारी ली। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। बताते चलें कि अंकित यादव व नयन यादव दोनों आपस में भाई हैं। पुलिस उससे पूछताछ कर घटना के कारणों और इसमें शामिल अन्य लोगों की भूमिका की जांच कर रही है। फिलहाल पूरे मामले की जांच जारी है। वहीं इस घटना को लेकर मुखिया अनुपम भगत ने बताया कि वह अपने घर से बाइक पर सवार होकर निकले थे। इसी क्रम में अवैध शराब अड्डे के पास बाइक सवार तीन अपराधियों ने दो गोलियां चलाई। दोनों गोलियां मेरे सिर के उपर से छू कर निकल गई और मैं बाल-बाल बच गया।

# चलती स्कॉर्पियो में लगी आग, लोगों ने गाड़ी से कूदकर बचाई जान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**धनबाद।** जिले के निरसा में एनएच-19 पर चलती स्कॉर्पियो में अचानक आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही देर में पूरा वाहन जलकर राख हो गया। हालांकि वाहन में सवार सभी लोग समय रहते बाहर निकल गए जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। यह घटना पुराने निरसा थाना से लगभग 100 मीटर दूर धनबाद की ओर जाने वाली सड़क पर हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार स्कॉर्पियो सड़क पर चल रही थी तभी उसमें आग लग गई। देखते ही देखते आग की लपटों ने पूरे वाहन को अपनी चपेट में ले लिया। उस समय वाहन में 4 से 5 लोग सवार थे जिन्होंने तुरंत बाहर निकलकर अपनी जान बचाई। घटना की सूचना दमकल विभाग को दी गई लेकिन उनके पहुंचने से पहले ही स्थानीय लोगों ने आग बुझाने का प्रयास शुरू कर दिया। पास में खड़ी एनएच मिक्सर मशीन की टंकी से पानी लाकर लोगों ने आग पर काबू पाने की कोशिश की। उनकी तत्परता से आग को काफी हद तक नियंत्रित कर लिया गया। हालांकि तब तक वाहन पूरी तरह जल चुका था। वाहन मालिक विराज मंडल ने बताया कि स्कॉर्पियो महज आठ महीने पहले खरीदी गई थी और कुछ दिन पहले ही उसकी सर्विसिंग कराई गई थी। आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। सूचना मिलने पर निरसा पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। आग लगने के कारण कुछ समय के लिए सड़क पर जाम लग गया था जिसे बाद में सामान्य कराया गया। पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

# ऑटो-बाइक की टक्कर में दंपति समेत तीन की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**समस्तीपुर।** जिले के विभूतिपुर थाना क्षेत्र में गुरुवार को सड़क हादसे में दंपति समेत तीन लोगों की मौत हो गई जबकि आठ अन्य लोग घायल हो गए। यह दुर्घटना सिंघियाघाट-हरिचक पथ पर खोकसाहा और खदियाही चौक के बीच नामचीन बसेरा बड़ चौराहे के पास हुई जहां एक ऑटो और बाइक की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में कुल 11 लोग घायल हुए थे। स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से सभी घायलों को विभूतिपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। वहां चिकित्सकों ने विभूतिपुर वार्ड संख्या-5 निवासी स्वर्गीय बंकुल महतो के पुत्र राज कुमार महतो (55) और उनकी पत्नी संयोगिता देवी (45) को मृत घोषित कर दिया। वहीं खानपुर थाना क्षेत्र के आमसौर वार्ड संख्या-2 निवासी गोगनी सहनी उर्फ गुजय सहनी के पुत्र हरेराम सहनी (59) की इलाज के दौरान मौत हो गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ऑन ड्यूटी चिकित्सक डॉ. तुषांत ने बताया कि आमसौर निवासी अरुण सहनी की पत्नी गीता देवी की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद समस्तीपुर सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। अन्य घायलों में पवित्री देवी, फूल शंकर देवी, तेतरी देवी, सुधा देवी, अमेरिका देवी, सीता देवी और ममता देवी शामिल हैं जिनका इलाज विभूतिपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया गया।

# लंच के नाम पर गायब होने वाले कर्मियों की खैर नहीं : मेयर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के मेदिनीनगर नगर निगम कार्यालय में अब अधिकारी और कर्मचारी अपनी मनमर्जी से न तो आ पाएंगे और न ही लंच के नाम पर घंटों गायब रह पाएंगे। निगम की मेयर अरुणा शंकर ने कार्यालय में पदस्थापित सभी अधिकारी और कर्मियों को हर हाल में समय पर दफ्तर आने का कड़ा निर्देश दिया है। मेयर ने साफ तौर पर कहा है कि निगम के कामकाज और कर्मचारियों के रवैये को लेकर आम जनता और पार्षदों द्वारा लगातार शिकायतें मिल रही थीं। शिकायतों में कहा गया था कि दफ्तर से ज्यादातर कर्मचारी गायब रहते हैं और दोपहर में लंच करने का कोई टाइम टेबल ही नहीं है जिसके कारण दूर-दराज से आने वाले लोग दिनभर परेशान



होते रहते हैं। मेयर अरुणा शंकर ने इस अव्यवस्था को दूर करने के लिए सहायक नगर आयुक्त को एक आधिकारिक पत्र लिखा है और इन सभी लापरवाहियों पर जवाब मांगा है। उन्होंने निर्देश दिया है कि अगले दो दिनों के भीतर सभी कर्मचारियों का टेबल नंबर अनिवार्य रूप से निर्धारित किया जाए। इसके साथ ही यह भी साफ-साफ लिखा होना चाहिए कि किस टेबल के कर्मचारी को कौन सा कार्य आवंटित किया गया है ताकि निगम में अपना काम कराने पहुंचने वाले आम नागरिकों को भटकना न पड़े और उन्हें तुरंत सही जानकारी मिल सके। मेदनीनगर के मेयर ने कड़े शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा कि सभी निगम कर्मी अपनी कार्य संस्कृति में सुधार करें अन्यथा जनता के कार्यों में लापरवाही किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अब से सभी कर्मियों के लिए ड्यूटी ऑवर (कार्य अवधि) के दौरान अपने नाम और पद के साथ आई कार्ड पहनना अनिवार्य कर दिया गया है। इसके अलावा कर्मियों के कार्यालय पहुंचने, वापस जाने और दोपहर में लंच करने का एक फिक्स समय निर्धारित करने को कहा गया है। निगम कार्यालय की सुरक्षा और पारदर्शिता को बढ़ाने के लिए मुख्य द्वार पर दो अलग-अलग रजिस्टर रखने का निर्देश दिया गया है। पहले रजिस्टर (आगंतुक रजिस्टर) में दफ्तर आने वाले हर बाहरी व्यक्ति (विजिटर) का नाम, मोबाइल नंबर, उनके काम का विवरण और वे जिस कर्मचारी से मिलने आए हैं उसका नाम व हस्ताक्षर दर्ज किया जाएगा। वहीं दूसरे रजिस्टर (कर्मचारी उपस्थिति रजिस्टर) में कार्य अवधि के दौरान निगम कर्मियों के आने-जाने और उनके फील्ड वर्क की पूरी सूचना दर्ज होगी ताकि वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा औचक निरीक्षण (सरप्राइज चेकिंग) के वक्त इस रिकॉर्ड को देखा जा सके।


# 'पलाश ब्रांड' ने बदली किसानों की तकदीर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** पलाश ब्रांड के तहत झारखण्ड मैंगो मार्केटिंग इनिशिएटिव ने ग्रामीण महिलाओं और किसानों की तकदीर बदल रही है। आज झारखण्ड के आम न केवल देश के बड़े रिटेल चेन पर बल्कि सात समंदर पार अंतरराष्ट्रीय बाजारों में भी अपनी मिठास घोल रहा है। बता दें कि राज्य के करीब 1.86 लाख एकड़ क्षेत्र में आम के बगीचे लहलहा रहे हैं जिससे लगभग 2.15 लाख ग्रामीण परिवारों को सीधे तौर पर स्थायी आजीविका और रोज़गार के अवसर मिले हैं। वर्तमान में लगभग 52,000 एकड़ के बागान पूरी तरह से तुड़ाई के लिए तैयार हैं जिससे इस सीजन में करीब 50,000 मीट्रिक टन आम के उत्पादन का अनुमान है। ग्रामीण महिलाओं की श्रम शक्ति का सम्मान के नारे के साथ ये दीदियां आम के



कलेक्शन, ग्रेडिंग और पैकेजिंग से लेकर उनकी बिक्री और मार्केटिंग की कमान खुद संभाल रही हैं। जेएसएलपीएस द्वारा किसानों को सक्रिय फार्मर प्रोड्यूसर ऑर्गेनाइजेशन्स से जोड़ा गया। गौरतलब है कि चालू वित्तीय वर्ष 2026-27 में राज्य ने निर्यात के क्षेत्र में बड़ी सफलता हासिल की है। सिमडेगा जिले से जेबी एक्सपोर्टर्स के माध्यम से 1,580 किलोग्राम प्रीमियम आम सीधे लंदन (यूके) भेजे गए हैं। वहीं रामगढ़ क्लस्टर से 1,500 मीट्रिक टन से अधिक आम दुबई (यूएई) निर्यात किए गए हैं। इस वैश्विक निर्यात पहल में सिमडेगा, रामगढ़ और पूर्वी सिंहभूम जैसे ज़िले अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। आम की गुणवत्ता और अंतरराष्ट्रीय मानकों को बनाए रखने के लिए आइसीएआर-आरसीइआर, पलांडू द्वारा तकनीकी मार्गदर्शन और क्वालिटी प्रोटोकॉल प्रदान किया जा रहा है। आमों की गुणवत्ता के आधार पर बाजार को तीन श्रेणियों में विभाजित कर सुव्यवस्थित किया गया है ताकि किसानों को अधिकतम लाभ मिल सके। ग्रेड-ए प्रीमियम क्वालिटी के इन आमों को एपीईडीए प्रमाणित निर्यातकों के माध्यम से यूएई, सऊदी अरब और यूके जैसे देशों में निर्यात किया जा रहा है। साथ ही घरेलू बाजार में इन्हें पलाश मार्ट और अपना मार्ट के आउटलेट्स पर 60 रुपये प्रति किलो की दर से सह-ब्रांडेड पैकेट में बेचा जा रहा है।



C M Y K

# नशामुक्त निर्माण की दिशा में पहल, युवाओं ने खेलों के माध्यम से दिया संदेश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** जिले में नशामुक्ति जागरूकता अभियान को जन आंदोलन का स्वरूप देने के उद्देश्य से गुरुवार को गिरिडीह स्टेडियम में क्रॉस कंट्री दौड़ एवं रस्सा कस्सी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उपायुक्त रामनिवास यादव के निदेर्शानुसार आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं और खिलाड़ियों के बीच नशामुक्त जीवनशैली को बढ़ावा देना तथा मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता फैलाना था।



प्रतियोगिता में आवासीय बालक फुटबॉल प्रशिक्षण केन्द्र, डे-बोर्डिंग बैडमिंटन प्रशिक्षण केन्द्र तथा क्रीड़ा किसलय प्रशिक्षण केन्द्र, गिरिडीह के खिलाड़ियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। अंडर-12, अंडर-14 एवं अंडर-17 आयु वर्ग के बालक एवं बालिका खिलाड़ियों ने खेल भावना, अनुशासन और उत्कृष्ट प्रदर्शन का परिचय दिया।क्रॉस कंट्री दौड़ का शुभारंभ जिला खेल पदाधिकारी द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि उपायुक्त के मार्गदर्शन में जिले में नशामुक्ति जागरूकता अभियान को प्रभावी बनाने के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि खेल युवाओं को सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करते हैं और उन्हें नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं दौड़ प्रतियोगिता के बाद आयोजित रस्सा कस्सी प्रतियोगिता में भी खिलाड़ियों ने पूरे उत्साह और जोश के साथ भाग लिया। प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभागियों ने टीम भावना, सामूहिक समन्वय और खेल कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। पूरे आयोजन में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के साथ भाईचारे और अनुशासन का माहौल देखने को मिला इस अवसर पर उपायुक्त रामनिवास यादव ने जिलेवासियों, विशेषकर युवाओं से नशे से दूर रहने और अपने परिवार तथा समाज को भी नशामुक्त बनाने में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की। उन्होंने कहा कि स्वस्थ और जागरूक युवा ही सशक्त समाज एवं विकसित राष्ट्र की आधारशिला होते हैं।कार्यक्रम के सफल आयोजन में प्रशिक्षकों, खेल कर्मियों और संबंधित अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। आयोजन एवं समन्वय में जिला स्तरीय पर्यटन विशेषज्ञ श्री अमन राज ने भी सक्रिय सहयोग प्रदान किया उल्लेखनीय है कि नशामुक्ति जागरूकता अभियान के तहत आगामी दिनों में चित्रकला प्रतियोगिता, निबंध लेखन प्रतियोगिता, योग कार्यक्रम, शपथ ग्रहण समारोह, हस्ताक्षर अभियान समेत विभिन्न जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन गतिविधियों के माध्यम से युवाओं और आम नागरिकों को मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक कर नशामुक्त एवं स्वस्थ समाज के निर्माण का संदेश दिया जाएगा।

# अवैध माइंस पर दूसरी बार एफआईआर फिर भी नहीं थमा खनन का खेल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दो नामजद समेत दो अज्ञात पर मामला दर्ज कार्रवाई की प्रभावशीलता पर उठ रहे सवाल**

**गिरिडीह ।** बेंगाबाद थाना क्षेत्र के साठीबाद में संचालित अवैध पत्थर खनन के खिलाफ जिला खनन विभाग ने लगातार दूसरी बार प्राथमिकी दर्ज कराई है। बावजूद इसके अवैध खनन पर प्रभावी रोक नहीं लग पाने से विभागीय कार्रवाई और उसकी गंभीरता पर सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय स्तर पर यह चर्चा तेज है कि कार्रवाई केवल कागजी प्रक्रिया तक सीमित होकर रह गई है, जबकि जमीनी स्तर पर अवैध खनन का कारोबार पूरी तरह बंद नहीं हो सका है जानकारी के अनुसार, दो दिन पूर्व जिला खनन पदाधिकारी ने साठीबाद स्थित अवैध पत्थर खदान का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान खदान बंद पाई गई, लेकिन जांच और स्थानीय जानकारी के आधार पर बेंगाबाद थाना में कांड संख्या 105/26 दर्ज कराया गया।

प्राथमिकी में सरफराज आलम और ताहिर अंसारी को नामजद अभियुक्त बनाया गया है, जबकि दो अन्य अज्ञात लोगों को भी आरोपी बनाया गया है सूत्रों के मुताबिक निरीक्षण के दौरान एक वाहन भी जब्त किया गया था, हालांकि खनन विभाग की ओर से इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। प्राथमिकी के अनुसार, मौके पर मौजूद ग्रामीणों से पूछताछ में ताहिर अंसारी और सरफराज आलम के नाम सामने आए, जिसके आधार पर दोनों को नामजद किया गया।विस्फोटकों का उल्लेख नहीं, उठ रहे सवाल प्राथमिकी में अवैध खनन से सरकारी राजस्व को नुकसान और सरकारी संपत्ति की क्षति का उल्लेख किया गया है। लेकिन अवैध पत्थर खनन में आमतौर पर उपयोग किए जाने वाले विस्फोटक पदार्थों का कहीं जिक्र नहीं किया गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बड़े पैमाने पर चट्टानों को तोड़ने के लिए विस्फोटकों का इस्तेमाल किए बिना खनन संभव नहीं है। ऐसे में एफआईआर में इस पहलू का उल्लेख नहीं होना कई सवाल खड़े कर रहा है पहले भी दर्ज हो चुकी है एफआईआर यह पहली बार नहीं है जब साठीबाद की इस अवैध माइंस के खिलाफ कार्रवाई की गई हो। इससे पूर्व 2 मई 2026 को भी जिला खनन पदाधिकारी ने बेंगाबाद थाना कांड संख्या 70/26 के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई थी। उस मामले में अज्ञात लोगों को आरोपी बनाया गया था। हालांकि पहली एफआईआर के बाद भी अवैध खनन गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण नहीं हो सका।विभागीय कार्यशैली पर सवाल लगातार दूसरी प्राथमिकी दर्ज होने के बावजूद अवैध खनन का मामला फिर सामने आने से खनन विभाग की कार्यशैली और निगरानी व्यवस्था पर प्रश्नचिह्न लग रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### बेलतू पंचायत में बवाल, वार्ड सदस्य ने दिया इस्तीफा मुखिया और पंचायत सचिव पर उठाए गंभीर सवाल

**केरेडारी/हजारीबाग (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बेलतू पंचायत की राजनीति में उस समय भूचाल आ गया जब वार्ड संख्या-05 के निर्वाचित वार्ड सदस्य संजय कुमार ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। इस्तीफे के साथ उन्होंने पंचायत में संचालित योजनाओं और वित्तीय लेन-देन को लेकर ऐसे सवाल उठाए हैं, जिनसे पूरे पंचायत क्षेत्र में चर्चा तेज हो गई है। प्रखंड निर्वाचन पदाधिकारी को सौंपे गए त्यागपत्र में संजय कुमार ने आरोप लगाया है कि पंचायत में संचालित कुछ योजनाओं में कथित रूप से बढ़ी हुई प्राक्कलन राशि के आधार पर सरकारी धन की निकासी की गई। उन्होंने सोलर जल मीनार और आरसीसी बेंच जैसी योजनाओं का उल्लेख करते हुए इनके खर्च और भुगतान प्रक्रिया पर सवाल खड़े किए हैं। इतना ही नहीं, वार्ड सदस्य ने पंचायत सचिवालय सौंदर्यीकरण मद में प्रतिमाह मिलने वाली ₹15 हजार की राशि का भी हिसाब मांगा है। उनका कहना है कि आज तक इस मद में खर्च की गई राशि का स्पष्ट ब्योरा सदस्यों के समक्ष नहीं रखा गया और जमीन पर भी कोई उल्लेखनीय कार्य दिखाई नहीं देता। त्यागपत्र में संजय कुमार ने लिखा है कि उन्होंने कई बार मुखिया और पंचायत सचिव के समक्ष अपनी आपत्तियां रखीं, लेकिन कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला। उन्होंने कहा कि एक ईमानदार और शिक्षित जनप्रतिनिधि होने के नाते ऐसी परिस्थितियों में पद पर बने रहना उनके लिए नैतिक रूप से संभव नहीं रह गया था। वार्ड सदस्य के इस्तीफे ने पंचायत प्रशासन पर कई सवाल खड़े कर दिए हैं। क्या वास्तव में योजनाओं में अनियमितताएं हुई हैं? सौंदर्यीकरण मद की राशि कहां खर्च हुई? और यदि सब कुछ नियमों के तहत हुआ तो फिर एक निर्वाचित जनप्रतिनिधि को इस्तीफा देने की नौबत क्यों आई?

### हैदरनगर के आदित्य रेस्टोरेंट पर एसडीएम की छापेमारी, अनैतिक गतिविधियों की शिकायत पर कार्रवाई

**हैदरनगर/पलामू (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जपला-हैदरनगर मुख्य मार्ग स्थित आदित्य रेस्टोरेंट में गुरुवार को प्रशासन की अचानक हुई छापेमारी से इलाके में हड़कंप मच गया। हुसैनाबाद के अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीएम) समीर अल्फ्रेड मुर्मू के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई के दौरान रेस्टोरेंट के अलग-अलग कमरों से दो युवक और दो युवतियां मिलीं। सभी को पूछताछ के लिए हैदरनगर पुलिस के हवाले कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार, जन समाधान कार्यक्रम के दौरान प्रशासन को शिकायत मिली थी कि उक्त रेस्टोरेंट में कथित रूप से अनैतिक गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। शिकायत की गंभीरता को देखते हुए एसडीएम ने प्रशासनिक टीम के साथ अचानक छापेमारी की।एसडीएम समीर अल्फ्रेड मुर्मू ने बताया कि जांच के दौरान रेस्टोरेंट के कमरों से दो युवक और दो युवतियां मिलीं। सभी बालिग हैं और उनसे पूछताछ की जा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि फिलहाल किसी भी अवैध गतिविधि की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि मामले की गहन जांच की जा रही है। यदि जांच में अनैतिक देह व्यापार या अन्य अवैध गतिविधियों से जुड़े साक्ष्य मिलते हैं, तो संबंधित व्यक्तियों और प्रतिष्ठान संचालकों के विरुद्ध नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी।प्रशासन रेस्टोरेंट के संचालन से जुड़े दस्तावेज, आगंतुक रजिस्टर, कमरों के उपयोग से संबंधित रिकॉर्ड तथा अन्य आवश्यक अभिलेखों की भी जांच कर रहा है। छापेमारी की सूचना फैलते ही क्षेत्र में चर्चा का माहौल गर्म हो गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि मुख्य सड़क किनारे संचालित इस प्रतिष्ठान को लेकर पूर्व में भी कई तरह की शिकायतें सामने आती रही हैं। हालांकि प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जांच पूरी होने के बाद ही तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### महापौर ने जिला फुटबॉल एकेडमी का किया उद्घाटन

**कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** कोशी रेलवे फुटबाल मैदान में जिला का पहला फुटबॉल एकेडमी का विधिवत उद्घाटन मुख्य अतिथि श्रीमती उषा देवी अग्रवाल महापौर सह अध्यक्ष महिला फुटबाल संघ ने फीता काटकर किया। मुख्य अतिथि शिवप्रकाश गारोदिया अध्यक्ष जिला फुटबाल संघ द्वारा नारियल फोड़कर शुभकामनाएं दी गई। साथ में जिला फुटबाल संघ के सचिव दिलीप कुमार साह, उपाध्यक्ष जेपी शर्मा, संघ का कोषाध्यक्ष उदय साधुखॉन, जिला फुटबाल एकेडमी के सचिव अमित कुमार एवं एकेडमी के कोच शुभम कुमार उर्फ राजा,गोपाल कुमार सिंह उपस्थित रहे। कोच शुभम कुमार राजा एवं गोपाल सिंह ने एकेडमी के बच्चों को एकेडमी के नियम और शर्तें को समझाया। एकेडमी के डायरेक्टर दिलीप कुमार साह उर्फ भोला ने बताया कि अच्छे फुटबाल खिलाड़ीयों को विशेष छूट दी जाएगी। सचिव अमित कुमार ने बताया कि दूरदराज और ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को खेल के साथ साथ अच्छी पढाई हो उसके लिए मान्यता प्राप्त विद्यालय में पढ़ाई-लिखाई के साथ रहने के लिए हॉस्टल का भी सुविधा दी जाएगी। उद्घाटन में एकेडमी के बच्चों का फुटबाल टीम और कहुनिया आदिवासी फुटबाल टीम के बीच मुकाबला हुआ जिसमें एकेडमी के बच्चों ने एक गोल जीत दर्ज किया। रेफरी के भुमिका में संजय कुमार (बिहार पैनल रेफरी लाइंस मैन में सुनिल मुर्मू बिहार पैनल रेफरी शुभास कुमार चौथे रेफरी में विशेक शर्मा विजेता टीम एवं उपविजेता टीम को उदय साधुखॉ,जेपी शर्मा एवं दिलीप कुमार साह अमित कुमार शुभम कुमार राजा गोपाल सिंह कविशेक राम कुमार सिन्हा एवं एकेडमी के सभी सम्मानित सदस्यों द्वारा पुरस्कृत किया गया।

### अंतर्राष्ट्रीय-विधिवेता और महान हिन्दी-सेवी थे साँवलिया बिहारी लाल वर्मा

**पटना (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** अर्थ-शास्त्र, इतिहास और अन्तर्राष्ट्रीय विधि के यशस्वी विद्वान तथा स्तुत्य हिन्दी-सेवी साँवलिया बिहारी लाल वर्मा भारत के एक ऐसे आदरणीय महापुरुष थे, जिन्होंने अपना संपूर्ण जीवन देश और समाज को समर्पित कर दिया था और अनेक आयामों से राष्ट्र और राष्ट्रभाषा की सेवा की। उनका दिव्य और आकर्षक व्यक्तित्व बहुआयामी था। उन्होंने समाजोपयोगी अनेक क्षेत्रों में अपना महनीय अवदान दिया। वे एक महान स्वतंत्रता-सेनानी, राष्ट्र-भाषा हिन्दी के महान पक्षधर, स्तुत्य शिक्षाविद, प्राध्यापक तथा साहित्यिक, सांस्कृतिक, शैक्षणिक संस्थाओं के संस्थापक-पोषक और परोपकारी साधु-पुरुष थे। वे तिरहुत स्नातक-निर्वाचन क्षेत्र से बिहार विधान परिषद के लिए निर्वाचित प्रथम सदस्य भी थे। यह बातें गुरुवार को, साँवलिया जी की 131वीं जयंती पर, बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन में आयोजित समारोह की अध्यक्षता करते हुए, सम्मेलन अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने कही।

# विपिन चंद विश्वास ने संभाला अंचल अधिकारी का पदभार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**केरेडारी (हजारीबाग)।** केरेडारी अंचल को नया अंचल अधिकारी मिल गया है। नवपदस्थापित अंचल अधिकारी विपिन चंद विश्वास ने मंगलवार को औपचारिक रूप से अपना पदभार ग्रहण कर लिया। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रभारी अंचल अधिकारी विवेक कुमार ने उन्हें पदभार सौंपा। पदभार ग्रहण समारोह के दौरान अंचल कार्यालय का माहौल उत्साहपूर्ण रहा।




अंचल कर्मियों ने नवागत अंचल अधिकारी का गर्मजोशी से स्वागत करते हुए उन्हें गुलदस्ता भेंट किया और नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर अंचल कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने उम्मीद जताई कि नए अंचल अधिकारी के नेतृत्व में अंचल क्षेत्र के राजस्व, भूमि एवं जनहित से जुड़े कार्यों में और अधिक गति आएगी तथा आम लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित होगा। पदभार ग्रहण करने के बाद विपिन चंद विश्वास ने कार्यालय के कार्यों की जानकारी ली और कर्मियों के साथ परिचयात्मक बैठक भी की। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करना, राजस्व प्रशासन को सुदृढ़ बनाना तथा जनता की समस्याओं का समयबद्ध निष्पादन उनकी प्राथमिकता होगी। नए अंचल अधिकारी के आगमन से क्षेत्र के लोगों में बेहतर प्रशासनिक कार्यशैली और जनसरोकारों से जुड़े मामलों के शीघ्र निष्पादन की उम्मीद जगी है ।

# झारखंड राज्यसभा चुनाव परिणाम पर कांग्रेस नेता धनंजय कुमार सिंह की तीखी प्रतिक्रिया

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** झारखंड राज्यसभा चुनाव के परिणाम पर कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं प्रदेश सचिव धनंजय कुमार सिंह ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भारतीय जनता पार्टी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा ने झारखंड को "चारागाह" की तरह इस्तेमाल किया है और बाहरी उम्मीदवार को लाकर हॉर्स ट्रेडिंग के माध्यम से राज्य की राजनीति को प्रभावित किया है धनंजय कुमार सिंह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी चुनावी हार को स्वीकार करती है, लेकिन पार्टी के सभी 16 विधायकों ने एकजुट होकर कांग्रेस समर्थित उम्मीदवार प्रणव झा के पक्ष में मतदान किया। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि भाजपा के पास 24 विधायक हैं, ऐसे में उसे अतिरिक्त चार वोट कहां से मिले, यह जांच का विषय है उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव के दौरान बड़ा राजनीतिक खेल हुआ है, जिसका प्रभाव आने वाले विधानसभा चुनावों में देखने को मिलेगा। उन्होंने कहा कि इस पूरे मामले को लेकर कांग्रेस नेतृत्व गंभीरता से विचार करेगा और आगे की रणनीति पार्टी के शीर्ष नेतृत्व द्वारा तय की जाएगी कांग्रेस नेता ने विश्वास जताया कि जनता इस घटनाक्रम को देख रही है और भविष्य में इसका राजनीतिक जवाब अवश्य देगी।

# उपायुक्त ने खरछ्ढर द्वारा क्रियान्वित योजनाओं की समीक्षा की

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)।** जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त श्री दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने गुरुवार को समाहरणालय सभागार में झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (खरछ्ढर) द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में स्वयं सहायता समूहों के गठन, वित्तीय समावेशन, कृषि एवं पशुपालन आधारित आजीविका, गैर-कृषि उद्यम, सामाजिक समावेशन तथा बीमा एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की अद्यतन स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई। इस दौरान उपायुक्त ने स्वयं सहायता समूहों के गठन एवं महिलाओं के जुड़ाव के निर्धारित लक्ष्यों को समयबद्ध रूप से पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण महिलाओं को स्वरोजगार एवं आय वृद्धि के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के लिए आजीविका आधारित योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। वित्तीय समावेशन की समीक्षा करते हुए उपायुक्त श्री शेखावत ने सभी पात्र स्वयं सहायता समूहों का बैंक लिंकेज सुनिश्चित करने तथा मुद्रा ऋण, बीमा योजनाओं एवं अन्य वित्तीय सुविधाओं से अधिकाधिक लाभुकों को जोड़ने का निर्देश दिया। उन्होंने बीमा दावों के त्वरित निष्पादन पर विशेष जोर देते हुए संबंधित पदाधिकारियों को लंबित मामलों का शीघ्र निपटारा करने की बात कही। बैठक में कृषि, पशुपालन, किसान उत्पादक संगठनों, एकीकृत कृषि क्लस्टर, महिला उद्यमिता, स्वरोजगार तथा सामाजिक समावेशन से संबंधित योजनाओं की प्रगति की भी समीक्षा की गयी। उपायुक्त ने निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप कार्यों में तेजी लाने तथा लाभुकों तक योजनाओं का लाभ प्रभावी ढंग से पहुंचाने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि खरछ्ढर की योजनाएं ग्रामीण महिलाओं के आर्थिक एवं सामाजिक सशक्तिकरण का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। उन्होंने पदाधिकारियों को नियमित मॉनिटरिंग एवं साप्ताहिक समीक्षा के माध्यम से योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में जेएसएलपीएस के विभिन्न बीपीएम उपस्थित रहे।




# खंडोली मोड़ पर चला ड्रिंक एंड ड्राइव रोको अभियान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह ।** सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के पालन को सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन ने गुरुवार को खंडोली मोड़ के समीप विशेष वाहन जांच अभियान चलाया। उपायुक्त रामनिवास यादव के निर्देश पर जिला परिवहन विभाग, यातायात पुलिस और स्थानीय प्रशासन की संयुक्त टीम ने ड्रिंक एंड ड्राइव समेत विभिन्न यातायात नियमों की जांच की।अभियान के दौरान कुल 86 वाहनों का चालान किया गया और विभिन्न नियमों के उल्लंघन के मामलों में ₹1 लाख 23 हजार का ऑनलाइन जुमार्ना वसूला गया। जांच के दौरान वाहन चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन के कागजात, हेलमेट और सीट बेल्ट के उपयोग की जांच की गई। साथ ही ब्रेथ एनालाइजर मशीन से ड्रिंक एंड ड्राइव टेस्ट भी किया गया जिला परिवहन पदाधिकारी संतोष कुमार ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए इस तरह के अभियान आगे भी लगातार चलाए जाएंगे। उन्होंने वाहन चालकों से हेलमेट और सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करने तथा नशे की हालत में वाहन नहीं चलाने की अपील की अभियान में डीएसपी ट्रैफिक, ट्रैफिक इंस्पेक्टर, ट्रैफिक ओसी बेंगाबाद, मोटर वाहन निरीक्षक (एमवीआई) सहित कई अधिकारी और पुलिसकर्मी मौजूद रहे। प्रशासन ने आम लोगों से यातायात नियमों का पालन कर सुरक्षित यातायात व्यवस्था को मजबूत बनाने में सहयोग करने की अपील की।



# अपराध नियंत्रण को लेकर जमुआ पुलिस अलर्ट, चलाया सघन वाहन जांच अभियान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह ।** जमुआ क्षेत्र में अपराध नियंत्रण और सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के उद्देश्य से जमुआ थाना पुलिस ने गुरुवार शाम जमुआ-देवघर मुख्य मार्ग स्थित खरगडीहा गौशाला के समीप सघन एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाया। पुलिस की इस कार्रवाई से वाहन चालकों और असामाजिक तत्वों में हड़कंप की स्थिति देखी गई वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर चलाए गए इस विशेष अभियान का नेतृत्व जमुआ थाना के सहायक अवर निरीक्षक (एएसआई) रसुमित कुमार ने किया। अभियान में सशस्त्र बल के जवान भी शामिल रहे।

पुलिस टीम ने मार्ग से गुजरने वाले दोपहिया एवं चारपहिया वाहनों को रोककर उनकी गहन जांच की जांच के दौरान वाहनों की डिक्की, आवश्यक दस्तावेजों तथा संदिग्ध वस्तुओं की बारीकी से तलाशी ली गई। साथ ही संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान कर उनसे पूछताछ भी की गई। पुलिस की इस कार्रवाई के दौरान पूरे क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष सतर्कता बरती गई।पुलिस पदाधिकारियों ने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना, अवैध हथियारों और मादक पदार्थों की तस्करी पर रोक लगाना तथा आम नागरिकों में सुरक्षा की भावना को मजबूत करना है जमुआ थाना पुलिस ने स्पष्ट किया कि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और अपराधियों पर नकेल कसने के लिए इस प्रकार के वाहन जांच एवं नाकेबंदी अभियान आगे भी नियमित रूप से जारी रहेंगे। पुलिस ने आम लोगों से भी सहयोग करने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की है।

# उपायुक्त मो. जावेद हुसैन की अध्यक्षता में जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**खूंटी ।** समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त मो० जावेद हुसैन की अध्यक्षता में जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। बैठक में गत अवधि के दौरान जिले में खनिज पदार्थों के अवैध खनन एवं अवैध परिवहन की रोकथाम को लेकर की गई कार्रवाई की समीक्षा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए गए।



बैठक में उपायुक्त द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी अंचल अधिकारी एवं थाना प्रभारी अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित निरीक्षण करें तथा अवैध खनन स्थलों को चिन्हित कर संयुक्त रूप से कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जिला खनन टास्क फोर्स टीम आपसी समन्वय स्थापित करते हुए अवैध खनन एवं परिवहन के मार्गों पर विशेष निगरानी रखे। उपायुक्त ने जिला खनन पदाधिकारी को अंचल अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों के साथ समन्वय स्थापित कर नियमित छापामारी अभियान चलाने का निर्देश दिया। साथ ही बालू समेत अन्य की अवैध खनन, अवैध भंडारण एवं अवैध परिवहन में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कड़ी एवं विधिसम्मत कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि जिले में अवैध खनन एवं अवैध परिवहन पर पूर्णतया रोक लगाने हेतु प्रभावी कार्रवाई की जाए। उपायुक्त ने कहा कि वर्तमान में बालू घाट पूर्णतया बंद है, ऐसे में यह सुनिश्चित किया जाए कि बालू घाटों से किसी भी परिस्थिति में खनन, भंडारण या परिवहन न हो। बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री ऋषभ गर्ग ने सभी थाना प्रभारियों को क्षेत्र में सक्रिय रहते हुए नियमित जांच अभियान चलाने, संदिग्ध गतिविधियों पर निगरानी रखने एवं अवैध खनन एवं परिवहन के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी श्री दिलीप कुमार यादव, अनुमंडल पदाधिकारी श्रीमती दीपेश कुमारी, अपर समाहर्ता श्रीमती सुषमा लकड़ा, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, जिला खनन पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, प्रभारी पदाधिकारी सामान्य शाखा, सभी थाना प्रभारी एवं सभी अंचल अधिकारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

### उपायुक्त की अध्यक्षता में कारा सुरक्षा समिति की बैठक

उपायुक्त मो० जावेद हुसैन की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में कारा सुरक्षा समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जेल की सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने एवं परिसर में अनुशासन सुनिश्चित करने पर विस्तृत चर्चा हुई। उपायुक्त ने उप-कारा, खूंटी में लगाए गए सुरक्षा उपकरणों, जैसे सीसीटीवी कैमरा एवं अन्य यांत्रिक उपकरणों की कार्यप्रणाली की समीक्षा की और इनके सुचारु संचालन हेतु आवश्यक निर्देश दिए। ताकि किसी भी प्रकार की सुरक्षा चूक की संभावना न रहे। जेल में सभी कैदियों को मेनू अनुसार भोजन एवं स्टॉक पंजी के नियमित रूप से संधारण के निर्देश दिए गए। रात्रि के समय चिकित्सा उपचार हेतु चिकित्सक की प्रतिनियुक्ति को लेकर आवश्यक निर्देश दिए गए।

# प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना के सफल क्रियान्वयन के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली**। प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना के सफल क्रियान्वयन के उपलक्ष्य में श्रम एवं रोजगार मंत्रालय द्वारा 19 जून 2026 को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में प्रधानमंत्री की गरिमामयी उपस्थिति में एक राष्ट्रीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के दौरान माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के माध्यम से लाभार्थियों को लगभग 2,400 करोड़ की प्रोत्साहन राशि वितरित की जाएगी। यह प्रोत्साहन वितरण देश में 15 लाख से अधिक अतिरिक्त रोजगार अवसरों को सहयोग प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम होगा। नई दिल्ली में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में नियोक्ता एवं कर्मचारी लाभार्थियों सहित लगभग 1,200 आमंत्रित अतिथियों के भाग लेने की संभावना है। प्रधानमंत्री देश के विभिन्न क्षेत्रों से आए लाभार्थियों के साथ संवाद भी करेंगे। इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दूरदर्शन पर किया जाएगा। इस अवसर पर केंद्रीय श्रम एवं रोजगार तथा युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया तथा श्रम एवं रोजगार राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे सहित श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहेंगे। देशव्यापी जन-संपर्क अभियान के अंतर्गत देशभर में 200 स्थानों पर क्षेत्रीय कार्यक्रमों का एक आयोजन किया जाएगा। इन कार्यक्रमों में 2 राज्यपाल, 5 मुख्यमंत्री, 12 केंद्रीय मंत्री, 1 उपमुख्यमंत्री, 13 श्रम मंत्री, 39 राज्य मंत्री, 59 सांसद, 56 विधायक एवं 2 महापौर सहित अनेक जनप्रतिनिधि गणमान्य व्यक्तियों की सहभागिता प्रस्तावित है। विज्ञान के मुख्य कार्यक्रम की कार्यवाही का सीधा प्रसारण सभी क्षेत्रीय कार्यक्रम स्थलों पर किया जाएगा। देशभर में आयोजित इन कार्यक्रमों में लगभग 65,000 से 70,000 प्रतिभागियों के शामिल होने का अनुमान है, जिनमें लगभग 9,000 नियोक्ता प्रतिनिधि एवं लगभग 45,000 कर्मचारी शामिल होंगे।

**रक्षा राज्य मंत्री कार्यक्रम में होंगे शामिल**

कार्यक्रम का आयोजन शौर्य सभागार, जेएपी-1, डोरंडा, रांची में किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारत सरकार के रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ होंगे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों के रूप में झारखंड के विधायक नवीन जायसवाल, जितेन्द्र कुमार सिंह, भा.प्र.से., सचिव, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखंड सरकार, संदीप सिंह, भा.प्र.से., श्रम आयुक्त, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखंड सरकार, श्याम सुंदर प्रसाद, उप महानिदेशक, डी.जी.एम.एस., रांची क्षेत्र, सुमित, उप मुख्य श्रम आयुक्त, धनबाद, नयन माणिक त्रिपुरा, क्षेत्रीय श्रम आयुक्त (केंद्रीय), रांची तथा शिवेन्द्र कुमार, क्षेत्रीय निदेशक, कर्मचारी राज्य बीमा निगम, क्षेत्रीय कार्यालय, रांची उपस्थित रहेंगे।

**प्रतिभागियों का विवरण** : 19 जून 2026 को रांची के उपरोक्त स्थानीय कार्यक्रम स्थल पर लगभग 400 नियोक्ता, कर्मचारी, हितधारक एवं लाभार्थी भाग लेंगे।

## दुष्कर्म कर जानलेवा हमला करने के आरोपित को 10 वर्ष की कारावास

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)**। पलामू जिला व्यवहार न्यायालय के जिला व अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश द्वितीय प्रतीक चतुर्वेदी की अदालत ने सत्र वाद संख्या 403/2012के आरोपी संतोष कुमार सिंह को 10 वर्ष कठोर कारावास की सजा व 75 हजार रुपये जुर्माना लगाया है। जुर्माना की राशि नहीं देने पर तीन वर्ष साधारण कारावास की सजा भुगतनी होगी। इस संबंध में चैनपुर थाना के कश्यप मोहल्ला निवासी इंद्रदेव प्रसाद सोनी ने संतोष कुमार सिंह के विरुद्ध चैनपुर थाना में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराया था। अदालत ने साक्ष्य के आधार पर दोषी पाते हुए चैनपुर निवासी संतोष कुमार सिंह को 10 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। अभियोजन की ओर से अपर लोक अभियोजक अभय पांडेय ने पक्ष रखा।

# पलामू उपायुक्त और आम आदमी पार्टी के जोनल पर्यवेक्षक के बीच हुई सकारात्मक बातचीत

## जनसमस्याओं को खत्म करने की कर रहे हैं कोशिश : कौशल किशोर बच्चन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)**। जहां पलामू के जनप्रतिनिधि विधायक और सांसद चुपी साधे हुए हैं पलामू में अनियमितता के खिलाफ मुंह बंद किए हुए हैं। वही पलामू उपायुक्त पलामू की समस्याओं को समाधान करने की अथक प्रयास कर रहे हैं कल शाम पलामू उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत से मुलाकात कर पलामू की समस्याओं पर जो चर्चा हुई वो पलामू की हकीकत को बया किया। उन्होंने बातचीत के दौरान यह भी कहा कि मैं पलामू की पहला दौरा पांकी से ही किया हूं और मैंने भी पांकी विधानसभा की समस्याओं पर विशेष ध्यान आकर्षित कराया। पलामू वासियों को एकजुट होकर यहां की समस्याओं से लड़ना होगा जनप्रतिनिधियों के भरोसे रहने से कुछ हासिल नहीं होगा अपने हक की लड़ाई खुद ही लड़ना पड़ेगा। पलामू के सांसद विधायक गूंगे हो चुके हैं वे यहां की समस्याओं पर बोल नहीं पाएंगे शिक्षा- स्वास्थ्य पर कोई चर्चा नहीं करेगा पानी पलायन पर कोई आवाज नहीं उठाएगा । जनता समस्याओं से घिरे रहेंगे और जनप्रतिनिधि ऐ सी का हवा लेते रहेंगे। मैंने पांकी विधानसभा की लचर स्वास्थ्य व्यवस्था की सुधार पर चर्चा की। आसेहार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर और इलाज की व्यवस्था एवं प्रत्येक प्रखंड में 5-5 एम्बुलेंस की व्यवस्था की बात रखी। अखबार के माध्यम से पता चला कि पलामू में 1.25 लाख की आबादी पर मात्र एक ही एम्बुलेंस है। ऐसे में घायल लोग अस्पताल तक कैसे पहुच पाएंगे अक्सर सड़क दुर्घटना में या किसी भी तरह की दुर्घटनाओं में घायल लोग निजी गाड़ी का इस्तेमाल कर किसी तरह अस्पताल पहुच पाते हैं। खास कर सुदूरवर्ती क्षेत्र के लोग जहां सड़क खराब के साथ-साथ निजी वाहन भी जल्दी उपलब्ध नहीं हो पाता है। उचित इलाज के 40-50 किलो मी०से भी ज्यादा दूरी तय करना पड़ता है वैसे में अधिकांश मरीज़ रास्ते में ही दम तोड़ देते हैं। आम आदमी के लिए कोई सिस्टम सही नहीं है सारा सिस्टम ही खराब है। झारखंड सरकार को सभी सिस्टम में सुधार करने की जरूरत है।

## ताड़ी चोरी करने आए बदमाशों से पीड़ित ने छिना देसी कट्टा

**औरंगाबाद**। देवकुंड पुलिस ने एक अवैध देसी कट्टा बरामद किया है। इस संबध में थाना क्षेत्र के महादेव बिगहा निवासी राजकुमार चौधरी ने थाने में अज्ञात लोगों के खिलाफ़ लिखित आवेदन दिया है जिसमें बताया कि देर रात करीब आठ की संख्या में लोग ताड़ी चोरी करने आए थे। उस समय हमलोग दो लोग थे। विरोध करने पर अपराध कर्मियों ने मारपीट किया तथा देसी कट्टा से फायरिग किया जिसनें गोली हमारे घुटने के ऊपर से होकर निकल गई। इस दौरान मामूली जख्म आया है। हालांकि घटना में अपराध कर्मियों का एक देसी कट्टा छीन लिया और शोर मचाया तो सभी मौके से फरार हो गए। थानाध्यक्ष निरंजन सिह ने बताया कि देर रात ताड़ी चोरी के आरोप में कुछ लोगों से एक व्यक्ति के साथ मारपीट तथा फायरिग का मामला सामने आया है। मामले में वादी ने आरोपियों से देसी कट्टा बरामद कर पुलिस को सुपुर्द किया है। घटना की जांच पड़ताल की जा रही है। आगे की कार्रवाई की जाएंगी।

# कौआकोल हत्या कांड का खुलासा, भाई निकला बहन का हत्यारा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। नवादा पुलिस ने महज एक सप्ताह के भीतर एक जघन्य और सुरागहीन हत्या कांड का खुलासा करते हुए मुख्य अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। कोआकोल थाना क्षेत्र के ताराकोल डैम में मिली युवती की लाश के मामले में पुलिस ने मृतका के सगे भाई को गिरफ्तार किया है। पुलिस की इस कार्रवाई से जिले में सनसनी फैल गई है। पुलिस अधीक्षक के अनुसार 11 जून 2026 को कोआकोल थाना क्षेत्र स्थित ताराकोल डैम से एक अज्ञात युवती का शव बरामद हुआ था। सूचना मिलते ही पुलिस और एफएसएल टीम मौके पर पहुंची तथा वैज्ञानिक तरीके से साक्ष्य जुटाए गए। बाद में शव की पहचान 21 वर्षीय दिव्या कुमारी, पिता अशोक कुमार, निवासी रेवतर, थाना गिरियक, जिला नालंदा




के रूप में हुई। मामले में कोआकोल थाना कांड संख्या 303/26 दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एसडीपीओ पकरीबरावां के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। तकनीकी अनुसंधान, मानव खुफिया तंत्र और लगातार छापेमारी के आधार पर पुलिस ने 18 जून को मृतका के भाई मनीष कुमार को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में सामने आया कि दिव्या कुमारी ने प्रेम-प्रसंग के चलते पानीपत में विवाह कर लिया था। इसी बात को लेकर परिवार में लंबे समय से विवाद चल रहा था। पुलिस के अनुसार इसी रंजिश और पारिवारिक तनाव के कारण हत्या की साजिश रची गई। पूछताछ के दौरान मनीष कुमार ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। वहीं मामले में शामिल अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। इस दौरान पुलिस ने एक अन्य कार्रवाई में कृष्णा देव प्रसाद के घर की तलाशी ली, जहां से एक देशी कट्टा (थर्नेट) और तीन जिंदा कारतूस बरामद किए गए। इस संबंध में आर्म्स एक्ट के तहत अलग मामला दर्ज किया गया है। नवादा पुलिस की इस त्वरित और प्रभावी कार्रवाई ने एक चुनौतीपूर्ण एवं सुरागहीन हत्या कांड का सफलतापूर्वक पर्दाफाश कर दिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले के अन्य पहलुओं की जांच जारी है तथा जल्द ही शेष आरोपियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाएगी।

# नेस्ले इंडिया ने सर्व सेफ फूड प्रोजेक्ट का किया विस्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची**। नेस्ले इंडिया ने राज्य में प्रोजेक्ट **'सर्व सेफ फूड'** का विस्तार करने के लिए फूड सेफ्टी, झारखंड और नेशनल एसोसिएशन ऑफ स्ट्रीट वेंडर्स ऑफ इंडिया के साथ सहयोग किया है। इस परियोजना के तहत, नेशनल एसोसिएशन ऑफ स्ट्रीट वेंडर्स ऑफ इंडिया रांची, धनबाद, बोकारो, हजारीबाग और टाटा में एक हजार स्ट्रीट फूड विक्रेताओं को प्रशिक्षण देगा, जिससे राज्य में प्रशिक्षित स्ट्रीट फूड विक्रेताओं की कुल संख्या 5600 से अधिक हो जाएगी। प्रोजेक्ट सर्व सेफ फूड के तहत अब तक 27 राज्यों और 4 केंद्र शासित प्रदेशों के 120000 से अधिक स्ट्रीट फूड विक्रेताओं को स्वास्थ्य, स्वच्छता, सुरक्षित खाद्य प्रबंधन, कचरा निपटान और उद्यमिता के बारे में प्रशिक्षण देकर लाभ पहुंचाया गया है। कार्यक्रम में उपस्थित अतिरिक्त चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अमरेंद्र प्रसाद कहा कि अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से लेकर यहां के लोगों की गर्मजोशी और जीवंतता तक, झारखंड आगंतुकों को एक अनूठा अनुभव प्रदान करता है। स्ट्रीट फूड इस संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है और हम इसे और मजबूत बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। नेस्ले इंडिया में स्थिरता और सामाजिक पहलों के प्रमुख कुंवर हिम्मत सिंह ने कहा कि नेस्ले इंडिया में हम केवल अपने उत्पादों तक सीमित न रहकर पूरे देश में खाद्य सुरक्षा मानकों को बेहतर बनाने का प्रयास करते हैं। प्रोजेक्ट सर्व सेफ फूड के माध्यम से हम स्ट्रीट फूड विक्रेताओं को स्वच्छता और खाद्य सुरक्षा से जुड़े व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करते हैं, जिससे उनके कौशल और जागरूकता

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना संख्या: ईएल/एचडब्ल्यूएच/25/21(नोटिस)/764, दिनांक: 17.06.2026।** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित विद्युतीय कार्यों के लिए खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **क्रम संख्या:** 1। **निविदा सं.: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3526-आर। कार्य का नाम:** कोन्नगर, रिसड़ा, श्रीरामपुर एवं सेवड़ाफुली नामक 04 एनजीटी नामांकित स्टेशनों के लिए 40 केएलडी क्षमता के सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) कम रीसाइक्लिंग प्लांट का 02 वर्षों के लिए स्थापना एवं शुरुआत तथा परिचालन एवं रखरखाव के सम्बन्ध में विद्युतीय साधारण कार्य। **निविदा मूल्य:** ₹ 11,95,742। **बोली प्रतिभूति (बयाना राशि जमा):** ₹ 23,900। **क्रम संख्या:** 2। **निविदा सं.: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3557। कार्य का नाम:** डानकुनी में प्लेटफॉर्म सतह, टीटीई विश्रामालय आदि का सुधार तथा प्लेटफॉर्मों के बीच सेंट्रल ड्रेन की मरम्मत एवं निर्माण, अन्य आनुषंगिक कार्य के सम्बन्ध में विद्युतीय (साधारण) कार्य। **निविदा मूल्य:** ₹ 12,93,842। **बोली प्रतिभूति (बयाना राशि जमा):** ₹ 25,900। **पूरा करने की अवधि:** 180 दिन (क्रम संख्या 1 एवं 2 प्रत्येक के लिए)। **निविदा बंद होने की तारीख और समय:** 29.06.2026 को अपराह्न 3.00 बजे(क्रम संख्या 1 एवं 2 प्रत्येक के लिए)। निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित बंद होने की तारीख को किसी कारणवश छुट्टी/बंद/हड़ताल घोषित होने पर ऑनलाइन निविदा के बंद होने की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं किया जायेगा क्योंकि आईआरईपीएस वेबसाइट में आवेदन निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि, ऑनलाइन निविदा को निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के बाद किसी भी सुविधाजनक दिन में खोला जाएगा। निविदा का सम्पूर्ण विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदादाताओं से अनुरोध है कि वे उपर्युक्त वेबसाइट पर अपने प्रस्ताव ऑनलाइन जमा करें।

(HWH-164/2026-27)

निविदा सूचना वेबसाइट:www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## डिग्री कॉलेज की मांग को लेकर चल रहा आंदोलन हुआ हिंसक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नगरनौसा**। नालंदा जिले के नगरनौसा में डिग्री कॉलेज की मांग को लेकर चल रहा आंदोलन गुरुवार को हिंसक हो गया। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर जमकर पथराव किया, जिसमें कई पुलिसकर्मी घायल हो गए। वहीं कुछ सरकारी वाहनों को भी नुकसान पहुंचाया गया। घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल है और भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है। नगरनौसा थाना क्षेत्र में डिग्री कॉलेज की स्थापना की मांग को लेकर छात्र और स्थानीय लोग सड़क पर उतरे थे। प्रदर्शन के दौरान अचानक माहौल बिगड़ गया और कुछ लोगों ने पुलिस पर पथराव शुरू कर दिया। पथराव में कई पुलिस जवान घायल हो गए, जिनका इलाज अस्पताल में चल रहा है। उपद्रवियों ने कुछ वाहनों को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पहले से पुलिस बल तैनात था और ड्रोन कैमरे से पूरे इलाके की निगरानी की जा रही थी। बावजूद इसके प्रदर्शन उग्र हो गया। सूचना मिलते ही हिलसा के एएसपी शैलजा कुमारी और एसडीएम अमित कुमार पटेल मौके पर पहुंचे और हालात का जायजा लिया। प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए करीब एक दर्जन लोगों को हिरासत में लिया है। पुलिस उपद्रवियों की पहचान कर आगे की कानूनी कार्रवाई में जुटी हुई है। घटना के बाद नगरनौसा बाजार, चौक-चौराहों और प्रमुख सड़कों पर फ्लैग मार्च भी किया गया। फिलहाल यातायात व्यवस्था बहाल कर दी गई है और स्थिति नियंत्रण में बताई जा रही है। अभी तक इस मामले में 48 लोगों को गिरफ्तार किया जा चूका है। फिलहाल पूरे इलाके को छावनी में तब्दील कर दी गई है। इस दौरान नालंदा जिलाधिकारी, एसपी, डीएसपी,सहित दर्जनों थाना के थानाध्यक्ष प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचला अधिकारी सहित शस्त्र बल मौजूद थे।

# वैश्य समाज की प्रखंड स्तरीय कमेटी गठित, दिलीप गुप्ता बनें अध्यक्ष



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)**। वैश्य समाज की प्रखंड स्तरीय बैठक गुरुवार को अंबा में आयोजित की गई। बैठक में प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों और मोहल्लों से बड़ी संख्या में समाज के लोगों ने भाग लिया। इस दौरान सामाजिक एकता, संगठन विस्तार, युवाओं की भागीदारी और समाजहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से वैश्य समाज की नई प्रखंड स्तरीय कमेटी का गठन किया गया। कमेटी में दिलीप गुप्ता को अध्यक्ष, कंचन गुप्ता को सचिव, विनय गुप्ता एवं विशाल गुप्ता को उपाध्यक्ष, उपेंद्र गुप्ता और संजय गुप्ता को उप सचिव तथा रंजीत गुप्ता को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। संगठन को मजबूत बनाने के उद्देश्य से कार्यकारिणी समिति और संरक्षक मंडल का भी गठन किया गया। कार्यकारिणी समिति में रंजन विश्वकर्मा, संजय कुमार गुप्ता, दीपक गुप्ता, पंचम गुप्ता, मंटू गुप्ता, अवध शर्मा, श्रवण गुप्ता, श्रीराम गुप्ता, सोनी शर्मा, प्रदीप गुप्ता, अजय गुप्ता और मुकेश गुप्ता को शामिल किया गया। वहीं, संरक्षक मंडल में प्रवीण गुप्ता, कन्हैया गुप्ता, शंकर प्रसाद, रंजीत गुप्ता और भीम प्रसाद को जिम्मेदारी सौंपी गई। नवनियुक्त अध्यक्ष दिलीप गुप्ता ने कहा कि वैश्य समाज सामाजिक समरसता, शिक्षा, व्यापारिक उन्नति और जनकल्याण के कार्यों में हमेशा अग्रणी रहा है। नई टीम समाज को अधिक संगठित और सशक्त बनाने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेगी। सचिव कंचन गुप्ता ने कहा कि नई कमेटी युवाओं को सामाजिक गतिविधियों से जोड़ने, आपसी भाईचारा बढ़ाने तथा शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक जागरूकता से जुड़े कार्यक्रमों का नियमित आयोजन करेगी।

# दिव्यांशु राय को अंतरराष्ट्रीय शोध प्रतियोगिता में इंडिया रैंक-1 हासिल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। नवादा शहर के गोनावां निवासी एवं वर्तमान में मध्य प्रदेश के विदिशा स्थित स्प्रिंगफील्ड वर्ल्ड स्कूल के कक्षा 9वीं के छात्र दिव्यांशु राय ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बड़ी उपलब्धि हासिल की है। दिव्यांशु ने इंटरनेशनल रिसर्च प्रोजेक्ट ओलंपियाड 2026 के ग्रैंड फिनाले में स्थान बनाकर नवादा, बिहार और देश का नाम गौरवान्वित किया है। यह प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय शोध प्रतियोगिता इंडोनेशिया साइंटिफिक सोसाइटी द्वारा आयोजित की जाती है, जिसमें दुनिया के विभिन्न देशों के युवा शोधकर्ता अपने नवाचार, वैज्ञानिक सोच और शोध कार्यों का प्रदर्शन करते



हैं। इस वर्ष भारत से चयनित पांच टीमों ने प्रतियोगिता में भाग लिया, जिनमें दिव्यांशु राय की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए इंडिया रैंक-1 प्राप्त किया। दिव्यांशु की इस सफलता ने यह साबित कर दिया है कि छोटे शहरों और कस्बों के छात्र भी अपनी मेहनत, लगन और प्रतिभा के दम पर अंतरराष्ट्रीय मंच पर पहचान बना सकते हैं। सभी की निगाहें प्रतियोगिता के ग्रैंड फिनाले पर टिकी हैं, जहां दिव्यांशु अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर देश का गौरव बढ़ाने का प्रयास करेंगे।

**पूर्व रेलवे**

**खुली निविदा सूचना संख्या: जीएसयू/इलेक्ट/एएसएन/2025/06/आर2, दिनांक: 17.06.2026।** उप सीपीएम/विद्युत/जीएसयू/आसनसोल/पूर्व रेलवे, डीआरएम कार्यालय के बगल में, आसनसोल-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए वैध विद्युतीय ठेकेदार का लाइसेंस और सुपरवाइजरी लाइसेंस रखने वाले तथा निम्नलिखित कार्य को आर्थिक रूप से पूरा करने में सक्षम आवश्यक निविदादाताओं से ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **निविदा केस संख्या: जीएसयू-इलेक्ट-एएसएन-2025-06-आर2। कार्य का नाम:** आसनसोल मंडल में इलेक्ट्रिकल (सामान्य) पोर्शन कार्य के लिए खुली निविदा: (क) तुलसीटांड़ में अप लूप, (ख) छोटा अम्बोना में अप द्वितीय लूप का प्रावधान, (ग) तपसी में डीडी-2 लाइन से/तक सीधे रिसेप्शन/डिस्पैच सुविधाओं के साथ स्टेशन यार्ड का रीमॉडलिंग और (घ) गति शक्ति यूनिट, आसनसोल के अधीन सोनाचारा में आइसोलेशन के साथ पूरी लम्बाई की लूप। **निविदा मूल्य:** ₹ 2,49,82,954.16। **बयाना राशि:** ₹ 4,99,700। **बंद होने की तारीख और समय:** 13.07.2026 को दोपहर 12.00 बजे। **कार्य पूरा करने की अवधि:** स्वीकृति पत्र जारी किये जाने की तारीख से 12 (बारह) महीने। कार्य के लिए **प्रस्ताव की वैधता:** खुलने की तारीख से 60 दिन। सम्पूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है।

(ASN-142/2026-27)

निविदा सूचना वेबसाइट:www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# खेतों की उर्वरा शक्ति बचाने के लिए जैविक खाद का करें उपयोग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर**। बिज उपचार कर खेतों में बुआई करें, इससे फसलों में लगने वाले बीमारियों, कीड़े से बचाव होगा तथा मिट्टी का जांच करवा कर रासायनिक खाद का इस्तेमाल करें। यह बातें बीडीओ डॉ अवतुल्य कुमार आर्य एवं बीएओ आकृति तिवारी ने महाखरीफ अभियान महोत्सव का उद्घाटन करते हुए कहीं। उन्होंने कहा कि किसानों के आर्थिक विकास के लिए राज्य सरकार कई योजनाएं चला रही है। धान का बीज अनुदानित दर पर उपलब्ध है। किसी भी बीज को उपचार कर बुआई करने से बहुत हद तक रोगो, कीटाणुओं से बचाया जा सकता है। उद्यान पदाधिकारी करुणेश पाठक ने कहा कि प्याज का बीज उपलब्ध है। पोर्टल पर आवेदन कर बीज ले सकते हैं। प्याज उत्पादन अधिक होने पर भंडारण की व्यवस्था किया जा रहा है। बीएओ आकृति तिवारी ने कहा कि सरकार चाहती है कि कि मोटा




अनाज का उत्पादन करें। उसमें सब्सिडी भी है। मडुआ, मक्का, रागी, रामदाना, कोदों सहित अन्य मिलेट्स का उपजाने पर सरकार किसानों के बढावा के लिए अनुदान दे रही है। कृषि समन्वयक मुकेश कुमार अकेला ने कहा कि 28 हजार किसानों का किसान रजिस्ट्रेशन हुआ है। किसान ऐप के माध्यम से 25 सौ किसानों का फार्मर रजिस्ट्री हो सका है जिन किसानों का फार्मर रजिस्ट्री नहीं हुआ है वे खुद ही अपने मोबाइल से भी फार्मर रजिस्ट्री कर सकते हैं। कृषि यांत्रिकीकरण मशीन पर 90 प्रतिशत सब्सिडी सरकार दे रही है। इस अवसर पर जदयू प्रखंड अध्यक्ष लव कुमार सिंह, विधायक प्रतिनिधि सुनील कुमार सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोज कुमार पाठक, आत्मा प्रखंड अध्यक्ष वशिष्ठ नारायण सिंह सहित अन्य किसान लोग मौजूद थे।

**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सूचना संख्या: डब्ल्यू_एलएलएच_03_2026-27_आर1, दिनांक: 15.06.2026।** उप मुख्य यांत्रिक अभियंता/विद्युत, कैरेज एंड वैगन वर्कशॉप, पूर्व रेलवे, लिलुआ, हावड़ा-711204 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए तकनीकी क्षमता रखने वाले निविदादाताओं से ऑनलाइन के जरिये ई-निविदा (खुली निविदा) आमंत्रित की जाती हैं: **कार्य का नाम:** सी एंड डब्ल्यू वर्कशॉप, पूर्व रेलवे, लिलुआ में ईआर (पीएच-21) के लिए आरबी एलबी मद संख्या 546 ऑफ़ 2025-26 (डब्ल्यूबी मद संख्या 720/2024-25) = 215 कोचों के तहत 2-टियर एलएचबी के 1000 कोचों में विद्युतीय प्रणाली में कोचों का बदलाव। **कार्य की अनुमानित लागत:** ₹ 2,80,40,618.20। **बयाना राशि:** ₹ 5,60,800। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 07.07.2026 को दोपहर 2.00 बजे। **वेबसाइट जहाँ निविदा का सम्पूर्ण विवरण उपलब्ध है: www.ireps.gov.in।**

(MISC-77/2026-27)

निविदा सूचना वेबसाइट:www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**ई-नीलामी आमंत्रण सूचना**

**ई-नीलामी सूचना संख्या: सीओएम/पीयूबी/एचडब्ल्यूएच/26/19 दिनांक: 17.06.2026**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा मंडल, न्यू डीआरएम बिल्डिंग, चौथी मंज़िल, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा-711101 द्वारा पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल के **रामपुरहाट एवं बर्द्धमान रेलवे स्टेशन पर वीडियो वाल तथा हावड़ा स्टेशन, ओल्ड कॉम्प्लेक्स में खम्भों पर विनाइल पेस्टिंग** का अनुबंध प्रदान करने हेतु ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। नीलामी कैटलॉग को वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर अपलोड किया गया है। **कैटलॉग संख्या : पीयूबी-एचडब्ल्यूएच-26-19। नीलामी शुरू होने की तारीख और समय:** 02.07.2026 को दोपहर 12.00 बजे। **क्रम संख्या; एसईक्यू.संख्या; लॉट संख्या** एवं **विवरण** निम्नानुसार हैं: **1**; एए/1; **एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-आरपीएच-ओएच-153-25-1** (एडवरटाइजिंग-आउट ऑफ़ होम) एवं तीन (03) वर्षों की अवधि के लिए हावड़ा मंडल के अधीन रामपुरहाट रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया पर 50:50 समय/जगह साझा करने के आधार पर रेलवे द्वारा स्थापित 01 (एक) अदद वीडियो वाल (एलईडी स्क्रीन) के जरिये वाणिज्यिक विज्ञापन के अवसर सहित रेलवे सम्बंधित जानकारी के प्रदर्शन के लिए अधिकार प्रदान करना। **2**; एबी/1; **एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-बीडब्ल्यूएन-ओएसडी-86-26-1** [एडवरटाइजिंग-ऑन स्टेशन प्रेमिस (डिजिटल)] एवं तीन (03) वर्षों की अवधि के लिए हावड़ा मंडल के अधीन बर्द्धमान स्टेशन के अंदर विभिन्न लोकेशनों पर 50:50 समय/जगह साझा करने के आधार पर रेलवे द्वारा स्थापित 06 (छह) अदद वीडियो वाल के जरिये विज्ञापन एवं रेलवे सम्बंधित जानकारी के प्रदर्शन के लिए अधिकार प्रदान करना। **3**; एसी/1; **एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-एचडब्ल्यूएच-ओएसएन-165-26-1** [एडवरटाइजिंग-ऑन स्टेशन प्रेमिस (नॉन-डिजिटल)] एवं तीन (03) वर्षों की अवधि के लिए हावड़ा स्टेशन, ओल्ड कॉम्प्लेक्स में खम्भों पर विनाइल पेस्टिंग के जरिये वाणिज्यिक प्रचार हेतु अनुबंध प्रदान करना।

(HWH-163/2026-27)

निविदा सूचना वेबसाइट:www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway easternrailwayheadquarter

# तालाब में डूबने से भाई-बहन की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रोहतास।** जिले के करगहर थाना क्षेत्र के बाउर गांव में बुधवार को एक दर्दनाक हादसे में सगे भाई-बहन की तालाब में डूबने से मौत हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर फैल गई। मृत बच्चों की पहचान बाउर गांव निवासी अनिल बैठा के पुत्र सीटू कुमार (8) और पुत्री दिव्या कुमारी (10) के रूप में हुई है।

जानकारी के अनुसार बुधवार को मृत बच्चों के पिता अनिल बैठा किसी काम से घर से बाहर गए हुए थे। इसी दौरान दोनों बच्चे घर से निकलकर बाहर चले गए। दोपहर में जब अनिल घर लौटे तो बच्चे घर पर नहीं मिले। इसके बाद परिजनों ने गांव और आसपास के क्षेत्रों में उनकी तलाश शुरू की लेकिन उनका कोई पता नहीं चला।

शाम के समय कुछ ग्रामीण गांव के पास स्थित तालाब की ओर पहुंचे, जहां उन्हें दो हवाई चप्पलें दिखाई दीं। चप्पलों को देखकर ग्रामीणों को अनहोनी की आशंका हुई। सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और तालाब में बच्चों की तलाश शुरू की गई।

ग्रामीणों ने काफी देर तक खोजबीन की, जिसके बाद दोनों बच्चों के शव तालाब से बाहर निकाले गए। घटना की सूचना मिलते ही करगहर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सासाराम भेज दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

दो मासूम भाई-बहन की एक साथ मौत की खबर से पूरे गांव में मातम छा गया। बच्चों के शव तालाब से बाहर निकलते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। पिता अनिल बैठा बार-बार अपने बच्चों के शव से लिपटकर विलाप करते रहे। घटना से गांव के लोग भी स्तब्ध हैं और आसपास के क्षेत्रों में शोक का माहौल है।

# पुलिस और छात्रों के बीच पत्थरबाजी

## कालेज संचालन को ले चल रहा था विवाद □ पुलिस ने भांजी लाठियां, इलाके में तनाव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ।** जिले के नगरनौसा डिग्री कॉलेज के संचालन स्थल को लेकर लंबे समय से चल रहा विवाद गुरुवार को हिंसक झड़प में बदल गया। कॉलेज को प्रखंड मुख्यालय में संचालित करने की मांग को लेकर छात्रों और स्थानीय लोगों द्वारा किए गए प्रदर्शन के दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच टकराव हो गया। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच पथराव हुआ और पुलिस ने स्थिति नियंत्रित करने के लिए लाठीचार्ज किया। घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल है।

जानकारी के अनुसार भारत की छात्र फेडरेशन की राज्य अध्यक्ष कांति कुमारी के आह्वान पर नगरनौसा में सड़क जाम और विरोध प्रदर्शन आयोजित किया गया था। प्रदर्शन को देखते हुए पुलिस प्रशासन पहले से ही सतर्क था। जब पुलिस ने एहतियातन कुछ प्रमुख प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लेना शुरू किया तो मौके पर मौजूद छात्र और स्थानीय लोग उग्र हो गए। देखते ही देखते प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर पथराव शुरू कर दिया। इसके बाद पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए लाठीचार्ज किया। घटनास्थल पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। पथराव और झड़प के वीडियो सोशल मीडिया पर भी तेजी से वायरल हो रहे हैं। पुलिस ने कार्रवाई



करते हुए सात लोगों को हिरासत में लिया है।

नगरनौसा डिग्री कॉलेज के संचालन स्थल को लेकर क्षेत्र में पहले से ही मतभेद बना हुआ है। एक पक्ष का कहना है कि कॉलेज का संचालन प्रखंड मुख्यालय में होना चाहिए, ताकि अधिक से अधिक छात्रों को आवागमन में सुविधा मिल सके। वहीं दूसरी ओर लोदीपुर के स्थानीय लोग और छात्र-छात्राओं का एक बड़ा वर्ग कॉलेज को लोदीपुर में ही संचालित करने के पक्ष में है। उनका कहना है कि लोदीपुर स्थित मगध विद्यापीठ उच्च विद्यालय के पास 4 एकड़ 63 डिसमिल भूमि उपलब्ध है तथा कॉलेज संचालन के लिए 20 पक्के कमरे भी मौजूद हैं। ऐसे में पहले से उपलब्ध आधारभूत सुविधाओं को छोड़कर कॉलेज को अन्यत्र स्थानांतरित करना उचित नहीं होगा।

बता दें कि नगरनौसा में डिग्री कॉलेज की मांग लंबे समय से उठती रही है। 11 मई को पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के अंतर्गत कॉलेज ऑफ कॉमर्स, आर्ट्स एंड साइंस, पटना के राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. संजय कुमार ने यहां प्राचार्य के रूप में पदभार ग्रहण किया था। इसके बाद कॉलेज की कक्षाएं लोदीपुर परिसर से शुरू की गईं। इस फैसले का विरोध करते हुए 20 मई को युवाओं ने पहली बार चक्का जाम किया था। इसके अगले दिन 21 मई से प्रखंड कार्यालय पर अनिश्चितकालीन धरना शुरू हो गया। 30 मई को भी बस स्टैंड के पास सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन किया गया था। गुरुवार की घटना इसी विवाद की अगली कड़ी मानी जा रही है।

हिंसक झड़प के बाद प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। नगरनौसा में आधा दर्जन से अधिक थानों की पुलिस और अतिरिक्त बल तैनात किया गया है। पुलिस उपद्रवियों की पहचान कर आगे की कार्रवाई में जुटी है। हिलसा डीएसपी शैलजा ने बताया कि फिलहाल स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है। कुछ लोगों को हिरासत में लिया गया है और पथराव में शामिल लोगों की पहचान कर कानूनी कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि कॉलेज विवाद को लेकर हुई इस घटना की जांच जारी है।

# मेरिट लिस्ट को ले छात्र संगठनों ने खोला मोर्चा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरपुर।** बाबा साहब भीमराव अंबेडकर बिहार विश्वविद्यालय में पीएटी 2023-24 की मेरिट लिस्ट को लेकर विवाद गहरा गया है। मेरिट लिस्ट में कथित गड़बड़ी और रोस्टर नियमों के उल्लंघन का आरोप लगाते हुए संयुक्त छात्र संगठनों ने विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। छात्र संगठनों ने 20 जून को लंगट सिंह महाविद्यालय गेट से कुलपति आवास तक मशाल जुलूस निकालकर विरोध प्रदर्शन करने की घोषणा की है।

विश्वविद्यालय गेस्ट हाउस में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए छात्र नेता डॉ. चंदन यादव ने कहा कि 2023-24 की मेधा सूची तैयार करने में रोस्टर नियमों की अनदेखी की गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि गोल्ड मेडलिस्ट छात्रों को भी मेरिट लिस्ट से बाहर कर दिया गया, जबकि विश्वविद्यालय प्रशासन ने अपने चहेतों और कथित रिश्तेदारों को सूची में शामिल किया है। उन्होंने कहा कि यह मेधावी छात्रों के साथ अन्याय और उनकी प्रतिभा के साथ धोखा है। छात्र संगठनों ने शुरू से ही इस छात्र विरोधी नीति का विरोध किया है और इसी वजह से मेरिट लिस्ट का बहिष्कार भी किया गया था।

डॉ. चंदन यादव ने बताया कि विरोध के बाद कुलपति ने छात्र नेताओं से मुलाकात कर एक सप्ताह के भीतर पूरे मामले की जांच कर ठोस निर्णय लेने का आश्वासन दिया था। लेकिन चार सप्ताह बीत जाने के बाद भी विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से कोई फैसला नहीं लिया गया है। उन्होंने कहा कि मामले की बिंदुवार जांच के लिए लोकभवन को भी लिखित शिकायत भेजी गई है और अब छात्र संगठन चरणबद्ध आंदोलन की रणनीति के तहत आगे बढ़ रहे हैं।

# पुलिस ने 100 युवक-युवतियों का किया रेस्क्यू

## कई राज्यों से जुड़ा है नेटवर्क

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**समस्तीपुर।** सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर चल रहे कथित ठगी और नेटवर्किंग रैकेट का पुलिस ने बड़ा भंडाफोड़ किया है। आधी रात हुई कार्रवाई में पुलिस ने करीब 100 युवक-युवतियों को एक किराए के मकान से मुक्त कराया है। शुरूआती जांच में मामला कई राज्यों तक फैला हुआ बताया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार, लीड विजन ट्रेडिंग इंडिया प्राइवेट लिमिटेड और गैलवे कंपनी के नाम पर युवाओं को शिक्षा विभाग, कृषि विभाग समेत कई सरकारी विभागों में नौकरी दिलाने का झांसा दिया जा रहा था। इसके बदले प्रत्येक युवक-युवती से करीब 25 हजार रुपये वसूले जा रहे थे।

बताया जा रहा है कि नौकरी देने से पहले युवाओं को ट्रेनिंग के नाम पर नेटवर्किंग सिस्टम का हिस्सा बनाया जाता था। उन्हें तेल, साबुन, फेस क्रीम और अन्य उत्पाद दिए जाते थे ताकि कंपनी की गतिविधियों को वैध और भरोसेमंद दिखाया जा सके।

मामले की जानकारी सोशल मीडिया के जरिए सामने आने के बाद समस्तीपुर पुलिस सक्रिय हुई। बुधवार देर रात चाइल्ड केयर साइबर थाना और मुफस्सिल थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने मूसापुर स्थित एक निजी मकान में छापेमारी की।


पुलिस कार्रवाई के दौरान लगभग 100 युवक-युवतियों को वहां से निकालकर सुरक्षित थाना लाया गया। सभी से पूछताछ की जा रही है और यह पता लगाया जा रहा है कि उन्हें किस तरह इस नेटवर्क से जोड़ा गया था।

पुलिस अधिकारियों के मुताबिक प्रारंभिक जांच में कई अहम तथ्य सामने आए हैं। सूत्रों का दावा है कि इस कथित रैकेट का नेटवर्क बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल और उत्तर प्रदेश तक फैला हुआ है।

पुलिस अब इस पूरे नेटवर्क के संचालन, फंडिंग और इसमें शामिल कथित प्रभावशाली लोगों की भूमिका की भी जांच कर रही है। अधिकारियों का कहना है कि मामले में दोषी पाए जाने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

फिलहाल पुलिस मामले की गहराई से जांच कर रही है। सरकारी नौकरी का सपना दिखाकर युवाओं से कथित ठगी करने वाले इस नेटवर्क के पीछे और कौन-कौन लोग शामिल हैं, इसका खुलासा आने वाले दिनों में हो सकता है। समस्तीपुर की यह कार्रवाई राज्य में चल रहे ऐसे नेटवर्कों पर भी बड़ा सवाल खड़ा कर रही है।

# बंधक बनाकर महिला से गैंगरेप



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** बिहार के बेगूसराय जिले के चकिया थाना क्षेत्र में एक महिला के साथ हुई दरिंदगी की घटना ने राजधानी दिल्ली के निर्भया कांड की भयावह यादें ताजा कर दी हैं। सामूहिक दुष्कर्म के सात दिन बाद पीड़िता के गुप्तांग से जांच के दौरान गोली, कंकड़ और लकड़ी के टुकड़े निकाले जाने के बाद पूरे जिले में सनसनी है। पीड़िता की हालत गंभीर बनी हुई है और वह असहनीय दर्द से कराह रही है।

बीते 11 जून की रात हुए सामूहिक दुष्कर्म के बाद पुलिस ने उसे सदर अस्पताल में भर्ती कराया था लेकिन अगले दिन ही महिला को डिस्चार्ज किए जाने से अस्पताल की जांच प्रकिया और पुलिस कार्यशैली भी सवालों के घेरे में है।

पीड़िता को पहले सदर अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया था, लेकिन लगातार दर्द बढ़ने पर दोबारा जांच में गंभीर आंतरिक चोटों का पता चला। चिकित्सकीय जांच के दौरान पीड़िता के शरीर से गोली का टुकड़ा, कंकड़ और लकड़ी जैसी वस्तुएं मिलने की बात सामने आई, जिससे मामला और गंभीर हो गया।

पीड़िता ने बयान में बताया कि पांच लोगों ने उसे जबरन पकड़कर सुनसान स्थान पर ले जाकर सामूहिक दुष्कर्म किया और विरोध करने पर मारपीट की।

पीड़िता के अनुसार आरोपियों ने शरीर पर ब्लेड से वार किए और बेहोशी की स्थिति में उसके साथ और भी क्रूरता की गई।

# गिट्टी लदे ट्रक से विदेशी शराब की खेप बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शिवाजीनगर।** बिहार में लागू पूर्ण शराबबंदी कानून के सख्त अनुपालन को लेकर चलाए जा रहे अभियान के तहत शिवाजीनगर पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने थाना क्षेत्र के कुमिया चौक के समीप गिट्टी लदे एक ट्रक से भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद की है।

शिवाजीनगर थानाध्यक्ष रविंद्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि एक ट्रक के माध्यम से अवैध रूप से विदेशी शराब की खेप ले जाई जा रही है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए तत्काल एक विशेष टीम का गठन किया गया, जिसमें पुलिस पदाधिकारी प्रवीण कुमार, नीतीश कुमार एवं अंबिका सिंह को शामिल किया गया। टीम ने कुमिया चौक के समीप नाकेबंदी कर वाहनों की



सघन जांच शुरू कर दी। इसी दौरान रात्रि करीब दो बजे गिट्टी से लदे एक संदिग्ध ट्रक को रोककर उसकी बारीकी से तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान ट्रक में छिपाकर रखी गई विभिन्न ब्रांडों की 181.56 लीटर विदेशी शराब बरामद की गई। पुलिस ने मौके पर ही शराब को जब्त करते हुए ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया।

मामले में वाहन चालक एवं तस्करी से जुड़े अन्य लोगों की पहचान कर उनके विरुद्ध बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। साथ ही शराब की खेप कहां से लाई जा रही थी और इसे किस स्थान पर पहुंचाया जाना था, इसकी भी गहन जांच की जा रही है थानाध्यक्ष ने कहा कि शराब तस्करों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और शराबबंदी कानून का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई से क्षेत्र में शराब तस्करी में संलिप्त लोगों के बीच हड़कंप मच गया है। पुलिस की इस सफलता को शराबबंदी कानून के प्रभावी क्रियान्वयन की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। स्थानीय लोगों ने भी पुलिस की तत्परता और कार्रवाई की सराहना की है।

# किन्नरों ने घेरा समाहरणालय

## मामले में कार्रवाई नहीं होने से नाराज थे लोग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** वैशाली जिले के हाजीपुर सदर थाना क्षेत्र में ट्रांसजेंडर से डेढ़ करोड़ रुपये से अधिक के आभूषण और 8.75 लाख रुपये नकद की चोरी के मामले में कार्रवाई नहीं होने से नाराज किन्नर समाज ने समाहरणालय परिसर में धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया। बड़ी संख्या में पहुंचे किन्नरों ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए जल्द कार्रवाई की मांग की।

बता दें कि 12 जून की रात करीब 8 बजे हाजीपुर के स्टेशन रोड पर बदमाशों ने एक ट्रांसजेंडर की कार को निशाना बनाकर बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। घटना के सात दिन बाद भी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने से किन्नर समाज में आक्रोश है। पीड़िता ट्रांसजेंडर सपना कुमारी ने सदर थाना में अज्ञात बदमाशों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के प्रयास में जुटी है।

जानकारी के अनुसार महुआ थाना क्षेत्र निवासी सपना कुमारी अपने चालक सौरभ कुमार के साथ एक्सयूवी कार से पटना से महुआ लौट रही थीं। इसी दौरान हाजीपुर स्टेशन रोड स्थित रेल कोच



रेस्टोरेंट के पास एक अज्ञात व्यक्ति ने चलती कार के रेडिएटर की ओर कुछ फेंका।

कुछ दूरी आगे बढ़ने पर दूसरे व्यक्ति ने कार से धुआं निकलने की बात कहकर वाहन रुकवाया। इसके बाद सपना कुमारी और चालक कार से उतरकर जांच करने लगे। इसी दौरान बदमाश कार की बीच वाली सीट पर रखा बैग लेकर फरार हो गए। पीड़िता के अनुसार बैग में करीब डेढ़ करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के आभूषण और 8.75 लाख रुपये नकद रखे थे। बताया गया कि ये गहने और नकदी किन्नर समाज को विभिन्न कार्यक्रमों और शगुन के रूप में प्राप्त हुए थे।

घटना के बाद किन्नर समाज ने पहले सदर थाना पर भी विरोध जताया था। अब कार्रवाई में देरी से नाराज होकर समाज के लोग जिला मुख्यालय पहुंच गए हैं और धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि घटना को एक सप्ताह बीत चुका है, लेकिन अब तक न तो आरोपियों की गिरफ्तारी हुई है और न ही चोरी गए सामान की बरामदगी। किन्नर समाज ने पुलिस प्रशासन से मामले का जल्द खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की है।

# टावर पर चढ़ा आशिक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बक्सर।** वासुदेवा थाना क्षेत्र के आथर गांव के समीप बुधवार को एक युवक अपनी कथित प्रेमिका की झलक पाने के लिए 1.32 केवीए हाईटेंशन विद्युत टावर पर चढ़ गया और तब तक नीचे उतरने से इनकार करता रहा, जब तक युवती मौके पर नहीं पहुंच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार युवक अचानक धारा प्रवाहित टावर पर चढ़ने लगा। ग्रामीणों और किसानों के रोकने के प्रयासों के बावजूद वह नहीं माना। सूचना मिलते ही प्रशासन के निर्देश पर बिजली आपूर्ति बंद कर दी गई, जिससे बड़ा हादसा टल गया। टावर के ऊपर पहुंचकर युवक ने प्रेमिका को बुलाने की जिद की। वासुदेवा और कोरान सराय थाना पुलिस मौके पर पहुंची और समझाने का प्रयास किया, लेकिन युवक अड़ा रहा। उसने बताया कि वह एक वर्ष से युवती से प्रेम करता है और दोनों के बीच बातचीत होती रही। युवती ने इसे एकतरफा बताते हुए किसी संबंध से इनकार किया। काफी समझाने-बुझाने के बाद युवती घटनास्थल पहुंची। उसे देखते ही युवक शांत हो गया और टावर से नीचे उतर आया।

# औने-पौने दामों में मूंग बेचने को मजबूर हैं किसान

## अच्छी गुणवत्ता के बावजूद नहीं मिल रहा बेहतर दाम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

*__गयाजी।__ प्रखंड क्षेत्र के बिंदा पंचायत सहित आसपास के कई गांवों के किसान इन दिनों मूंग की फसल का उचित मूल्य नहीं मिलने से परेशान हैं। किसानों का कहना है कि अच्छी पैदावार होने के बावजूद व्यापारियों द्वारा फसल का वाजिब दाम नहीं दिया जा रहा है। इसके चलते किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। बाजार में कीमत कम मिलने से उनकी चिंता लगातार बढ़ती जा रही है।*

*किसानों के अनुसार इस वर्ष मूंग की फसल की गुणवत्ता बेहतर रही है। समय पर हुई बारिश के कारण उत्पादन पर कोई विशेष असर नहीं पड़ा और उपज भी संतोषजनक हुई।*

*इसके बावजूद बाजार में व्यापारियों द्वारा कम कीमत पर खरीदारी की जा रही है। मजबूरी में किसानों को अपनी उपज औने-पौने दाम पर बेचनी पड़ रही है।*

*किसान कल्लू पासवान ने बताया कि खरीफ सीजन की खेती शुरू होने वाली है। धान का बीज, रासायनिक खाद, जुताई और अन्य कृषि कार्यों के लिए तत्काल पूंजी की आवश्यकता होती है।*

*उन्होंने कहा कि किसान मूंग की फसल बेचकर ही अगली फसल की तैयारी करते हैं। ऐसे में उचित मूल्य नहीं मिलने से लागत निकालना भी मुश्किल हो गया है।*

*किसान राजू यादव ने बताया कि आर्थिक दबाव के कारण किसान अपनी उपज को लंबे समय तक रोककर नहीं रख सकते। खेती की निरंतरता बनाए रखने के लिए उन्हें फसल बेचनी ही पड़ती है।*

*उन्होंने कहा कि यदि समय पर पूंजी की व्यवस्था नहीं हो सके तो धान की खेती प्रभावित होने का खतरा बढ़ जाता है, जिससे किसानों की परेशानी और बढ़ सकती है।*

*किसानों ने प्रशासन से मूंग की फसल के लिए उचित समर्थन मूल्य सुनिश्चित करने की मांग की है। उनका कहना है कि सरकार को ऐसी व्यवस्था करनी चाहिए जिससे किसानों को उनकी उपज का न्यायसंगत मूल्य मिल सके।*

*किसानों का मानना है कि यदि समय पर उचित दाम नहीं मिला तो उन्हें आर्थिक संकट का सामना करना पड़ेगा और आगामी खेती पर भी इसका असर पड़ सकता है।*

# मेयर समर्थकों पर जानलेवा हमला, जांच में जुटी पुलिस

## सोने की चेन तथा करीब 20 हजार रुपये भी छीनने का लगाया आरोप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** धनबाद के मेयर संजीव सिंह बुधवार को बाघमारा क्षेत्र में थे। धनबाद लौटते ही उनके दो समर्थकों पर हमला हो गया। इस मामले में भुक्तभोगियों ने बरोरा थाना में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस सभी पहलुओं से मामले की जांच कर रही है।

बाघमारा के बढ़ापांडेयडीह निवासी एवं मेयर संजीव सिंह के समर्थक सुमन सिन्हा तथा रितेश सिंह पर बुधवार रात जमुआटांड़ के समीप चार-पांच नकाबपोश बदमाशों ने जानलेवा हमला किया। घटना के बाद भुक्तभोगियों ने बरोरा थाना पहुंचकर अज्ञात हमलावरों के खिलाफ लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है।

सुमन सिन्हा ने शिकायत में कहा है कि वह अपने मित्र रितेश सिंह और गुड्डू यादव के साथ कार से धनबाद जा रहे थे। तभी जमुआटांड़ के पास पीछे से दो मोटरसाइकिलों पर सवार चार-पांच नकाबपोश युवक उनकी कार के पास पहुंचे और पीछे से धक्का मार दिया। कार रुकते ही बदमाशों ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। साथ ही उन्हें वाहन से बाहर निकालने का प्रयास किया, जिससे वे घायल हो गए।

उन्होंने आरोप लगाया कि हमलावरों ने जान से मारने की नीयत से हमला किया और इस दौरान सोने की चेन तथा करीब 20 हजार रुपये भी छीन लिए। हालांकि कार चला रहे उनके मित्र ने सूझबूझ का परिचय देते हुए वाहन को तेजी से आगे बढ़ा दिया, जिससे सभी लोग सुरक्षित बच निकले।

पीड़ितों का आरोप है कि बदमाशों ने करीब एक किलोमीटर तक उनकी कार का पीछा किया, लेकिन बाद में वापस लौट गए। घटना के बाद सुमन सिन्हा अपने साथियों के साथ बरोरा थाना पहुंचे और अज्ञात हमलावरों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

स्थानीय स्तर पर घटना को राजनीतिक दृष्टिकोण से भी देखा जा रहा है। सुमन के साथ मौजूद रितेश सिंह धनबाद के मेयर संजीव सिंह के समर्थक हैं। हालांकि पुलिस ने मामले के सभी पहलुओं की जांच करने की बात कही है।

# सम्मान समारोह का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शिवाजीनगर।** प्लस टू उच्च माध्यमिक विद्यालय शिवाजीनगर के सभागार भवन में सम्मान समारोह का आयोजन गुरुवार को किया गया। फिजिकल अकादमी के द्वारा बिहार पुलिस होमगार्ड बीएसएफ , आरपीएफ व अग्नि वीर में 35 छात्र-छात्राओं को चयन किया गया। संस्था के द्वारा चयनित छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित। इस अवसर पर संस्था के संचालक रवि रंजन रंग्धे, और देवाशीष सर के द्वारा चाइनीत सभी छात्र-छात्राओं को माला पहनकर और बुके देकर सम्मानित किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए रवि रंजन सर ने कहा मेहनत शील छात्र-छात्राओं के लिए नौकरी में भर्ती होना अब आसान हो गई है क्योंकि संस्था के माध्यम से भी विभिन्न पदों पर की जा रही है भर्ती। मौके पर प्रोफेसर कुंडेश्वर सिंह, प्रोफेसर बैजनाथ प्रसाद सिंह, राज नारायण सिंह, सुशील कुमार सिंह, नीतीश कुमार, सज्जन कुमार, बबली शर्मा, विपिन कुमार सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

# बेकाबू स्कॉर्पियो ने छह बच्चों को रौंदा, मौके पर मची चीख-पुकार

## दो की हालत गंभीर, गुस्साये लोगों ने किया सड़क जाम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सुपौल।** जिले के निर्मली प्रखंड अंतर्गत डगमारा थाना क्षेत्र के कामत चौक के पास बुधवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार और बेकाबू स्कॉर्पियो ने एक साथ छह बच्चों को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई और पूरे इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

घटना में घायल सभी बच्चों को तत्काल स्थानीय अस्पतालों में भर्ती कराया गया। इनमें दो बच्चों की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें बेहतर इलाज के लिए दरभंगा मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर किया गया है। बताया जा रहा है कि सभी बच्चे एक भोज समारोह से लौट रहे थे, तभी यह हादसा हुआ। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने स्कॉर्पियो को रोकने और घेरने की कोशिश की, लेकिन चालक वाहन लेकर भाग निकला। कुछ दूरी पर चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा और स्कॉर्पियो बांध के नीचे लुढ़कते हुए एक पेड़ से टकरा गई। इसके बावजूद वाहन में सवार लोग मौके से फरार होने में सफल रहे।

घटना से नाराज ग्रामीणों ने स्कॉर्पियो का पीछा कर रही मद्य निषेध विभाग की डगमारा इकाई की गाड़ी को क्षतिग्रस्त कर दिया। इसके बाद लोगों ने डगमारा कामत चौक के पास निर्मली-कुनौली मुख्य मार्ग को जाम कर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। सड़क जाम होने से दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई और यातायात पूरी तरह बाधित हो गया।

घटना की सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन आक्रोशित ग्रामीणों ने पुलिस पर भी पथराव कर दिया। इस दौरान डगमारा थाना में तैनात एएसआई अमरेश कुमार घायल हो गए। हालात बिगड़ते देख अतिरिक्त पुलिस बल बुलाया गया और पूरे इलाके को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया। बाद में स्थिति को नियंत्रित कर लिया गया।

प्रत्यक्षदर्शियों का आरोप है कि स्कॉर्पियो चालक नशे की हालत में वाहन चला रहा था। बताया जा रहा है कि मद्य निषेध विभाग की टीम ने जांच के लिए वाहन को रोकने का प्रयास किया था, लेकिन चालक तेज गति से भाग निकला और इसी दौरान हादसा हो गया। ग्रामीणों ने मद्य निषेध विभाग की टीम पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि यदि वाहन का पीछा नहीं किया जाता तो इतनी बड़ी घटना नहीं होती।

घटना की जानकारी मिलते ही एसडीपीओ भी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों से बातचीत कर उन्हें शांत कराया। अधिकारियों के आश्वासन के बाद सड़क जाम समाप्त कराया गया और यातायात बहाल हुआ। डगमारा थानाध्यक्ष धनेश्वर मंडल ने बताया कि स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है। सभी घायल बच्चों का इलाज जारी है और पूरे मामले की जांच की जा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि फिलहाल किसी भी मौत की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# बिहार में 627 करोड़ के निवेश को मंजूरी

## 300 से अधिक रोजगार के अवसर सृजित होंगे

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार सरकार के उद्योग विभाग के अंतर्गत बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार (बियाडा) की परियोजना समाशोधन समिति की बैठक उद्योग विभाग के सचिव सह प्रबंध निदेशक, बियाडा एवं आएडा, कुंदन कुमार की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में 30 औद्योगिक परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान करते हुए उनकी स्थापना के लिए 26.59 एकड़ भूमि आवंटित की गई। स्वीकृत परियोजनाओं के माध्यम से राज्य में लगभग 627.83 करोड़ रुपये के निवेश का मार्ग प्रशस्त होगा जिससे 3,329 लोगों के लिए रोजगार के अवसर सृजित होने की संभावना है। यह निवेश बिहार के औद्योगिक विकास को नई गति देने के साथ राज्य की अर्थव्यवस्था को भी मजबूती प्रदान करेगा। प्रस्तावित इकाइयों की स्थापना सिकंदरपुर औद्योगिक क्षेत्र, मरंगा औद्योगिक विकास केंद्र, डुमरिया औद्योगिक क्षेत्र, हाजीपुर निर्यात संवर्धन औद्योगिक पार्क, बिहटा औद्योगिक पार्क तथा मुजफ्फरपुर औद्योगिक क्षेत्र सहित विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में की जाएगी। समिति द्वारा स्वीकृत परियोजनाएं खाद्य प्रसंस्करण, वस्त्र उद्योग, औषधि निर्माण तथा सामान्य विनिर्माण जैसे विविध क्षेत्रों से संबंधित हैं। इन परियोजनाओं से राज्य के औद्योगिक आधार को और मजबूती मिलेगी तथा स्थानीय स्तर पर आर्थिक गतिविधियों का विस्तार होगा। प्रमुख स्वीकृत इकाइयों में क्रिएटिव गारमेंट्स प्राइवेट लिमिटेड, मिल्कवेल डेयरी प्राइवेट लिमिटेड, कॉस्मोजिंग फूडलैब्स प्राइवेट लिमिटेड, एमवीएस पैकेजिंग प्राइवेट लिमिटेड तथा निश्चय पॉलीफैब्स प्राइवेट लिमिटेड शामिल हैं। इन परियोजनाओं के क्रियान्वयन से बिहार में औद्योगिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी और रोजगार व स्वरोजगार के अवसरों में उल्लेखनीय वृद्धि होगी।

### औद्योगिक एवं विनिर्माण केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए निरंतर प्रयास : श्रेयसी सिंह



बिहार में लगातार बढ़ रहा निवेश राज्य की उद्योग-अनुकूल नीतियों, बेहतर आधारभूत संरचना और निवेशकों के बढ़ते विश्वास का परिणाम है। इन परियोजनाओं से स्थानीय युवाओं को बड़े पैमाने पर रोजगार और कौशल विकास के अवसर प्राप्त होंगे। राज्य सरकार निवेशकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराकर बिहार को देश के अग्रणी औद्योगिक एवं विनिर्माण केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

### राज्य सरकार संतुलित और समावेशी औद्योगिक विकास के लिए प्रतिबद्ध : कुंदन कुमार

राज्य सरकार संतुलित और समावेशी औद्योगिक विकास के लिए प्रतिबद्ध है। बियाडा के माध्यम से निवेशकों को पारदर्शी एवं समयबद्ध प्रक्रिया के तहत औद्योगिक भूखंड उपलब्ध कराए जा रहे हैं। साथ ही बेहतर संपर्क व्यवस्था, सुदृढ़ आधारभूत संरचना, सरल प्रक्रियाओं और नीतिगत सहयोग के जरिए निवेश के लिए अनुकूल वातावरण सुनिश्चित किया जा रहा है, ताकि परियोजनाओं का त्वरित और प्रभावी क्रियान्वयन हो सके।

# फिजिकल एआई के नए युग को गति दे रहा एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स ने फिजिकल एआई के युग के लिए अपने रोबोटिक्स विजन पर प्रकाश डाला है। एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स फिजिकल एआई के नए युग को गति दे रहा है। कंपनी अपने एलजी क्लोइड रोबोट के माध्यम से इस तकनीक को फैक्ट्रियों से निकालकर घरों, मोबिलिटी समाधानों, कमर्शियल स्पेस और औद्योगिक वातावरण सहित विभिन्न क्षेत्रों में विस्तारित कर रही है। विविध परिवेशों की गहन समझ, अत्याधुनिक रोबोटिक्स तकनीकों और एक मजबूत फिजिकल एआई इकोसिस्टम के बल पर एलजी वैश्विक रोबोटिक्स बाजार में अपनी उपस्थिति को और मजबूत कर रहा है। रोबोटिक्स में अपने दशकों के अनुभव और फिजिकल एआई इकोसिस्टम का लाभ उठाते हुए एलजी जीरो लेबर होम नामक एक विजन पर काम कर रहा है।

# महाधिवक्ता नियुक्त होने पर एस. डी. संजय को डॉ. प्रेम कुमार ने दी बधाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने पटना उच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता सत्यदर्शी संजय (एस. डी. संजय) को बिहार का नया महाधिवक्ता नियुक्त किए जाने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। अपने शुभकामना संदेश में डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि राज्यपाल द्वारा की गई यह नियुक्ति सत्यदर्शी संजय की उत्कृष्ट विधिक समझ, निष्ठा और न्याय के प्रति उनके दीर्घकालिक समर्पण का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार के पूर्व अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के रूप में देश के सर्वोच्च न्यायालय में दी गई उनकी सेवाएं तथा पटना उच्च न्यायालय में उनका लंबा और समृद्ध पेशेवर अनुभव इस गरिमामयी पद की प्रतिष्ठा को और बढ़ाएगा। डॉ. प्रेम कुमार ने विश्वास व्यक्त किया कि सत्यदर्शी संजय के नीतिगत और विधिक मार्गदर्शन में बिहार सरकार के विधिक मामलों को नई दिशा मिलेगी तथा न्यायिक क्षेत्र में राज्य का पक्ष पूरी मजबूती, दक्षता और पारदर्शिता के साथ प्रस्तुत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विधि एवं न्याय के क्षेत्र में सत्यदर्शी संजय का अनुभव राज्य के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा। डॉ. प्रेम कुमार ने उनके सफल, यशस्वी और लोककल्याणकारी कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं देते हुए ईश्वर से उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# बिहार विभूति डॉ. अनुग्रह नारायण सिंह की जयंती पर कांग्रेस नेताओं ने दी श्रद्धांजलि

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार विभूति एवं महान स्वतंत्रता सेनानी डॉ. अनुग्रह नारायण सिंह की 139 वीं जयंती आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, सदाकत आश्रम में बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश राम की अध्यक्षता में श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि डॉ. अनुग्रह नारायण सिंह का जीवन सादगी, ईमानदारी, त्याग और जनसेवा का अनुपम उदाहरण है। उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के साथ-साथ बिहार के विकास और सुशासन की मजबूत नींव रखी। उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। राजेश राम ने कहा कि आज जब देश और समाज अनेक चुनौतियों का सामना कर रहा है, तब डॉ. अनुग्रह नारायण सिंह के विचार और आदर्श पहले से अधिक प्रासंगिक हो गए हैं। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से उनके बताए मार्ग पर चलने तथा समाज के कमजोर और वंचित वर्गों की सेवा के लिए समर्पित रहने का आह्वान किया। इस मौके पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के सचिव सह प्रभारी सुशील पासी, पूर्व विधायक प्रमोद कुमार सिंह, वैद्यनाथ शर्मा, मिन्नत रहमानी, मनोज शर्मा, डा. अमन कुमार प्रेमचन्द सिंह, गरीब दास, मृणाल अनामय, राहुल भारद्वाज, निशांत करपटने, राजीव कुमार गुप्ता, संजय कुमार सिंह सहित अन्य नेता मौजूद थे।



# पदाधिकारियों के लिए नियमों का ज्ञान बेहद जरूरी : अपर मुख्य सचिव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** सरकारी सेवक के खिलाफ की जाने वाली अनुशासनिक कार्रवाई अर्धन्यायिक होती है। यानी विभागीय जांच के दौरान करीब 90 फीसदी उन्हीं बातों का पालन किया जाता है जो न्यायालयों में कार्रवाई के दौरान होती है। इसलिए बिहार सरकारी सेवा में अपनी सेवा देने वाले सभी स्तर के पदाधिकारियों को नियमों की जानकारी होना आवश्यक है। ताकि किसी के खिलाफ विभागीय कार्रवाई के संचालन में किसी तरह की त्रुटि नहीं हो। यह बातें गुरुवार को सामान्य प्रशासन विभाग के अंतर्गत मुख्य जांच आयुक्त निदेशालय की तरफ से आयोजित उन्मुखीकरण कार्यक्रम में महानिदेशक सह मुख्य जांच आयुक्त दीपक कुमार सिंह ने कही। वह गुरुवार को दशरथ मांझी श्रम एवं नियोजन अध्ययन संस्थान के सभागार में बिहार के सभी जिलों के कृषि पदाधिकारियों के लिए आयोजित प्रशिक्षण सत्र को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। श्री सिंह ने कहा कि निदेशालय का काम अनुशासनिक कार्रवाई की निगरानी या पर्यवेक्षण करना है। साथ ही आवश्यकता अनुसार लोगों को बिहार सरकारी सेवक वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील (सीसीए) नियमावली 2005 के अनुप्रयोग संबंधी प्रशिक्षण देना है, ताकि सरकारी सेवक के खिलाफ की जाने वाली अनुशासनिक कार्यवाही या कार्रवाई की प्रक्रिया विशुद्ध रहे। उन्होंने स्पष्ट कहा कि अनुशासनिक कार्रवाई संबंधी अधिकांश मामले प्रक्रियात्मक त्रुटि की वजह से न्यायालय से खारिज हो जाते हैं। कुछ मामले इसलिए खारिज होते हैं कि सरकारी सेवक पर लगे आरोप के आलोक में दोष सिद्ध होने पर दिया गया दंड गैर अनुपातिक या असंगत होता है। उन्होंने इससे बचने के लिए सीसीए रूल के अध्ययन पर जोर दिया। इस अवसर पर प्रशिक्षक सतीश तिवारी ने सरकारी सेवक के व्यक्तिगत आचरण के संदर्भ में कदाचार के निर्धारण आदि की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सीसीए रूल 17 के तहत जांच अधिकारी जिस आरोप पर जांच की अलग-अलग प्रक्रिया से गुजरते हैं उसे अनुशासनिक कार्यवाही और जांच पूरी होने के बाद जो अंतिम दंड दिया जाता है, उसे अनुशासनिक कार्रवाई कहते हैं। उन्होंने साफ कहा कि सरकारी सेवक पर लगे आरोप के आलोक में की जाने वाली अनुशासनिक कार्रवाई में जरूरी नहीं कि अनुशासनिक कार्यवाही हो ही।

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के जन्मदिवस पर डॉ. प्रेम कुमार ने दी शुभकामनाएं

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के जन्मदिवस के अवसर पर बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। उन्होंने राष्ट्रपति के उत्तम स्वास्थ्य, सुखमय, यशस्वी एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। अपने शुभकामना संदेश में डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि द्रौपदी मुर्मू का जीवन संघर्ष, सादगी, सेवा और समर्पण का प्रेरणादायी उदाहरण है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति ने अपने सार्वजनिक जीवन में समाज के वंचित, कमजोर और उपेक्षित वर्गों के उत्थान के लिए निरंतर कार्य किया है। महिलाओं के सशक्तीकरण तथा लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत बनाने में भी उनका योगदान उल्लेखनीय रहा है। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि द्रौपदी मुर्मू का व्यक्तित्व और कार्यशैली देश के करोड़ों नागरिकों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। विशेष रूप से युवा पीढ़ी और महिलाओं को उनके जीवन संघर्ष, दृढ़ संकल्प और सामाजिक प्रतिबद्धता से प्रेरणा मिलती है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि राष्ट्रपति के मार्गदर्शन में देश लोकतांत्रिक मूल्यों और समावेशी विकास की दिशा में निरंतर आगे बढ़ता रहेगा।

# जड़ों से जुड़ रहा हिंदुस्तान, यही है नए भारत की पहचान : संजय सरावगी

## भारत की सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण और संवर्धन में बने नए कीर्तिमान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** भाजपा के बिहार प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों में भारत ने विकास के साथ-साथ अपनी सांस्कृतिक जड़ों, विरासत और आस्था को भी नई पहचान और गौरव प्रदान किया है। उन्होंने कहा कि 'जड़ों से जुड़ रहा हिंदुस्तान, यही है नए भारत की पहचान' का संकल्प आज धरातल पर साकार होता दिखाई दे रहा है। प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि वर्ष 2014 के बाद भारत में सांस्कृतिक पुनर्जागरण का एक नया अध्याय प्रारंभ हुआ है। आज अयोध्या राम मंदिर से लेकर काशी विश्वनाथ धाम, केदारनाथ मंदिर से लेकर महाकुंभ 2025 तक देश



अपनी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत को सहेजते हुए आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि आज भारत विश्व मंच पर अपनी सांस्कृतिक पहचान के साथ मजबूती से खड़ा है और देश में 44 यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल हमारी समृद्ध विरासत के प्रतीक हैं। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि केंद्र सरकार ने पिछले 12 वर्षों में देश की धरोहरों के संरक्षण और संवर्धन के लिए अभूतपूर्व कार्य किए हैं। इस अवधि में लगभग 12 लाख पुरावशेषों का डिजिटल संरक्षण किया गया है जिससे आने वाली पीढ़ियों के लिए ऐतिहासिक धरोहरों को सुरक्षित रखा जा सके। इसके साथ ही धार्मिक और आध्यात्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए प्रसाद योजना के अंतर्गत लगभग 1700 करोड़ रुपये का निवेश किया गया है। उन्होंने कहा कि देश के स्वतंत्रता संग्राम में जनजातीय समाज के योगदान को सम्मान देने के उद्देश्य से 11 जनजातीय स्वतंत्रता सेनानी संग्रहालय स्थापित किए गए हैं। वहीं विदेशों में पहुंच चुकी भारत की अमूल्य धरोहरों को वापस लाने के प्रयासों के तहत 668 पुरावशेष एवं मूर्तियां भारत को वापस प्राप्त हुई हैं जो राष्ट्रीय गौरव का विषय है।

# रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव एवं सीएम सम्राट चौधरी लोको मोटिव फैक्टरी से गिनी गणराज्य को 51वें रेल इंजन को करेंगे रवाना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गोरखपुर/हाजीपुर।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव एवं मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी 19 को छपरा जं. स्टेशन पर आयोजित समारोह में छपरा-दिल्ली (आनन्द विहार टर्मिनस)-छपरा एक्सप्रेस तथा वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से 65121/65122 दोहरीघाट-औंड़िहार-दोहरीघाट ट्रेन सेवा का वाराणसी सिटी तक मार्ग विस्तार, मऊ-दिल्ली (आनन्द विहार टर्मिनस)-मऊ एक्सप्रेस तथा का शुभारम्भ हरी झंडी दिखाकर करेंगे। छपरा जं. स्टेशन पर आयोजित समारोह में सांसद, सारण राजीव प्रताप रूडी, सांसद, महाराजगंज जनार्दन सिंह सिग्रीवाल, सदस्य विधान परिषद वीरेन्द्र नारायण यादव, सदस्य विधान परिषद आफाक अहमद, सदस्य विधान परिषद सच्चिदानंद राय, विधायक छोटी कुमारी तथा मऊ जं. स्टेशन पर आयोजित समारोह में नगर विकास, शहरी समग्र विकास, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन, ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत मंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार अरविन्द कुमार शर्मा, सांसद, घोसी राजीव राय की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न होगा। इसके अतिरिक्त 19 जून को बिहार के मढ़ौरा लोको प्लांट में आयोजित एक समारोह में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव एवं मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी इस लोको मोटिव फैक्टरी से गिनी गणराज्य को निर्यात होने वाले 51वें रेल इंजन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इस अवसर पर छपरा जं. स्टेशन पर महाप्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे उदय बोरवणकर, महाप्रबंधक पूर्व मध्य रेलवे छत्रसाल सिंह, मंडल रेल प्रबन्धक, वाराणसी तथा मऊ जं. स्टेशन पर अपर महाप्रबंधक, पूर्वोत्तर रेलवे विनोद कुमार शुक्ल एवं वरिष्ठ रेल अधिकारी तथा क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहेंगे।

# कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी में उमड़ी विद्यार्थियों की उम्मीदें, जिला कौशल प्रबंधक ने दिया सकारात्मक आश्वासन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जन्दाहा (वैशाली)।** कुशल युवा कार्यक्रम के प्रशिक्षण प्रारंभ होने की प्रतीक्षा कर रहे विद्यार्थियों की उम्मीदों को उस समय नई ऊर्जा मिली जब जिला कौशल प्रबंधक ने जन्दाहा स्थित कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्र की शैक्षणिक एवं तकनीकी व्यवस्थाओं का अवलोकन किया और सभी व्यवस्थाओं को संतोषजनक एवं प्रशिक्षण संचालन के लिए उपयुक्त पाया। निरीक्षण के अवसर पर बड़ी संख्या में उपस्थित विद्यार्थियों ने जिला कौशल प्रबंधक से जल्द से जल्द प्रशिक्षण प्रारंभ कराने की मांग की। विद्यार्थियों की उत्सुकता और उत्साह को देखते हुए जिला कौशल



प्रबंधक ने उन्हें आश्वस्त किया कि विभागीय प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ रही है और बहुत जल्द प्रशिक्षण शुरू किया जाएगा जिससे नामांकित युवाओं को कौशल विकास का लाभ मिल सके। निरीक्षण के दौरान केंद्र संचालक डॉ. आनंद रंजन झा के साथ केंद्र के कर्मचारी एवं प्रशिक्षक भी उपस्थित रहे। डॉ. झा ने बताया कि केंद्र पर नामांकन क्षमता के अनुरूप विद्यार्थियों का नामांकन पहले ही किया जा चुका है तथा अधिकांश छात्रों का डी.आर.सी.सी सत्यापन भी पूरा हो गया है। उन्होंने कहा कि केवल वे विद्यार्थी प्रतीक्षारत हैं जिन्होंने वर्ष 2026 की मैट्रिक परीक्षा दी है। उनका डेटा अभी तक संबंधित पोर्टल पर सिंक्रोनाइज नहीं होने के कारण डी.आर.सी.सी सत्यापन लंबित है। जैसे ही यह तकनीकी समस्या दूर होगी, उनका सत्यापन भी पूर्ण हो जाएगा।

# आरएसपीएल ग्रुप ने लॉन्च किया घड़ी रैपिड वॉश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** आरएसपीएल ग्रुप ने अपने डिटर्जेंट ब्रांड घड़ी के तहत नया लिक्विड डिटर्जेंट घड़ी रैपिड वॉश लॉन्च किया है। यह उत्पाद रोजमर्रा की बाल्टी में कपड़े धोने की जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है और पारंपरिक डिटर्जेंट की सफाई क्षमता को लिक्विड डिटर्जेंट की सुविधा के साथ जोड़ता है। रैपिड रिलीज टेक्नोलॉजी से युक्त घड़ी रैपिड वॉश पानी में तेजी से घुलकर कपड़ों के रेशों तक पहुंचता है और कम रगड़ाई में दाग हटाने में मदद करता है। कंपनी के अनुसार इसका उद्देश्य लाखों भारतीय परिवारों के कपड़े धोने के अनुभव को बेहतर बनाना है। आरएसपीएल ग्रुप के संयुक्त प्रबंध निदेशक राहुल ज्ञानचंदानी ने कहा कि घड़ी रैपिड वॉश उपभोक्ताओं को घड़ी की विश्वसनीय सफाई क्षमता के साथ आधुनिक लिक्विड डिटर्जेंट की सुविधा किफायती कीमत पर उपलब्ध कराता है।

# पर्यावरण संरक्षण के लिए शुरू होगा जनांदोलन : मंत्री

## पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश से मिले हेस्को संस्थापक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास की आधारभूत इकाइयां हैं। इनके माध्यम से जल संरक्षण, हरित आवरण के विस्तार, अपशिष्ट प्रबंधन, जैविक खेती तथा स्थानीय संसाधनों के संरक्षण जैसे विषयों को जनआंदोलन का स्वरूप दिया जा सकता है। उक्त बातें पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश ने गुरुवार को पर्यावरण संरक्षण, सतत विकास तथा पंचायतों की भूमिका को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से आयोजित महत्वपूर्ण चर्चा में कहीं। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में बनाए जाने वाले स्थानीय उत्पादों को बेहतर बाजार उपलब्ध कराने, ग्रामीण समुदायों को आत्मनिर्भर बनाने तथा महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देने पर बल दिया। चर्चा में हिमालयी पर्यावरण अध्यन और संरक्षण संगठन (हेस्को) के संस्थापक एवं प्रख्यात पर्यावरणविद् डॉ. अनिल प्रकाश जोशी, आईआईटी पटना के निदेशक प्रो. टीएन सिंह तथा भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान भागलपुर के निदेशक प्रो. मधुसूदन सिंह शामिल हुए।

**पंचायतों से ग्रामीण आजीविका को मिलेगी नई दिशा**

इस दौरान पंचायतों में जनभागीदारी को सुदृढ़ बनाते हुए सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति, प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने तथा पर्यावरण-अनुकूल विकास मॉडल को बढ़ावा देने से जुड़े विभिन्न विषयों पर विचारों का आदान-प्रदान किया गया। साथ ही स्थानीय उत्पादन को बाजार से जोड़ने, मूल्य संवर्धन को प्रोत्साहित करने तथा प्राकृतिक एवं सामुदायिक संसाधनों की कम्युनिटी ओनरशिप पर भी विस्तृत चर्चा हुई। विशेषज्ञों ने कहा कि पंचायतों की सक्रिय भागीदारी से पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ ग्रामीण आजीविका और स्थानीय आर्थिक विकास को नई दिशा मिल सकती है। विभागीय सचिव मनोज कुमार ने राज्य सरकार की ओर से पर्यावरण संरक्षण एवं सतत विकास को बढ़ावा देने के लिए संचालित 'जल-जीवन-हरियाली' अभियान सहित अन्य सरकारी पहलों का उल्लेख किया। कहा कि इन कार्यक्रमों के माध्यम से जल संरक्षण, हरित क्षेत्र विस्तार तथा प्राकृतिक संसाधनों के सतत उपयोग को प्रोत्साहित किया जा रहा है।

# योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए व्यय की गति में लाएं तेजी : सचिव

## जल संसाधन सचिव ने की विभागीय बजट और व्यय को लेकर समीक्षा बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** जल संसाधन विभाग की तरफ से संचालित योजनाओं को निर्धारित समय पर पूरा कराने और बजट को लेकर विभाग के सचिव डॉ. चंद्रशेखर सिंह ने गुरुवार को अपने कार्यालय कक्ष में संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि राज्य में जितनी योजनाएं संचालित है उसे निर्धारित समय से पूरा कराया जाए। सचिव ने योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए व्यय की गति में तेजी लाने और निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप कार्यों को शीघ्र आगे बढ़ाने का निर्देश दिया। उन्होंने बरसात से पहले पूर्ण होने वाली योजनाओं के बारे में जानकारी ली और कई अति आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में अभियंता प्रमुख (बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण) वरुण कुमार, अभियंता प्रमुख (मुख्यालय) ब्रजेश मोहन सहित विभाग के अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय स्तर के व्यापारियों और निर्यातकों से किसानों के जोड़ने का अवसर बनेगा आम महोत्सव : मंत्री

## राज्य में प्रतिवर्ष लगभग 15.84 लाख मीट्रिक टन आम का होता है उत्पादन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार कृषि प्रबंधन एवं प्रसार प्रशिक्षण संस्थान (बामेती), पटना परिसर में शुक्रवार (19 जून) से तीन दिवसीय आम महोत्सव की शुरुआत हो रही है जो कि 21 जून तक चलेगा। बिहार के कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि बिहार की सुगंधित मिट्टी में उपजे फलों के राजा आम को समर्पित लोकप्रिय 'आम महोत्सव 2026' का आयोजन कृषि विभाग के उद्यान निदेशालय द्वारा किया जा रहा है। कृषि मंत्री ने बताया कि इस महोत्सव का उद्देश्य किसानों, वैज्ञानिकों, उद्यमियों, व्यापारियों तथा निर्यातकों को एक साझा मंच उपलब्ध कराना है, ताकि बागवानी क्षेत्र में नवीन तकनीकों के उपयोग, गुणवत्तापूर्ण उत्पादन, प्रसंस्करण, विपणन एवं निर्यात को बढ़ावा दिया जा सके। यह महोत्सव किसानों को सीधे राष्ट्रीय स्तर के बड़े व्यापारियों एवं निर्यातकों से जोड़ने का अवसर बनेगा। इससे किसानों को बेहतर बाजार मिलेगा। उन्होंने कहा कि बिहार देश के प्रमुख आम उत्पादक राज्यों में शामिल है। राज्य में लगभग 1.64 लाख हेक्टेयर क्षेत्रफल में आम की खेती होती है तथा प्रतिवर्ष लगभग 15.84 लाख मीट्रिक टन आम का उत्पादन किया जाता है। बिहार के विभिन्न क्षेत्रों की विशिष्ट आम प्रजातियां अपनी अलग पहचान रखती हैं जिनमें भागलपुर का जर्दालु, पटना का दीघा मालदह, मधुबनी का कृष्णभोग, सुपौल का गुलाबखास, सीतामढ़ी का बम्बइया, बक्सर का चौसा, मुंगेर का चुरसा मालदह, दरभंगा का कलकतिया तथा पश्चिमी चंपारण का जर्दा प्रमुख है। आम महोत्सव में आधुनिक तकनीकों का जीवंत प्रदर्शन किया जाएगा। आम के कीट एवं रोगों की पहचान के लिए प्लांटिक्स ऐप का लाइव डेमो प्रस्तुत किया जाएगा जिससे किसानों को समय पर निदान एवं समाधान की जानकारी प्राप्त होगी। साथ ही महोत्सव में आईओटी आधारित स्वचालित बागवानी तकनीकों तथा एआर या वीआर तकनीक के माध्यम से आम के बगीचों का संवेदनशील एवं वास्तविक अनुभव प्रदर्शित किया जाएगा जिसमें सुगंध, दृश्य और वातावरण का अनूठा समावेश होगा।

# आइजीआइएमएस में एआई आधारित रॉबोटिक्स थेरेपी मरीजों के लिए बना वरदान : निशांत कुमार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार के स्वास्थ्य मंत्री श्री निशांत ने कहा कि राज्य सरकार गंभीर बीमारियों से पीड़ित मरीजों को अत्याधुनिक और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए संकल्पित है। इसी कड़ी में पटना स्थित इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान में 4 महीने पहले शुरू की गई एआई आधारित रोबोटिक्स फिजियोथेरेपी सेवा स्पाइन, स्ट्रोक और पैरालाइसिस से पीड़ित मरीजों के लिए वरदान साबित हो रही है। ज्ञातव्य है कि इस मशीन को 60 लाख रुपये की लागत से आइजीआइएमएस में स्थापित किया गया है, इस अत्याधुनिक रोबोटिक्स मशीन के माध्यम से मरीजों को आधुनिक फिजियोथेरेपी उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है। इस तकनीक से मरीजों की रिकवरी पहले की तुलना में अधिक तेज और प्रभावी ढंग से हो रही है। यह विशेष रूप से लकवा, पैरालाइसिस, स्ट्रोक तथा रीढ़ की गंभीर चोट से पीड़ित मरीजों के उपचार में अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो रही है। पूर्व में फिजियोथेरेपी तकनीक की आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं के लिए मरीजों को राज्य से बाहर दिल्ली, मुंबई, चेन्नई या वेल्लोर जैसे बड़े शहरों में जाना पड़ता था जिससे आर्थिक रूप से कमजोर और मीडिल क्लास परिवारों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ता था। अब यह सुविधा बिहार में ही उपलब्ध होने से मरीजों को किफायती दर पर बेहतर इलाज मिल रहा है। पिछले चार महीनों के दौरान 500 से अधिक मरीजों ने रोबोटिक्स फिजियोथेरेपी से लाभ उठाया है और कई मरीज सामान्य जीवन की ओर लौटने में सफल हुए हैं।

# गयाजी की खाली पहाड़ियों को मिलेगा इको टूरिज्म का नया रूप, पर्यटन विभाग ने तैयार किया एक्शन प्लान

## सीड ब्लॉक तकनीक के जरिए लगेंगे एक लाख से अधिक पौधे

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बौद्ध और हिंदू तीर्थ स्थल के रूप में विश्व प्रसिद्ध गयाजी की सुनी या खाली पड़ी बंजर पड़ी पहाड़ियों को अब इको-टूरिज्म सेंटर्स के रूप में विकसित करने की बड़ी पहल की जा रही है। पर्यटन विभाग ने इसका विस्तृत एक्शन प्लान तैयार कर लिया है जिसके तहत इन पहाड़ियों पर हरियाली बढ़ाने और पर्यटन को बढ़ावा देने का लक्ष्य रखा गया है। विभाग के अनुसार ढुंगेश्वरी, ब्रह्मयोनि, प्रेतशिला, रामशिला, गुरूपा और बराबर जैसी पहाड़ियों पर सिड ब्लॉक तकनीक का उपयोग करते हुए एक लाख से अधिक पौधे लगाने का लक्ष्य रखा है। यह पौधे वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की ओर से लगाई जाएगी। सिड ब्लॉक तकनीक बंजर भूमि पर तेजी से हरियाली विकसित करने में प्रभावी साबित होती है जिससे मिट्टी का कटाव रुकेगा, जैव विविधता बढ़ेगी और स्थानीय जलवायु सुधरेगी। गया-बोधगया क्षेत्र धार्मिक पर्यटन का प्रमुख केंद्र है। महाबोधि मंदिर (यूनेस्को विश्व धरोहर) के अलावा ये पहाड़ियां ऐतिहासिक और आध्यात्मिक महत्व रखती है। इन स्थलों पर ट्रैकिंग, ध्यान और प्रकृति प्रेमियों का आगमन बढ़ रहा है। इसके अलावा कैमूर के माता मुंडेश्वरी धाम में इको टूरिजम विकसित करने की योजना है। साथ ही कई अन्य स्थानों का चयन किया जा रहा है। राज्य सरकार इको-टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए पूरे प्रदेश में 24 से अधिक स्थलों को विकसित कर रही है। इनमें वन्यजीव अभयारण्य, राष्ट्रीय उद्यान, झीलें, जलप्रपात और पहाड़ियां शामिल हैं। बिहार का एकमात्र टाइगर रिजर्व (पश्चिम चंपारण)। तराई वनों, बाघों, हाथियों और विविध वन्यजीवों का घर। नेपाल सीमा से सटा यह इको-टूरिज्म का सबसे बड़ा आकर्षण है।

रोहतास-कैमूर क्षेत्र में स्थित जंगलों, झरनों और ट्रेकिंग ट्रेल्स के लिए प्रसिद्ध। दूसरे टाइगर रिजर्व के रूप में विकसित हो रहा है। प्राकृतिक स्रोतों, जंगलों और वन्यजीवों से भरपूर। वन्यजीव संरक्षण और प्रकृति प्रेमियों के लिए आदर्श। गंगा नदी में गंगा डॉल्फिन देखने के लिए प्रसिद्ध। नाव यात्रा का अनोखा अनुभव। एशिया की सबसे बड़ी मीठे पानी की झीलों में से एक।

# संपादकीय

## फ्रांस और स्लोवाकिया से मजबूत होगी रणनीतिक साझेदारी

इसमें दोराय नहीं कि अमेरिका की ओर से जिस तरह के मनमाने फैसले दूसरे देशों पर थोपे जा रहे हैं, उससे वैश्विक अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक असर पड़ रहा है। अमेरिका की शुल्क नीति से भारत जैसे विकासशील देश सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं।अमेरिका की ओर से शुल्क लगाए जाने और उसके बाद पश्चिम एशिया में संघर्ष से उपजे संकट के बीच विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग के नए विकल्प तलाशने तथा पहले से स्थापित साझेदारी को विस्तार देने को लेकर भारत के प्रयास सही दिशा में आगे बढ़ते नजर आ रहे हैं। इस क्रम में अब भारत, फ्रांस और स्लोवाकिया के बीच आपसी संबंधों को व्यापक साझेदारी के स्तर पर ले जाने की सहमति बनी है।फ्रांस के साथ द्विपक्षीय व्यापार को पांच वर्षों में दोगुना कर 32 अरब डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके अलावा रेल सेवा क्षेत्र में सहयोग के लिए एक घोषणा-पत्र और गोपनीय डेटा की सुरक्षा के लिए समझौते को भी अंतिम रूप दिया गया है। इसी तरह स्लोवाकिया से द्विपक्षीय व्यापार और रक्षा सहयोग समेत कई महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों में साझेदारी के लिए ग्यारह समझौते किए गए हैं।ये समझौते इसलिए अहम माने जा रहे हैं, क्योंकि इससे अमेरिका के विकल्प के रूप में भारत की पहुंच अन्य विदेशी बाजारों तक बढ़ेगी। साथ ही इससे 'मेक इन इंडिया' अभियान को भी गति मिलेगी, जो देश के आत्मनिर्भर होने के लिए बेहद जरूरी है।गौरतलब है कि अमेरिका ने पिछले वर्ष भारत पर पचास फीसद शुल्क लगाया था, जिसका सीधा असर देश के निर्यात पर पड़ा था। हालांकि, बाद में अमेरिका ने इस शुल्क को कम कर दिया था, लेकिन भारत ने इसे एक सबक की तरह लिया और अंतरराष्ट्रीय व्यापार के लिए दुनिया के दूसरे बाजारों तक पहुंच बढ़ाने के प्रयास शुरू किए। ब्रिटेन और यूरोपीय संघ के साथ मुक्त व्यापार समझौते इन्हीं प्रयासों का नतीजा हैं।अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फ्रांस और स्लोवाकिया दौरे के दौरान इस मुहिम को आगे बढ़ाते हुए दोनों देशों के साथ साझेदारी को विस्तार देने का प्रयास किया है। फ्रांस के साथ तेरह मुद्दों पर सहमति बनी है, जिनमें रक्षा, सुरक्षा, अंतरिक्ष, असैन्य परमाणु ऊर्जा, व्यापार एवं निवेश, तकनीक, नवाचार और शिक्षा के क्षेत्र में द्विपक्षीय सहयोग शामिल हैं।इस दौरान फ्रांस से 114 रफाल लड़ाकू विमान खरीदने की भारत की योजना पर भी चर्चा हुई। खास बात यह है कि भारत ने किसी भी रक्षा मंच के मामले में इस आधार पर आगे बढ़ने पर जोर दिया, जिसमें देश की अधिक से अधिक स्थानीय सामग्री का इस्तेमाल हो और रक्षा उत्पादों का विनिर्माण भी देश की धरती पर हो।इसी तरह भारत और स्लोवाकिया ने डिजिटल प्रौद्योगिकी एवं रक्षा जैसे कई क्षेत्रों में आपसी सहयोग बढ़ाने के लिए ग्यारह समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं।

**भारत की युवा आबादी, कौशल विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार देश की आर्थिक प्रगति की सबसे बड़ी पूंजी हैं।किसी भी देश के आर्थिक विकास में केवल प्राकृतिक संसाधनों, पूंजी या तकनीक का योगदान नहीं होता, बल्कि इसमें मानव संसाधन का भी अहम स्थान होता है। इसकी गुणवत्ता और उत्पादकता की विकास में बड़ी भूमिका होती है। मानव संसाधन में उन लोगों को सम्मिलित किया जाता है, जो अपनी शारीरिक, बौद्धिक, तकनीकी तथा प्रबंधकीय क्षमता से उत्पादन और विकास की प्रक्रिया में अमूल्य योगदान करते हैं।भारत दुनिया की सबसे अधिक जनसंख्या वाले देशों में से एक है। इसकी लगभग पैंसठ फीसद जनसंख्या पैंतीस वर्ष से कम आयु के युवाओं की है।**

# भारत की सबसे बड़ी ताकत युवा आबादी, कौशल विकास से बनेगी आर्थिक महाशक्ति

**(अजय जोशी)**

यह युवा शक्ति देश की अमूल्य संपत्ति है। यदि युवाओं में बुनियादी शिक्षा, स्वास्थ्य और कौशल का विकास किया जाए, तो वे देश की आर्थिक वृद्धि को नई ऊंचाइयों पर ले जा सकते हैं।भारतीय अर्थव्यवस्था के तीनों महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों–प्राथमिक, द्वितीयक और तृतीयक क्षेत्र - में रोजगार तथा मानव संसाधन की स्थिति अलग-अलग है। कृषि प्राथमिक क्षेत्र है, जो किसी भी देश में बहुत बड़े कार्यबल को रोजगार देती है। निर्माण वाले द्वितीयक क्षेत्र की उत्पादन में और सेवाओं वाले तृतीयक क्षेत्र की सकल घरेलू उत्पाद में अहम भूमिका होती है।नवीनतम आर्थिक सर्वेक्षण और सांख्यिकी मंत्रालय के श्रमबल सर्वेक्षण के अनुसार, तीनों क्षेत्रों में प्राथमिक क्षेत्र कृषि, वानिकी, मत्स्य पालन और खनन जैसी गतिविधियों से जुड़ा है। रोजगार के लिहाज से देखें, तो भारत के कुल मानव संसाधन का लगभग चालीस फीसद हिस्सा आज भी प्राथमिक क्षेत्र में कार्यरत है।भारत की जनसंख्या वर्ष 2025-26 में लगभग 143 करोड़ से अधिक आंकी जाती है। इसमें कार्यशील आयु वर्ग की जनसंख्या कुल आबादी का लगभग 67 फीसद है। यह स्थिति भारत के लिए बेहद महत्त्वपूर्ण है। मानव संसाधन उत्पादन का सबसे अहम घटक है। कृषि, उद्योग और सेवा क्षेत्र, सभी में प्रशिक्षित और कुशल श्रमिक उत्पादन क्षमता को बढ़ाते हैं।देश की जीडीपी में सेवा क्षेत्र का योगदान लगभग 55 फीसद से अधिक है। इसका भी प्रमुख आधार प्रशिक्षित मानव संसाधन है। सूचना प्रौद्योगिकी, बैंकिंग, स्वास्थ्य, शिक्षा और संचार जैसे क्षेत्रों में लाखों भारतीय पेशेवर देश की आय और विदेशी मुद्रा अर्जन में योगदान दे रहे हैं।

कृषि क्षेत्र में आधुनिक तकनीकों, उन्नत बीजों, सिंचाई और वैज्ञानिक खेती के प्रसार में प्रशिक्षित मानव संसाधन की महत्त्वपूर्ण भूमिका रही है। हरित क्रांति के बाद कृषि उत्पादकता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। यह वृद्धि केवल तकनीक के कारण नहीं, बल्कि किसानों के प्रशिक्षण के कारण संभव हुई। मानव संसाधनों की जरूरत उद्योगों के विकास के लिए भी होती है। वहां कुशल श्रमिक, इंजीनियर, प्रबंधक और तकनीशियन आवश्यक होते हैं। ऑटोमोबाइल, दवा उद्योग, इस्पात और इलेक्ट्रॉनिक उद्योगों की सफलता के पीछे प्रशिक्षित मानव शक्ति की बड़ी भूमिका है।



विशेष रूप से भारतीय औषधि उद्योग विश्व के सबसे बड़े जेनेरिक दवा उत्पादकों में गिना जाता है। इसमें लाखों वैज्ञानिकों और तकनीकी विशेषज्ञों का योगदान है। भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी उद्योग में लगभग पचास लाख से अधिक पेशेवर कार्यरत हैं। सॉफ्टवेयर निर्यात, डिजिटल सेवाएं और बिजनेस प्रोसेस आउटसोर्सिंग के माध्यम से भारत को अरबों डॉलर की विदेशी मुद्रा प्राप्त होती है। प्रमुख सूचना प्रौद्योगिकी कंपनियां मानव संसाधन आधारित विकास के उत्कृष्ट उदाहरण हैं। शिक्षा मानव संसाधन विकास का आधार है। शिक्षा व्यक्ति की उत्पादकता, नवाचार क्षमता और आय अर्जित करने की योग्यता को बढ़ाती है। भारत में साक्षरता दर स्वतंत्रता के समय लगभग 18 फीसद थी, जो अब 77 फीसद से अधिक हो चुकी है। उच्च शिक्षा संस्थानों की संख्या में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। भारत में 1,100 से अधिक विश्वविद्यालय, 45 हजार से अधिक महाविद्यालय, हजारों तकनीकी और व्यावसायिक प्रशिक्षण संस्थान कार्यरत हैं। उच्च शिक्षा प्राप्त युवाओं की बढ़ती संख्या देश को ज्ञान-आधारित अर्थव्यवस्था की दिशा में आगे बढ़ा रही है। मगर अर्थव्यवस्था में केवल शिक्षा ही पर्याप्त नहीं है, कौशल भी बहुत जरूरी है। इसी उद्देश्य से भारत सरकार ने विभिन्न कौशल विकास कार्यक्रम प्रारंभ किए हैं। इसके अंतर्गत 'स्किल इंडिया मिशन' और प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना इत्यादि प्रमुख हैं। इन योजनाओं का उद्देश्य युवाओं को उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप प्रशिक्षित करना है। स्वस्थ मानव संसाधन ही देश का उत्पादक मानव संसाधन होता है। बीमारी और कुपोषण श्रम उत्पादकता को कम कर देते हैं। भारत में औसत जीवन प्रत्याशा लगभग 70 वर्ष से अधिक हो चुकी है, जबकि शिशु मृत्यु दर में भी निरंतर कमी आई है। स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार, टीकाकरण कार्यक्रमों और पोषण योजनाओं ने मानव संसाधन की गुणवत्ता को बेहतर बनाया है। मानव संसाधन में महिलाओं की भूमिका भी कम महत्त्वपूर्ण नहीं है। वे भारतीय अर्थव्यवस्था का अहम हिस्सा हैं। शिक्षा और रोजगार के अवसरों में वृद्धि से महिलाओं की भागीदारी तेजी से बढ़ रही है। कृषि, सूक्ष्म एवं लघु उद्योग, सूचना प्रौद्योगिकी, बैंकिंग, स्वास्थ्य सेवाएं और उद्यमिता जैसे क्षेत्रों में यदि महिला श्रम भागीदारी दर में और वृद्धि की जाए, तो भारत के सकल घरेलू उत्पाद में भी उल्लेखनीय बढ़ोतरी हो सकती है। मानव संसाधन केवल रोजगार प्राप्त करने तक सीमित नहीं है। यह रोजगार सृजन भी करता है। भारत विश्व के सबसे बड़े नवउद्यम पारिस्थितिकी तंत्रों में से एक है। नवाचार, तकनीकी ज्ञान और उद्यमशीलता के कारण बड़ी संख्या में नए उद्यम स्थापित हुए हैं, जिन्होंने लाखों रोजगार सृजित किए हैं। युवा उद्यमी डिजिटल अर्थव्यवस्था, फिनटेक, ई-कॉमर्स और कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसे क्षेत्रों में नई संभावनाएं पैदा कर रहे हैं। इतना सब कुछ होते हुए भारतीय अर्थव्यवस्था में मानव संसाधनों से जुड़ी चुनौतियां भी कम नहीं हैं। इनमें बेरोजगारी बड़ी समस्या है। अधिकांश मामलों में उद्योगों की आवश्यकता और युवाओं के कौशल के बीच काफी अंतर पाया जाता है। इस कारण शिक्षित होकर भी वे उद्योगों के लिए अधिक उपयोगी नहीं रह पाते। शिक्षा की गुणवत्ता के मामले में भी ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में काफी असमानता है। इस कारण शिक्षित होते हुए भी वे अर्थव्यवस्था के अनेक क्षेत्रों में उपयोगी साबित नहीं हो पाते। देश में महिला कार्यबल की भागीदारी अभी भी कई विकसित देशों की तुलना में काफी कम है। जबकि भारत की युवा आबादी आगामी दशकों में आर्थिक विकास का सबसे बड़ा आधार बन सकती है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता, डिजिटल प्रौद्योगिकी, हरित ऊर्जा, जैव प्रौद्योगिकी और उन्नत विनिर्माण जैसे क्षेत्रों में प्रशिक्षित मानव संसाधन की मांग तेजी से बढ़ रही है। यदि भारत शिक्षा, स्वास्थ्य, अनुसंधान और कौशल विकास में निरंतर निवेश करता है, तो वह विश्व की अग्रणी अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हो सकता है। मानव संसाधन भारतीय अर्थव्यवस्था की सबसे मूल्यवान संपत्ति है। शिक्षा, कौशल विकास, स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्र में प्रभावी नीतियों के माध्यम से मानव संसाधन को उत्पादक मानव पूंजी में परिवर्तित किया जा सकता है।

# दुनिया ने नोटिस किया मोदी का बदला हुआ अंदाज, ट्रंप भी समझ गये

**(नीरज कुमार दुबे)**

जी-7 सम्मेलन के दौरान दोनों नेता एक ही पंक्ति में बैठे दिखाई दिए और आपस में संक्षिप्त बातचीत भी हुई। उसके अगले दिन यानि आज दोनों नेताओं के बीच बहुप्रतीक्षित द्विपक्षीय मुलाकात हुई। यह मुलाकात ऐसे समय हुई जब भारत और अमेरिका के रिश्तों पर बीते महीनों में कई तनाव उभरे हैं।

फ्रांस में आयोजित जी-7 शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की 16 महीने बाद हुई मुलाकात ने पूरी दुनिया का ध्यान खींच लिया। इस मुलाकात के जरिए भारत ने अमेरिका को एक मजबूत कूटनीतिक संदेश भी दिया। सबसे ज्यादा चर्चा उस पल की हुई जब पहले दिन मोदी ने ट्रंप से सिर्फ हाथ मिलाया, उन्हें गले नहीं लगाया। दरअसल, मोदी अक्सर वैश्विक मंचों पर विश्व नेताओं को गले लगाते हैं और ट्रंप तथा मोदी की दोस्ती तो बड़ी गहरी रही है लेकिन उसके बावजूद मोदी की ओर से ट्रंप को गले नहीं लगाना और बस उनसे हाथ मिलाना दुनिया को यह संदेश दे गया कि भारत और अमेरिका के रिश्तों में गर्मजोशी कम हुई है। हालांकि जी-7 नेताओं के सामूहिक फोटो खिंचवाने के दौरान मोदी जब ट्रंप को सहारा देते दिखे तो उस दृश्य ने यह भी संकेत दिया कि भारत मित्रता निभाने को राजी है लेकिन सामने वाले को भी सम्मान से पेश आना होगा। देखा जाये तो पिछले कुछ महीनों में ट्रंप के भारत को लेकर बदले रुख, शुल्क नीति, भारत पाकिस्तान मुद्दे पर बयानबाजी और आव्रजन नियमों को लेकर भारतीयों में नाराजगी रही है। ऐसे माहौल में मोदी का यह संयमित लेकिन सख्त अंदाज साफ बता गया कि भारत रिश्तों में सम्मान और बराबरी को सबसे ऊपर रखता है। हम आपको बता दें कि जी-7 सम्मेलन के दौरान दोनों नेता एक ही पंक्ति में बैठे दिखाई दिए और आपस में संक्षिप्त बातचीत भी हुई। उसके अगले दिन यानि आज दोनों नेताओं के बीच बहुप्रतीक्षित द्विपक्षीय मुलाकात हुई। यह मुलाकात ऐसे समय हुई जब भारत और अमेरिका के रिश्तों पर बीते महीनों में कई तनाव उभरे हैं। ट्रंप ने भारत पाकिस्तान तनाव के दौरान मध्यस्थता का दावा किया था, जिसे भारत ने कभी स्वीकार नहीं किया। इसके अलावा अमेरिकी शुल्क नीति और वीजा नियमों में बदलाव से भी भारतीय उद्योग और प्रवासी समुदाय में असंतोष बढ़ा। हाल ही में अमेरिकी हमलों में तीन भारतीय नाविकों की मौत ने भी भारत में बेचैनी पैदा की थी। ऐसे समय में मोदी का व्यवहार पूरी तरह नपा तुला और संदेशपूर्ण दिखाई दिया। हालांकि इसके बावजूद दोनों देशों ने रिश्तों को आगे बढ़ाने की आवश्यकता भी समझी। मोदी और ट्रंप के बीच हुई द्विपक्षीय वार्ता में व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने, रक्षा सहयोग, ऊर्जा सुरक्षा और महत्वपूर्ण खनिजों पर साझेदारी बढ़ाने पर चर्चा हुई। यह साफ संकेत है कि मतभेदों के बावजूद दोनों देश रणनीतिक साझेदारी को कमजोर नहीं होने देना चाहते। खास बात यह रही कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद दोनों नेताओं की यह पहली मुलाकात थी। ट्रंप ने जिस तरह हाल के दिनों में पाकिस्तानी नेताओं के साथ करीबी संबंध बढ़ाये हैं उसको देखते हुए मोदी और ट्रंप की इस मुलाकात पर पाकिस्तानी हुक्मरानों की भी नजर बनी रही। उन्हें लग रहा था कि ट्रंप भारत से दूर जाएंगे लेकिन ट्रंप ने भारत के साथ संबंधों को और गहरा बनाने की बात कर पाकिस्तानियों के अरमानों पर पानी फेर दिया। हम आपको यह भी बता दें कि मोदी ने ट्रंप को पहले दिन कूटनीतिक संदेश देने के लिए कई मार्ग अपनाए। पहले उन्हें गले नहीं लगाया। उसके बाद अपने संबोधन में एक तरह से ट्रंप को सुनाते हुए कहा कि दुनिया आज भरोसे की कमी से जूझ रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने सम्मेलन के दौरान अपने संबोधन में दुनिया को भारत का विकास दर्शन भी समझाया। उन्होंने कहा कि विकास का सवाल केवल सकल घरेलू उत्पाद या व्यापारिक आंकड़ों का नहीं होना चाहिए, बल्कि यह देखना होगा कि विकास किसके लिए, किसके साथ और किस दिशा में हो रहा है। मोदी ने भारत के विकास को समावेशी, लोकतांत्रिक और जनभागीदारी पर आधारित बताया। उन्होंने सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास की नीति को भारत की शक्ति बताया।

बहरहाल, फ्रांस की धरती पर हुई मोदी ट्रंप मुलाकात ने यह स्पष्ट कर दिया है कि नया भारत किसी भी महाशक्ति से आंखों में आंख डालकर बातचीत करता है और सामने वाला खुद को कितना भी बड़ा नेता या बॉस समझता हो, भारत अपनी शर्तों और भारतीयों के हितों को ही प्राथमिकता देता है।

# गुमनाम पार्टी में क्यों शामिल हुए टीएमसी के नामी सांसद?

**(नीरज कुमार दुबे)**

**सबसे दिलचस्प बात यह है कि जिस एनसीपीआई में यह विलय हुआ है, उसका अब तक का राजनीतिक अस्तित्व लगभग नगण्य रहा है।2023 के त्रिपुरा विधानसभा चुनाव में इस दल ने चार उम्मीदवार उतारने की घोषणा की थी, लेकिन आखिरकार तीन सीटों पर ही चुनाव लड़ पाया।तृणमूल कांग्रेस में उठी बगावत ने राष्ट्रीय राजनीति को ऐसा मोड़ दे दिया है जिसकी गूंज आने वाले महीनों तक सुनाई दे सकती है।हम आपको बता दें कि लोकसभा में तृणमूल कांग्रेस के 20 बागी सांसदों ने अचानक एक लगभग गुमनाम दल नेशनलिस्ट सिटिजन्स पार्टी ऑफ इंडिया यानी एनसीपीआई में विलय का ऐलान कर दिया और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से अलग समूह के तौर पर मान्यता तथा सदन में अलग बैठने की मांग कर डाली। इस घटनाक्रम ने केवल बंगाल की राजनीति को नहीं हिलाया।**

दलबदल कानून, विपक्ष की एकजुटता और संसद की शक्ति संतुलन की बहस को भी फिर से केंद्र में ला खड़ा किया है।

सबसे दिलचस्प बात यह है कि जिस एनसीपीआई में यह विलय हुआ है, उसका अब तक का राजनीतिक अस्तित्व लगभग नगण्य रहा है। 2023 के त्रिपुरा विधानसभा चुनाव में इस दल ने चार उम्मीदवार उतारने की घोषणा की थी, लेकिन आखिरकार तीन सीटों पर ही चुनाव लड़ पाया। पार्टी के उम्मीदवारों का प्रदर्शन इतना कमजोर रहा कि वे कई जगह नोटा से थोड़ा ही आगे निकल सके। त्रिपुरा की चावमानु सीट पर पार्टी उम्मीदवार बरजेदा त्रिपुरा को केवल 536 वोट मिले, जबकि नोटा को 500 वोट प्राप्त हुए। कैलाशहर सीट पर पार्टी को मात्र 286 वोट मिले। कुल मिलाकर दो सीटों पर एनसीपीआई को सिर्फ 822 वोट हासिल हुए थे।

खास बात यह भी है कि इस पार्टी का चुनाव चिह्न 'पेन की निब' है और इसने नारा दिया था, अपने अधिकारों की रक्षा के लिए दलबदलुओं को नकारें। लेकिन राजनीति की विडंबना देखिए कि अब वही दल देश के सबसे चर्चित दलबदल का मंच बन गया है। वैसे इस पूरे घटनाक्रम के पीछे केवल नाराजगी नहीं, बल्कि गहरी राजनीतिक रणनीति दिखाई दे रही है। बागी सांसदों का मकसद सीधे भाजपा में जाना नहीं, बल्कि पहले एक अलग राजनीतिक पहचान बनाकर दलबदल कानून से बचना माना जा रहा है। हम आपको बता दें कि संविधान की दसवीं अनुसूची के तहत यदि किसी दल के दो तिहाई विधायक या सांसद किसी दूसरे दल में विलय करते हैं, तो उन्हें अयोग्यता से राहत मिल सकती है। इसी कानूनी रास्ते का इस्तेमाल करते हुए बागी गुट खुद को असली तृणमूल साबित करने की जमीन तैयार कर रहा है।

तृणमूल के वरिष्ठ सांसद सुदीप बंद्योपाध्याय ने साफ कहा है कि अभी उन्होंने एनसीपीआई में विलय किया है, लेकिन संसद का अगला सत्र शुरू होने पर वह तृणमूल नाम और पहचान पर दावा करेंगे। उनका कहना है कि दो तिहाई सांसद उनके साथ हैं, इसलिए वास्तविक राजनीतिक अधिकार भी उसी गुट के पास होना चाहिए। दूसरी ओर, टीएमसी के महासचिव अभिषेक बनर्जी ने लोकसभा अध्यक्ष को पत्र लिखकर इस दावे को सिरे से खारिज कर दिया। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के महाराष्ट्र राजनीतिक संकट वाले फैसले का हवाला देते हुए कहा कि केवल विधायी दल का टूटना पर्याप्त नहीं होता, मूल राजनीतिक दल का विलय भी जरूरी है।

देखा जाये तो यही वह बिंदु है जहां यह लड़ाई केवल संख्या की नहीं, बल्कि कानूनी और संवैधानिक व्याख्या की बन जाती है। तृणमूल कांग्रेस का तर्क है कि पार्टी सर्वोपरि है, सांसद नहीं। जबकि बागी गुट संख्या बल के आधार पर वैधता चाहता है। इस टकराव का अंतिम फैसला अब अदालत और लोकसभा अध्यक्ष की व्याख्या पर निर्भर करेगा।



हम आपको यह भी बता दें कि इस घटनाक्रम की तुलना 2016 के अरुणाचल प्रदेश संकट से भी की जा रही है। तब कांग्रेस के अधिकांश विधायक पहले पीपुल्स पार्टी ऑफ अरुणाचल में गए और बाद में भाजपा में शामिल हो गए थे। उसी रास्ते ने भाजपा को पूर्वोत्तर में पहली पूर्ण सरकार दी थी। अब तृणमूल के भीतर भी वैसी ही पटकथा दिखाई दे रही है। फर्क सिर्फ इतना है कि इस बार दांव बंगाल की सबसे बड़ी विपक्षी शक्ति पर लगा है।

राजनीतिक दृष्टि से देखें तो यह ममता बनर्जी के नेतृत्व के लिए सबसे बड़ा झटका माना जाएगा। बंगाल में भाजपा लगातार तृणमूल कांग्रेस को घेरने की कोशिश कर रही है और अब यदि लोकसभा में पार्टी का बड़ा हिस्सा अलग खड़ा हो जाता है, तो विपक्षी राजनीति में ममता की राष्ट्रीय भूमिका कमजोर पड़ सकती है। खासकर ऐसे समय में जब विपक्षी एकता की राजनीति पहले ही बिखराव का शिकार है। दूसरी ओर, भाजपा के लिए यह घटनाक्रम अप्रत्यक्ष राजनीतिक लाभ लेकर आ सकता है। बागी सांसदों ने पहले ही राजग को समर्थन देने के संकेत दिए हैं। यदि यह समीकरण आगे बढ़ता है, तो संसद में सत्ता पक्ष की स्थिति और मजबूत हो सकती है।

सबसे तीखी चोट हालांकि राजनीति की नैतिकता पर पड़ती दिखाई देती है। जिस दल ने दलबदलुओं को नकारने का नारा दिया था, वही अब दलबदल की सबसे बड़ी प्रयोगशाला बन गया है। यह भारतीय राजनीति का वह चेहरा है, जहां विचारधारा से ज्यादा महत्व संख्या, सत्ता और कानूनी चालों का रह गया है। छोटे दल अब केवल चुनाव लड़ने के मंच नहीं, बल्कि राजनीतिक पुनर्जन्म के औजार बनते जा रहे हैं। तृणमूल कांग्रेस की यह टूटन आने वाले दिनों में केवल बंगाल की राजनीति नहीं बदलेगी, बल्कि यह तय करेगी कि देश में दलबदल कानून की असली ताकत कितनी बची है। संसद, अदालत और चुनाव आयोग, तीनों की अग्निपरीक्षा अब शुरू हो चुकी है। उधर, एनसीपीआई पार्टी के कार्यालय के बाहर इन दिनों कौतूहल के साथ लोग इकट्ठा हो रहे हैं। आसपास के लोगों का तो यहां तक कहना है कि हमें तो पता ही नहीं था कि यहां से कोई पार्टी चल रही है।(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

# होल्डिंग टैक्स पर सुनहरा मौका : 30 जून तक भुगतान करने वालों को मिलेगा लाभ

## नगर पंचायत बारसोई ने शुरू किया विशेष अभियान, बकायेदारों से शीघ्र कर जमा करने की अपील

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**बारसोई (कटिहार)।** नगर पंचायत बारसोई ने होल्डिंग करदाताओं को बड़ी राहत देते हुए 30 जून 2026 तक संपत्ति कर की मूल राशि पर 5 प्रतिशत की विशेष छूट देने की घोषणा की है। बिहार नगर पालिका संपत्ति कर निर्धारण, संग्रहण एवं वसूली नियमावली-2013 के तहत लागू यह योजना नगर क्षेत्र के सभी आवासीय, व्यावसायिक, औद्योगिक तथा केंद्र एवं राज्य सरकार से संबंधित संपत्तियों पर समान रूप से प्रभावी होगी। इस संबंध में मुख्य पार्षद विमला देवी, उप मुख्य पार्षद प्रमोद कुमार साहा एव नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी रजनीश कुमार ने संयुक्त रूप से नगरवासियों से इस सुनहरे अवसर का लाभ उठाने की अपील करते हुए कहा कि निर्धारित तिथि तक कर भुगतान करने पर करदाताओं को सीधे आर्थिक लाभ मिलेगा। उन्होंने विशेष रूप से उन लोगों से भी आगे आने का आग्रह किया जिनके होल्डिंग का अब तक कर निर्धारण नहीं हुआ है। ऐसे लोग नगर पंचायत कार्यालय पहुंचकर अपना होल्डिंग निर्धारण कराएं और नगर प्रशासन के रिकॉर्ड को अद्यतन बनाने में सहयोग करें। कर संग्रहण अभियान को सफल बनाने के लिए नगर पंचायत द्वारा सभी वार्डों में माइकिंग के माध्यम से व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। वहीं नगर पंचायत कार्यालय स्थित आरटीपीएस काउंटर पर विशेष शिविर लगाकर करदाताओं को सुविधा प्रदान की जा रही है। ताकि लोग बिना किसी परेशानी के अपना होल्डिंग टैक्स जमा कर सकें। नगर प्रशासन का मानना है कि समय पर कर भुगतान से न केवल नागरिकों को छूट का लाभ मिलेगा। बल्कि नगर के विकास कार्यों को भी नई गति मिलेगी। ऐसे में नगरवासियों से अपील की गई है कि अंतिम तिथि का इंतजार किए बिना जल्द से जल्द कर जमा कर इस विशेष छूट योजना का लाभ उठाएं।

## हाईवे पर लिफ्ट मांगा और आगे जा कर छीन ली बाइक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनसाही (कटिहार)।** मनसाही थाना क्षेत्र के कजरा फ्लाईओवर पर दोपहर में मनिहारी थाना क्षेत्र के कुमारीपुर पंचायत के बोरनी निवासी एक युवक नितेश कुमार से अपराधियों ने पिस्टल की नोक पर उसकी ब्लैक कलर की पल्सर बाइक छीन ली। इस संबंध में पीड़ित युवक नितेश ने बताया कि वह एक छात्र है वह कटिहार से वापस घर अपनी बाइक से हाईवे के रास्ते आ रहा था। तभी मुफस्सिल थाना क्षेत्र के उदामारेखा के पास दो युवकों ने उसकी बाइक रुकवाई और कहा कि वह गर्मी से परेशान है। हमको हफलागंज तक लिफ्ट दे दो। उसने दोनों को लिफ्ट दिया। मगर उन लोगों ने रास्ते में कहा कि हमें कजरा जाना वहां तक छोड़ दो। जब वे कजरा फ्लाईओवर पर पहुंचे तो उनमें से एक ने मुझे पिस्टल सटा कर कहा कि चुपचाप बाइक रोको। बाइक रोकते ही वे लोग हथियार के बल पर उन दोनों ने मेरी बाइक छीन ली।

## बाबा गोरखनाथ धाम मंदिर न्यास समिति की बैठक



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सालमारी (कटिहार)।** बाबा गोरखनाथ धाम मंदिर न्यास समिति के पदेन अध्यक्ष सह एसडीओ राजु कुमार की अध्यक्षता में आगामी सावन माह की तैयारी को लेकर समीक्षात्मक बैठक की गई। इस अवसर पर मंदिर कमेटी के सचिव पिंटू यादव ने बताया कि श्रावण पूर्णिमा के मौके पर देश विदेश से लाखों श्रद्धालु मनिहारी गंगा घाट से जल भर कर पैदल चल कर बाबा गोरखनाथ धाम पहुंच कर जलाभिषेक करते हैं। साथ ही प्रत्येक सोमवारी के अवसर पर श्रद्धालुओं की भीड़ जुटती है।

इस दौरान श्रद्धालुओं को कोई परेशानी ना हो इसके लिए मंदिर न्यास समिति सावन माह पूर्व ही अपनी तैयारी पूरी करने के उद्देश्य से समीक्षात्मक बैठक आयोजित कर तैयारी का जायजा लिये। साथ ही पर्यटन विभाग के द्वारा किये जा रहे विकास के कार्यों को भी देखा गया। संवेदक को आदेश निर्गत किया गया की जून माह तक शिवगंगा के कार्य को समाप्त करें।ताकि श्रद्धालुओं को जलाभिषेक करने में कोई परेशानी ना हो। सभी घाट जून माह तक पूर्ण करने का आदेश दिया गया। किसी भी हालत में 30 जून तक सभी कार्य संवेदक को करने को कार्य एजेंसी को आदेश दिया गया। बैठक में कमेटी सदस्यों ने बताया की श्रद्धालु को कोई परेशानी नहीं होगी। मंदिर न्यास समिति की तरफ से पूरा प्रयास किया जा रहा है कि आगामी सावन माह में शिव भक्त आराम से बाबा भोलेनाथ का जलाभिषेक कर सके।बैठक में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अजय कुमार ने कहा कि पुलिस बल की पर्याप्त मात्रा में प्रतिनियुक्ति की जायेगी। और एक माह के लिए एक मोबाइल थाना मंदिर परिसर में खोला जायेगा। बैठक में एसडीओ राजु कुमार, एसडीपीओ अजय कुमार, सीओ रिजवान आलम, थाना अध्यक्ष कुमारी जुली, मंदिर समिति के सचिव पिंटू यादव, उपाध्यक्ष अक्षय सिंह, कोषाध्यक्ष दिलीप कुमार सिंह, श्याम नाथ यादव, राधाकांत घोष, अशोक साह, निताई यादव, सुरेश दास, प्रदीप शर्मा, पंचानंद यादव, चंदन यादव, सनी यादव, देवनारायण मुनिया, राजेश भगत, बजरंग चौधरी, फनी सिंह, रामविलास शर्मा, सुदीपतो घोष, राजू घोष, नारायण बिन्द, गणेश बोसक, पप्पू शर्मा, कविंद्र सिंह, प्रमोद अग्रवाल, सीमा यादव, रतन दास, प्रवेश साह सहित सभी सदस्य गण उपस्थित रहे ।


## संक्षिप्त समाचार

### पूर्व सांसद व मंत्री पुत्र स्मैक के साथ गिरफ्तार

**कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिले के फलका थाना क्षेत्र में पुलिस ने मादक पदार्थों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक अंतर-जिला स्मैक तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर जाल बिछाकर दो शातिर तस्करों को रंगे हाथ दबोच लिया. गिरफ्तार तस्करों में एक हाई-प्रोफाइल नाम सामने आया है। जो अररिया के पूर्व सांसद सह पूर्व कैबिनेट मंत्री रामजी दास ऋषि का पुत्र सुनील कुमार है। सुनील वर्तमान में रोजगार सेवक के पद पर तैनात है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 102.79 ग्राम स्मैक और बिना नंबर की महंगी स्पोर्ट्स बाइक बरामद की है।

### मुजवरटाल खिजुरिया सड़क किनारे मिला अज्ञात महिला का शव

**मनिहारी/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड क्षेत्र के उत्तरी कांटाकोश पंचायत के मुजवरटाल खिजुरिया पीएमजीएसवाई सड़क के किनारे झाड़ी मे एक अज्ञात आदिवासी महिला का शव मिलने से क्षेत्र मे सनसनी फैल गया है । पूर्व सरपंच सह सरपंच प्रतिनिधि राजेंद्र



सिंह ने थानाध्यक्ष को अज्ञात शव मिलने की सूचना दिया । शव की सूचना मिलते ही एसडीपीओ विनोद कुमार के नेतृत्व मे पुलिस पदाधिकारी घटना स्थल पहुंच कर शव को कब्जे मे लेकर मामले की जांच मे जुट गई। घटना की सूचना मिलते ही देखने वाले लोगो की भीड़ जुट गई। पुलिस ने शव की पहचान के लिए ग्रामीणो से पुछ ताछ किया । परंतु स्थानीय ग्रामीण शव की पहचान करने से इन्कार कर दिया । एसडीपीओ के पहल पर फोरेंसिक टीम भी घटना स्थल पहुंच कर साक्ष्य एकतृत किया । घटना से पुरे इलाके मे सनसनी फैल गया है । लोग तरह तरह की बाते कर रहें हैं । एसडीपीओ ने बताया कि महिला का शव देखने से प्रथमदृष्ट्या हत्या कर साक्ष्य छुपाना प्रतित हो रहा है । उन्होंने बताया महिला आदिवासी समुदाय की दिख रही है। महिला के गला तथा फेस पर चोट का जख्म दिखाई दे रहा है । एसडीपीओ ने कहा कि किसी ने महिला का हत्या कर शव को उठाकर यहां फेक दिया है । महिला का पहचान नही हो सका है । पांच वर्ष पूर्व मे भी मुजवरटाल के पास एनएच 31ए सड़क किनारे मकई के खेत मे एक अज्ञात आदिवासी महिला का शव मिला था । जिसका अब तक उद्भेदन नही हो सका था ।

### महानंदा नदी किनारे धड़ल्ले से हो रहा अवैध मिट्टी खनन

**अमदाबाद/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड में मिट्टी माफियाओं की बल्ले-बल्ले है। मिट्टी माफिया बेधड़क महानंदा नदी के किनारे जेसीबी लगाकर अवैध तरीके से मिट्टी का खनन कर रहे



हैं। लखनपुर पंचायत के जियामारी गांव के समीप महानंदा नदी के उस पार तीन-तीन जेसीबी और दर्जनों ट्रैक्टर धड़ल्ले से मिट्टी की कटाई में लगे हुए थे। लेकिन प्रशासन के द्वारा किसी भी तरह की कार्रवाई नहीं है।स्थानीय ग्रामीण कहते है कि इन माफियाओं के सिर पर बड़े पदाधिकारियों का हाथ है। अवैध खनन इस प्रखंड की पुरानी दास्तान है। सुदूर प्रखंड होने के कारण जिला के आला पदाधिकारी एवं खनन विभाग की नजर नहीं पड़ती है। वहीं कुछ लोगों का कहना है कि यह सब कुछ जानकारी में हो रहा है। इधर जदयू जिला महासचिव राजकुमार साह उर्फ राजू साह ने बताया कि स्थानीय प्रशासन की मिलीभगत से अवैध खनन का खेल चल रहा है। जिला प्रशासन से मांग करते हैं कि इसकी जांच हो तथा अवैध खनन पर रोक लगने की मांग करते हैं।

### नाबालिग के साथ दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कोढ़ा/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** कोढ़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत बसगड़ा पंचायत,वार्ड संख्या -11 में एक 04 वर्षीय बालिका के साथ दुष्कर्म की गंभीर एवं निंदनीय घटना घटित होने की सूचना प्रकाश में आयी है ।



सूचना मिलते ही कोढ़ा थाना पुलिस द्वारा त्वरित संज्ञान लेते हुए संबंधित कांड दर्ज किया गया।प्रारंभिक जांच एवं प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर नामजद अभियुक्त जगत व्याधा, पिता एतवारी व्याधा को तत्काल कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर लिया गया है। घटनास्थल का निरीक्षण एफएसएल टीम द्वारा वैज्ञानिक एवं सूक्ष्म तरीके से किया गया। जिसमें आवश्यक साक्ष्य संकलित किए गए हैं। साथ ही पीड़िता का चिकित्सीय परीक्षण सदर अस्पताल कटिहार में चिकित्सकों की उपस्थिति में कराया गया है।वरीय पुलिस पदाधिकारियों द्वारा भी घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच की प्रगति की समीक्षा की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। पुलिस द्वारा इस कांड में तत्परता एवं संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई करते हुए अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजने की प्रक्रिया की जा रही है।

# नाबालिग के साथ दुष्कर्म, इलाके में आक्रोश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**कोढ़ा (कटिहार)।** कोढ़ा थाना क्षेत्र से इंसानियत को शर्मसार कर देने वाली एक बेहद दर्दनाक घटना सामने आई है। यहाँ के मूसापुर पंचायत के छोटी परमानंदपुर गाँव में एक 14 वर्षीय महादलित नाबालिग बच्ची को अपनी हवस का शिकार बनाया गया है। घटना के बाद से पूरे इलाके में तनाव और गहरा आक्रोश व्याप्त है। जानकारी के अनुसार छोटी परमानंदपुर निवासी बदला नाम चंप ऋषि की 14 वर्षीय पुत्री बुधवार की शाम करीब सात बजे अपनी दो सहेलियों के साथ गाँव के बाहर मैदान की शौच के लिए गई थी। इसी दौरान मूसापुर निवासी मोहम्मद नौशाद का ट्रैक्टर चालक अपने एक सहयोगी के साथ वहाँ पहुँच गया। अंधेरे का फायदा उठाकर दोनों आरोपियों ने तीनों बच्चियों को जबरन ट्रैक्टर पर बैठाने का प्रयास किया और उनके साथ छेड़छाड़ शुरू कर दी। दरिंदों के चंगुल से किसी तरह छूटकर दो बच्चियाँ जान बचाकर गाँव की तरफ भागीं। उन्होंने बदहवास हालत में ग्रामीणों को पूरी बात बताई। सूचना मिलते ही गाँव के दर्जनों लोग लाठी-डंडे लेकर तुरंत मैदान की तरफ दौड़े। लेकिन जब तक ग्रामीण मौके पर पहुँचते तब तक ट्रैक्टर चालक और उसके सहयोगी ने मासूम बच्ची के साथ सामूहिक दुष्कर्म की खौफनाक वारदात को अंजाम दे दिया था। ग्रामीणों को आता देख दोनों आरोपी बच्ची को लहूलुहान और अर्धनग्न अवस्था में छोड़कर अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। तड़पती हुई मासूम बच्ची को ग्रामीणों ने संभाला और उसे वापस घर लेकर आये। आक्रोशित ग्रामीणों ने घटनास्थल पर खड़े ट्रैक्टर को जब्त कर गाँव खींच लाया और तुरंत कोढ़ा थाना पुलिस को मामले की सूचना दी। घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए कोढ़ा पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की है। पुलिस ने जाल बिछाकर मुख्य आरोपी ट्रैक्टर चालक मो. अकबर को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि उसका सहयोगी अब भी फरार बताया जा रहा है। इस मर्माहत करने वाली घटना ने स्थानीय कानून व्यवस्था और महिलाओं की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। पीड़ित परिवार गहरे सदमे और खौफ में है।

## पीडीएस डीलर पर 15 लाख के अनाज गबन का आरोप, प्राथमिकी दर्ज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कदवा (कटिहार) ।** कदवा प्रखंड क्षेत्र में एक जनवितरण प्रणाली के दुकानदार पंद्रह लाख से अधिक की राशि का सरकारी अनाज गबन का मामला प्रकाश में आया है। मामले को लेकर कदवा थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। यह कार्रवाई कदवा प्रखंड के आपूर्ति निरीक्षक संजीत कुमार सिंह द्वारा अनुमंडल पदाधिकारी बारसोई से मिले आदेश के उपरांत की गई है। दिए गए आवेदन में आपूर्ति निरीक्षक संजीत कुमार सिंह ने बीते 6 मई 2026 को दोपहर करीब 01:20 बजे गैठौरा पंचायत के चाँदपुर गाँव स्थित पीडीएस विक्रेता राजेन्द्र प्रसाद साह अनुज्ञाप्ति संख्या-09/89 के गोदाम का औचक निरीक्षण किए जाने की बात बताते हुएजांच के दौरान भौतिक सत्यापन करने पर गोदाम से भारी मात्रा में सरकारी अनाज जिसमें गेहूं 145 क्विंटल कम, चावल- 270 क्विंटल, कुल 415 क्विंटल अनाज कम जिसकी अनुमानित बाजार कीमत लगभग 15,00,000 रुपये पंद्रह लाख रुपये आंकी गई है।गोदाम में मिली इस भारी अनियमितता के बाद आपूर्ति निरीक्षक ने उसी दिन 6 मई 2026 को पत्रांक-50 के माध्यम से पूरी जांच रिपोर्ट अनुमंडल पदाधिकारी बारसोई को सौंपते हुए डीलर के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की अनुमति मांगी थी।

# मोहर्रम को लेकर आबादपुर थाना में शांति समिति की बैठक

## मोहर्रम कमेटी को लेना होगा लाइसेंस, चप्पे-चप्पे पर पुलिस की रहेगी निगरानी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**बारसोई (कटिहार)।** बारसोई प्रखंड के आबादपुर थाना परिसर में मोहर्रम पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता आबादपुर थाना अध्यक्ष शादाब अहमद ने की। बैठक में आबादपुर क्षेत्र के सभी राजनीतिक दल के लोग एवं गण माननीय लोग मौजूद रहे। इस संबंध में आबादपुर थाना अध्यक्ष शादाब अहमद ने कहा कि मोहर्रम का पर्व शांति पूर्वक वातावरण में संपन्न हो इसको लेकर बैठक आहूत की गई है। अपनी अपनी राय स्थानीय लोग ने रखी। शादाब अहमद ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि सरकार के गाइडलाइन के अनुसार सभी लोगों को पालन करनी होगी।एवं ताजिया कमेटी को लाइसेंस लेना अनिवार्य होगा।तथा आबादपुर पुलिस जनता के साथ है। मोहर्रम को लेकर के पुलिस बल की तैनाती रहेगी तथा क्षेत्रका भ्रमण करेंगे पुलिस पदाधिकारी। अफवाह से सावधान रहे सभी लोग। आबादपुर थानाध्यक्ष शादाब अहमद ने कहा कि चौक चौराहे पर पुलिस की निगरानी रहेगी। बैठक में उपस्थित लोगों ने थाना अध्यक्ष को अस्वस्थ करते हुए कहा कि मोहर्रम का पर्व में हिंदू मुस्लिम एकता का मिसाल मिलेगा।इस अवसर पर सपन शाह, मिहिर मुखर्जी, आफताब ताज, सरपंच प्रतिनिधि आरिफ, कांग्रेस नेता जहरुल इस्लाम, पूर्व मुखिया मोहम्मद अफरोज, जाकिर हुसैन, सरपंच अलीमुद्दीन, जबीर, नूरुद्दीन नारायण पांडे गौतम मोदक मुखिया प्रतिनिधि अददु दर्जन लोग मुख्य रूपसे उपस्थित रहे ।

## मोहर्रम को लेकर गोरियारी में शांति समिति की बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**बरारी (कटिहार)।** सेमापुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गोरियारी में आगामी मोहर्रम पर्व के मद्देनजर शांति एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी टु सुनील कुमार शर्मा की उपस्थिति में जनप्रतिनिधियों, प्रबुद्ध नागरिकों एवं स्थानीय लोगों ने भाग लिया। बैठक में मोहर्रम पर्व को आपसी भाईचारे, सौहार्दपूर्ण वातावरण एवं शांतिपूर्ण ढंग से मनाने पर जोर दिया गया। अधिकारियों ने उपस्थित लोगों से प्रशासन का सहयोग करने तथा किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान नहीं देने की अपील की। साथ ही पर्व के दौरान कानून - व्यवस्था बनाए रखने एवं निर्धारित दिशा-निर्देशों का पालन करने का आग्रह किया गया। इस अवसर पर सदर टु एसडीपीओ सुनील कुमार शर्मा एवं सेमापुर थानाध्यक्ष रामशंकर कुमार ने कहा कि मोहर्रम पर्व शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो, इसके लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। उन्होंने लोगों से आपसी सौहार्द बनाए रखने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की। बैठक में मौजूद जनप्रतिनिधियों एवं खलीफाओं ने भी पर्व को शांतिपूर्ण एवं अनुशासित ढंग से मनाने का भरोसा दिलाया। प्रशासन द्वारा पर्व के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आवश्यक तैयारियों की जानकारी भी दी गई।

## 54 लीटर विदेशी शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**हसनगंज (कटिहार) ।** हसनगंज पुलिस ने गुरुवार को गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए बड़ी मात्रा में अवैध विदेशी शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 54,550 लीटर विदेशी शराब बरामद की है। जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली थी कि थाना क्षेत्र के पिपरा गांव निवासी नवीन कुमार साह पिता नरेश साह अपने घर के पीछे अवैध विदेशी शराब छिपाकर रखे हुए है। सूचना के सत्यापन के लिए थाना अध्यक्ष के द्वारा पुलिस टीम ने छापामारी की,छापेमारी के दौरान पुलिस को देखकर एक व्यक्ति भागने का प्रयास करने लगा। जिसे पुलिस बल की मदद से पकड़ लिया गया। पकड़े गए व्यक्ति की पहचान पिपरा ग्राम निवासी नवीन कुमार साह के रूप में हुई। तलाशी के क्रम में पुलिस ने उसके कब्जे से कुल 54,550 लीटर अवैध विदेशी शराब बरामद की और उसे गिरफ्तार कर लिया गया।थानाध्यक्ष निक्की ने बताया कि गिरफ्तार तस्कर के विरुद्ध मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## 105 ग्राम स्मैक के साथ दो तस्कर गिरफ्तार, बाइक भी जब्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**आजमनगर (कटिहार)।** थाना क्षेत्र में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 105 ग्राम स्मैक के साथ दो तस्कर को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई थाना क्षेत्र के जलकी चौक के समीप गुप्त सूचना के आधार पर की गई है। थानाध्यक्ष नीरज कुमार ने बताया कि जलकी पंचायत के रास्ते मादक पदार्थों की तस्करी होने की सूचना प्राप्त हुई थी। सूचना मिलते ही जलकी पीर मजार चौक के समीप वाहन जांच अभियान चलाया गया।जांच के दौरान बाइक सवार दो व्यक्ति पुलिस की गाड़ी देखकर भागने का प्रयास करने लगे। लेकिन पुलिस बल की तत्परता से दोनों को पकड़ लिया गया। पूछताछ में उन्होंने अपनी पहचान मोहम्मद साबिर (55) वर्ष निवासी दक्षिण टोला आजमनगर तथा मोहम्मद अकबर ( 23) निवासी राघौल के रूप में बताया।तलाशी लेने पर दोनों के पास से 105 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त बाइक को भी जब्त कर लिया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर थाना लाने के बाद आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए न्यायिक हिरासत कटिहार भेज दिया है।

# शांतिपूर्ण माहौल में मोहर्रम मनाने की अपील

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**आजमनगर (कटिहार)।** शांतिपूर्ण माहौल में मुहर्रम पर्व मनाने को लेकर आजमनगर थाना क्षेत्र के अति संवेदनशील कर्बला मैदान बथना राही प्रांगण में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अजय कुमार ने संयुक्त रूप से किया। पूर्व से संवेदनशील रहे इमामबाड़ा बथना राही मे मोहर्रम का त्यौहार शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराए जाने को लेकर प्रशासन काफी चुस्त दुरुस्त नजर आ रहे हैं।

इस बाबत संवेदनशील बिंदुओं पर स्थानीय जनप्रतिनिधि गणमान्य लोगों को बुलाकर आयोजित बैठक में कई निर्णय लिए गए। बैठक में दोनों समुदाय के लोग बढ़-चढ़कर भाग लिए ।बैठक में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अजय कुमार के द्वारा शांतिपूर्ण माहौल तथा सद्भाव के साथ मोहर्रम का त्यौहार मनाने की अपील की गई। वहीं बताया गया कि आजमनगर प्रखंड क्षेत्र के सभी कर्बला मैदान में दंडाधिकारी के साथ पुलिस पदाधिकारी की भी प्रतिनियुक्ति की गई है ।अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अजय कुमार ने कहा कि शरारती तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। अफवाह फैलाने वाले एवं शांति व्यवस्था में व्यवधान उत्पन्न करने वाले के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि अफवाह पर लोग ध्यान ना दें। शरारती तत्वों की संदिग्ध गतिविधियों की सूचना अविलंब स्थानीय पुलिस एवं प्रशासन के बड़े अधिकारी को दें। उन्होंने कहा कि थाना क्षेत्र में संवेदनशील स्थानों को चिन्हित कर पर्याप्त संख्या में पुलिस बलों की तैनाती की जाएगी ।इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी अनुमंडल पुलिस अधिकारी के अलावे आजमनगर थानाध्यक्ष नीरज कुमार अंचल अधिकारी रिजवान आलम देवगांव पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि अनिलफुल उदुल, जोकर पंचायत के मुखिया तनवीर आलम, समाजसेवी दयानंद सिंह, देवगांव सरपंच प्रतिनिधि शाहजहां, जोकर पंचायत सरपंच पुरुषोत्तम शर्मा, मोहम्मद छोटू आदि सहित सैकड़ो की तादाद में मोहर्रम कमेटी के सदस्य जनप्रतिनिधि आदि बैठक में उपस्थित रहे।

## अमेरिका-ईरान डील के बीच सोने-चांदी में भारी गिरावट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिका और ईरान ने तीन महीने से भी अधिक समय तक चली लड़ाई के बाद आखिरकार अंतरिम समझौते पर हस्ताक्षर कर



लिए हैं। इससे कच्चे तेल की कीमत में गिरी है। इस बीच सोने और चांदी की कीमत में आज शुरुआती कारोबार में भारी गिरावट देखने को मिली है। एमसीएक्स पर शुरुआती कारोबार में सोना करीब 1,600 रुपये सस्ता हो गया जबकि चांदी की कीमत में करीब 6,300 रुपये की भारी गिरावट आई। एमसीएक्स पर 3 जुलाई की डिलीवरी वाली चांदी पिछले सत्र में 2,51,807 रुपये प्रति किलो के भाव पर बंद हुई थी। आज यह 2,48,000 रुपये पर खुली और शुरुआती कारोबार में 6,298 रुपये की गिरावट के साथ 2,45,509 रुपये तक आ गई। सुबह 9.55 बजे यह 5,374 रुपये की गिरावट के साथ 2,46,433 रुपये पर ट्रेड कर रही थी। 5 अगस्त की डिलीवरी वाला सोना पिछले सत्र में 1,53,879 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर बंद हुआ। आज यह 1,52,306 रुपये पर खुला और शुरुआती कारोबार में यह 1,716 रुपये की गिरावट के साथ 1,52,163 रुपये तक फिसला। सुबह 10 बजे यह 1,687 रुपये यानी 1.10 फीसदी की गिरावट के साथ 1,52,192 रुपये पर ट्रेड कर रहा था। सर्राफा बाजार में सोने फ्लैट कारोबार कर रहा है जबकि चांदी की कीमत में गिरावट आई है। गुड रिटर्न्स के मुताबिक 24 कैरेट सोना 1,51,100 रुपये पर है जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,38,500 रुपये और 18 कैरेट 1,13,320 रुपये पर है। चांदी 5,000 रुपये की गिरावट के साथ 2,60,000 रुपये प्रति किलो पर आ गई।

## अमेरिका-ईरान डील और कच्चे तेल में गिरावट के बावजूद शेयर बाजार में गिरावट


**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिका और ईरान के बीच डील और कच्चे तेल की कीमत में गिरावट के




बावजूद घरेलू शेयर बाजार में आज गिरावट मामूली गिरावट आई है। अमेरिकी शेयर बाजार में बुधवार को गिरावट आई जिसका असर आज भारतीय बाजार पर भी देखने को मिल रहा है। शुरुआती कारोबार में बीएसई संसेक्स में 100 अंक से अधिक गिरावट आई। सुबह 9.22 बजे संसेक्स 52.58 अंक यानी 0.07% नीचे 77,103.04 अंक पर ट्रेड कर रहा था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी50 इंडेक्स फ्लैट ट्रेड कर रहा था। इससे पहले लगातार चार सत्र में शेयर बाजार में तेजी रही। बुधवार को संसेक्स 347.14 अंक की तेजी के साथ बंद हुआ था जबकि निफ्टी में 96.55 अंक की तेजी आई थी। इस बीच रुपया डॉलर के मुकाबले गिरावट के साथ खुला। पिछले सत्र में यह 94.53 पर बंद हुआ था और आज 94.66 पर खुला। संसेक्स के 30 में से 10 शेयर गिरावट के साथ खुले। आईटी शेयरों में सबसे ज्यादा गिरावट आई। इन्फोसिस, एचसीएल टेक, टेक महिंद्रा, टीसीएस और बजाज फाइनेंस में सबसे ज्यादा गिरावट आई। दूसरी ओर, ट्रेंट, अडानी पोर्ट्स, बीईएल, एचडीएफसी बैंक और इंडिगो में तेजी रही। निफ्टी के शेयरों में इन्फोसिस, एचसीएल टेक और टीसीएस में सबसे ज्यादा गिरावट रही। ब्रॉडर मार्केट में निफ्टी मिडकैप में 0.17 फीसदी और निफ्टी स्मॉलकैप में 0.24 फीसदी तेजी आई है। सेक्टरवाइज देखें तो निफ्टी आईटी में सबसे ज्यादा गिरावट आई है। निफ्टी पीएसयू बैंक, निफ्टी मेटल और निफ्टी कंज्यूमर ड्यूरेबल्स में तेजी रही।

# खरबपति बनने के बाद एलन मस्क को पहला झटका, 24 घंटे में ही 53,298 करोड़ स्वाहा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** एलन मस्क की कंपनी के शेयरों में रिकॉर्ड के बाद पहली बार गिरावट दर्ज की गई। बुधवार को शेयर करीब 5% टूट गए, जिससे लगातार तीन दिनों से जारी लगभग 50% की तेजी पर विराम लग गया। इससे एलन मस्क को एक ही दिन में 56.4 अरब डॉलर यानी 53,298 करोड़ का झटका लगा। मस्क के नेटवर्थ में आई यह गिरावट भारत के कई अरबपतियों के जीवनभर की कमाई के बराबर है। हालांकि, एलन मस्क के पार अभी भी 1.26 खरब डॉलर की संपत्ति है। इस साल मस्क का नेटवर्थ 640 अरब डॉलर उछला है। ब्लूमबर्ग की खबर के मुताबिक नैस्डैक पर कारोबार के दौरान स्पेसएक्स के शेयर पहले 6% तक चढ़े थे, लेकिन बाद में बिकवाली हावी हो गई और स्टॉक लाल निशान में बंद हुआ। अमेजान से नीचे खिसकी स्पेसएक्स गिरावट के बावजूद करीब 2.5 ट्रिलियन डॉलर बना हुआ है। हालांकि कंपनी वैल्यूएशन के मामले में फिर से नीचे खिसक गई और दुनिया की छठी सबसे मूल्यवान कंपनी बन गई। इसके बावजूद शेयर अभी भी अपने 135 डॉलर के मूल्य से 42% से अधिक ऊपर कारोबार कर रहे हैं। विश्लेषकों का मानना है कि यह गिरावट मुख्य रूप से मुनाफावसूली और दबाव की वजह से आई। अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व ने ब्याज दरें तो स्थिर रखीं, लेकिन इस साल के अंत तक संभावित रेट हाइक के संकेत दिए। इसके बाद अमेरिकी शेयर बाजार में



बिकवाली बढ़ गई। 100 में 1% की कमजोरी के अलावा बॉन्ड यील्ड और डॉलर दोनों मजबूत हुए। इसका असर जैसे हाई-वैल्यूएशन टेक शेयरों पर भी पड़ा। कुल शेयरों में से केवल करीब 4.2% शेयर ही बाजार में ट्रेडिंग के लिए उपलब्ध हैं। कम फ्री-फ्लोट के कारण शेयर में तेज उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि आने वाले महीनों में जब लॉक-इन अवधि खत्म होगी और अंदरूनी निवेशक शेयर बेच सकेंगे, तब शेयर पर अतिरिक्त दबाव बन सकता है।

## अमेरिकी निवेशकों ने 2 घंटे में गंवाई एलन मस्क की नेटवर्थ के बराबर दौलत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिकी शेयर बाजारों में बुधवार को भारी गिरावट आई। एसएंडपी 500 इंडेक्स दो घंटे से भी कम समय में 800 अंक गिर गया। इससे निवेशकों को करीब 1.2 ट्रिलियन डॉलर का नुकसान हुआ जो दुनिया के सबसे बड़े रईस एलन मस्क की नेटवर्थ के बराबर है। टेक शेयरों में सबसे ज्यादा गिरावट आई। फेड रिजर्व के एक फैसले के कारण बाजार की यह हालत हुई। नए चेयरमैन केविन वॉर्श की अध्यक्षता में पहली बार हुई पॉलिसी कमेटी की मीटिंग में फॉरवर्ड गाइडेंस देना बंद कर दिया है और साल के अंत में ब्याज दरों में बढ़ोतरी का संकेत दिया है। इस फैसले से निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई है। डाउ जोंस इंडस्ट्रियल एवरेज ऑल-टाइम हाई पर पहुंचने के बाद 507.12 अंक यानी 0.98 फीसदी गिरावट के साथ बंद हुआ। इसी तरह एसएंडपी 500 इंडेक्स भी 1.21 फीसदी फिसलकर 7,420.10 अंक पर बंद हुआ।

## ब्रिटेन से 1.35 करोड़ डॉलर के ऑर्डर की खबर से रॉकेट बने किर्लोस्कर के शेयर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** किर्लोस्कर फेरस इंडस्ट्रीज के शेयरों में गुरुवार को शुरुआती कारोबार के दौरान जबरदस्त तेजी दर्ज की गई। निवेशक इस स्टॉक को खरीदने के लिए उस वक्त टूट पड़े, जब कंपनी ने शेयर बाजार को बताया कि उसे ब्रिटेन के एक कस्टमर से लगभग 1.35 करोड़ डॉलर का पिग आयरन इंपोर्ट ऑर्डर प्राप्त हुआ है। इस वजह से इस शेयर की कीमत 11.99 प्रतिशत की बढ़त के साथ 497.55 रुपये तक पहुंच गई और यह एनएसई पर टॉप गेनर बन गई। 11 बजे के आसपास स्टॉक करीब 10 प्रतिशत की उछाल के साथ 489 रुपये पर ट्रेड कर रहा था। पिछले 5 दिन में यह शेयर 18 प्रतिशत से अधिक रिटर्न दिया है। जबकि, पिछले एक महीने में 15 प्रतिशत। एक्सचेंज फाइलिंग के जरिए कंपनी ने बताया कि इस अनुबंध के तहत 30,000 मीट्रिक टन बेसिक ग्रेड पिग आयरन की सप्लाई फ्री ऑन बोर्ड के आधार पर की जाएगी। भुगतान की सुरक्षा के लिए लेटर ऑफ क्रेडिट का प्रावधान किया गया है और इसकी अंतिम खेप 15 अगस्त, 2026 तक भेज दी जाएगी। कंपनी ने यह भी स्पष्ट किया कि यह ऑर्डर लंदन के एक अंतरराष्ट्रीय खरीदार से मिला है और इसमें प्रमोटरों या उनके समूह की किसी इकाई का कोई निजी हित नहीं है। यह सौदा संबंधित पक्ष लेन-देन की श्रेणी में भी नहीं आता है। मौजूदा कारोबारी साल के दौरान कंपनी ने कमोडिटी की नरम कीमतों और कमजोर मांग के माहौल के बीच भी अपने मुनाफे में लगातार सुधार किया है।

## फेड के नए चेयरमैन ने भी नहीं मानी ट्रंप की बात, ब्याज दरों में लगातार चौथी बार कोई बदलाव नहीं



**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिका के केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व ने लगातार चौथी बार नीतिगत ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया है। नए चेयरमैन केविन वॉर्श की अध्यक्षता में हुई पहली बैठक में एक साल में पहली बार ब्याज दरों पर फैसला सर्वसम्मति से लिया गया। साथ ही पॉलिसीमेकर्स ने ब्याज दरों की दिशा के बारे में भविष्य के संकेत देना बंद कर दिया। सेंट्रल बैंक ने 2026 के आखिर तक एक बार ब्याज दरें बढ़ाने का संकेत दिया है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने वॉर्श को इस उम्मीद के साथ नियुक्त किया था कि वह ब्याज दरों में कटौती करेंगे। ट्रंप लंबे समय से ब्याज दरों में भारी कटौती की मांग करते रहे हैं। ट्रंप ने मजाक में कहा था कि अगर वॉर्श पॉलिसी रेट में कटौती नहीं करेंगे तो वह उन्हें हटा देंगे। लेकिन ब्याज दरों का निर्धारण करने वाली फेड की कमेटी के 19 सदस्यों में से 9 ने इस साल के अंत में ब्याज दरों में बढ़ोतरी का संकेत दिया है।

फेड रिजर्व की बैठक के बाद जारी नए पॉलिसी स्टेटमेंट और आर्थिक अनुमानों में ईरान युद्ध से बढ़ी महंगाई को लेकर चिंता जताई गई। इस बीच ईरान और अमेरिका के बीच शांति समझौते पर साइन हो चुके हैं और कच्चे तेल की कीमत में गिरावट आई है। हाल के आंकड़ों के मुताबिक अमेरिका में नौकरियों में अच्छी बढ़ोतरी हुई है, बेरोजगारी दर कम है और महंगाई सेंट्रल बैंक के 2% के टारगेट से काफी ऊपर है। फेड का वेट एंड वॉच वाला रुख जारी रहा। अधिकारी इस बात का आकलन कर रहे हैं कि महंगाई का दबाव अस्थायी है या लंबे समय तक रहने वाला है। नए अनुमानों से पता चलता है कि अगले साल महंगाई में तेजी से कमी आएगी। स्टेटमेंट में कहा गया है कि कमेटी कीमतों में स्थिरता लाएगी। अमेरिका में पॉलिसी इंटरेस्ट रेट पिछले साल दिसंबर से 3.5%-3.75% की रेंज में है। इसके इस साल के आखिर तक बढ़ने का अनुमान है।

### महंगाई का अनुमान

महंगाई का अनुमान 2026 के आखिर के लिए 2.7% से बढ़ाकर 3.6% कर दिया गया, जो अगले साल घटकर 2.3% हो जाएगा। फेड का कहना है कि सप्लाई में रुकावट के कारण महंगाई बढ़ी है। माना जा रहा है कि कच्चे तेल की सप्लाई नॉर्मल होने के साथ ही महंगाई में गिरावट आएगी। ईरान युद्ध के कारण कच्चे तेल की कीमत में काफी तेजी आई थी।

## यूएस-ईरान के बीच साइन हुआ एमओयू तो और नीचे आया क्रूड

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिका और ईरान के बीच महीनों तक चले टकराव के बाद आखिर कर युद्ध खत्म करने का समझौता हो गया। अब होर्मुज स्ट्रेट फिर से खुल जाएगा। इसके बाद कच्चे तेल का दाम और नीचे आ गया। हालांकि, भारत में पेट्रोल-डीजल बेचने वाली सरकारी तेल कंपनियों ने गुरुवार, 18 जून 2026 को भी दाम में कोई बदलाव नहीं किया। अपने यहां बीते 25 मई के बाद दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ है।

पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव बीतने के बाद ही पेट्रोलियम कंपनियों ने बीते मई महीने में चार बार दाम बढ़ा चुकी है। ऐसा महज 11 दिनों में हुआ है। सरकारी पेट्रोलियम कंपनियों ने सबसे पहले 15 मई 2026 को पेट्रोल 3 रुपये और डीजल 3.29 पैसे महंगा किया था। इसके बाद 19 मई को पेट्रोल 87 पैसे तो डीजल 91 पैसे, 23 मई 2026 को पेट्रोल 87 पैसे तो डीजल 91 पैसे और 25 मई 2026 को पेट्रोल 2.61 रुपये और डीजल 2.71 रुपये महंगा किया था। उसके बाद दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ है।

तेल कंपनियों की तरफ से मिली जानकारी के अनुसार दिल्ली में आज पेट्रोल 102.12 रुपये प्रति लीटर मिल रहा है। कोलकाता में इसकी कीमत 113.51 रुपये, मुंबई में 111.21 रुपये और चेन्नई में 107.77 रुपये है। एक अनुमान के मुताबिक क्रूड ऑयल महंगा होने से सरकारी तेल कंपनियों को रोजाना पेट्रोल, डीजल, एलपीजी और जेट फ्यूल पर करीब 750 करोड़ रुपये का घाटा हो रहा है। सरकारी ऑयल कंपनियों के मुताबिक बुधवार को दिल्ली में डीजल का प्रति लीटर दाम 95.20 रुपये है। कोलकाता में यह 99.02 रुपये, मुंबई में 97.83 रुपये और चेन्नई में 99.55 रुपये प्रति लीटर है।




कच्चे तेल की कीमत में हाल में काफी बढ़ोतरी हुई है। ईरान युद्ध शुरू होने के बाद यह करीब 50 फीसदी महंगा हो गया है। अमेरिका और ईरान के बीच युद्ध को खत्म करने के लिए औपचारिक हस्ताक्षर हो गया है। इस समझौते पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान ने डिजिटल रूप से हस्ताक्षर किए हैं। इसके बाद होर्मुज जलडमरूमध्य खुलने का मार्ग प्रशस्त हो गया। इसलिए आज फिर कच्चे तेल के दाम एक फीसदी से ज्यादा गिर गए।आज सुबह छह बजे के करीब ब्रेंट क्रूड के दाम में 1.04 फीसदी या 0.83 डॉलर प्रति बैरल की गिरावट के साथ 78.72 के भाव पर ट्रेड होता दिखा। डब्ल्यूटीआई क्रूड तो 1.26 फीसदी या 0.97 डॉलर की गिरावट के साथ 75.82 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेड होता दिख रहा है। पेट्रोलियम मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने इसी सप्ताह बताया था कि अभी भी सरकारी ऑयल मार्केटिंग कंपनियों को हर लीटर पेट्रोल की बिक्री पर 3 रुपये और हर लीटर डीजल की बिक्री पर 27 रुपये का घाटा हो रहा है। एक अप्रैल 2026 को इन कंपनियों को पेट्रोल बेचने पर 24 रुपये प्रति लीटर और डीजल बेचने पर 105 रुपये प्रति लीटर का घाटा हो रहा था। इस वजह से इस समय हर रोज ओएमसीज को 600 करोड़ रुपये का घाटा हो रहा है। बीते 18 मई को हर रोज का घाटा 750 करोड़ रुपये था।

## भूख और गरीबी से लड़कर शरीफा बनीं 3 रेस्टोरेंट की मालकिन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सफलता सुनने में जितना खूबसूरत शब्द है, इसके पीछे उतनी ही कड़ी मेहनत और संघर्ष छिपा होता है। केरल के मलप्पुरम की रहने वाली शरीफा कलाथिंगल की सफलता का संघर्ष भी ऐसा ही रहा है। उन्होंने सिर्फ 100 रुपये से अपने बिजनेस की शुरुआत की और आज उनका कारोबार करोड़ों रुपये का बन चुका है।

यह बात साल 2000 के शुरुआती दशक की है। शरीफा का परिवार बेहद गरीबी से जूझ रहा था। उनके पति जाकिर पेशे से पेंटर थे, लेकिन उन्हें नियमित काम नहीं मिल पाता था। हालात इतने खराब थे कि बरसात के दिनों में कई बार पूरे परिवार को भूखे पेट सोना पड़ता था। एक दिन जब घर में दलिया बनाने के लिए भी राशन नहीं बचा, तो शरीफा ने हिम्मत जुटाई। उन्होंने अपनी एक पड़ोसन से 100 रुपये उधार लिए। इन पैसों से उन्होंने चावल का आटा और गुड़ खरीदा और घर पर उन्नीअप्पम (केरल का एक पारंपरिक मीठा पकवान) बनाया। शरीफा अपनी एक साल की मासूम बेटी को गोद में लेकर रोजाना 4 किलोमीटर पैदल चलती थीं, ताकि




स्थानीय दुकानों और मोहल्लों में उन्नीअप्पम बेच सकें। धीरे-धीरे लोगों को उनके हाथ का स्वाद पसंद आने लगा और उनके बनाए सारे उन्नीअप्पम बिकने लगे। इससे शरीफा का हौसला बढ़ा। उन्होंने उन्नीअप्पम के साथ-साथ पथिरी (चावल की रोटी) और चपाती बनाकर भी बेचना शुरू कर दिया। जब थोड़ी सी आर्थिक स्थिति सुधरी तो उन्होंने छोटा-मोटा कैटरिंग का काम शुरू किया। उन्होंने बिजनेस बढ़ाने के लिए बैंकों से लोन लेने की कोशिश की, लेकिन गिरवी रखने के लिए कोई कीमती सामान न होने के कारण बैंकों ने उन्हें लोन देने से मना कर दिया। बैंकों से निराशा मिलने के बाद भी शरीफा ने हार नहीं मानी। साल 2018 में केरल सरकार की महिला सशक्तिकरण योजना 'कुडुम्बश्री' उनकी मदद के लिए आगे आई। इस योजना के तहत शरीफा को 2 लाख रुपये का लोन मिला। इस पैसे से उन्होंने अपने बेटे के नाम पर 'मुथु कैटरिंग' की शुरुआत की। उन्होंने एक 'डब्बावाला' सर्विस शुरू की। इसके जरिए वे आसपास के दफ्तरों में 50 से ज्यादा सरकारी कर्मचारियों को रोजाना खाना पहुंचाने लगीं। साल 2020 में जब कोविड-19 महामारी आई, तो बाकी लोगों के कारोबार की तरह शरीफा का काम भी ठप हो गया। सारे ऑर्डर्स कैंसिल हो गए। लेकिन कुडुम्बश्री नेटवर्क ने एक बार फिर उनका हाथ थामा।

# 15 जुलाई से भारत में सस्ती हो जाएंगी स्कॉच व्हिस्की और गाड़ियां, भारत-ब्रिटेन के बीच हुई ऐतिहासिक डील

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत और यूनाइटेड किंगडम (च) ने बुधवार को एक बड़ा एलान करते हुए घोषणा की है कि दोनों देशों के बीच हुआ ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौता आगामी 15 जुलाई से पूरी तरह लागू होने जा रहा है। दोनों देशों के बीच समझौते पर हस्ताक्षर होने के एक साल से भी कम समय के भीतर इसे लागू किया जा रहा है।

यूके के बिजनेस एंड ट्रेड विभाग के अनुसार, दोनों देशों के व्यवसायों और कंपनियों के पास अब इस नई व्यवस्था के तहत तैयारी करने के लिए 28 दिनों का समय है, जिसके बाद 15 जुलाई से वे नए नियमों के तहत व्यापार कर सकेंगे। इस डील से ब्रिटेन से आने वाली स्कॉच व्हिस्की और गाड़ियां समेत कई चीजें भारत में काफी सस्ती हो जाएंगी। इस ऐतिहासिक समझौते को अमलीजामा पहनाने में तीन साल से अधिक का समय लगा है। भारत के वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल और ब्रिटेन के व्यापार मंत्री जोनाथन रेनॉल्ड्स ने पिछले साल 24 जुलाई 2025 को ब्रिटिश प्रधानमंत्री की चेकर्स एस्टेट में इस पर हस्ताक्षर किए थे। यह हस्ताक्षर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ब्रिटेन यात्रा के दौरान हुए थे।

पीएम नरेंद्र मोदी ने इसे भारत-यूके द्विपक्षीय संबंधों में एक ऐतिहासिक दिन बताया था, जो दोनों देशों के लिए साझा समृद्धि के रास्ते खोलेगा। वहीं ब्रिटिश पीएम कीर स्टार्मर ने इसे यूरोपीय संघ छोड़ने के बाद ब्रिटेन द्वारा किया गया सबसे बड़ा और आर्थिक रूप से सबसे महत्वपूर्ण व्यापारिक समझौता करार दिया है। ब्रिटिश सरकार के अनुमान के मुताबिक इस समझौते से दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार में 2.7 लाख करोड़ रुपये की भारी बढ़ोतरी होने की उम्मीद है और दीर्घकालिक रूप से ब्रिटेन की जीडीपी में सालाना लगभग 51,000 करोड़ रुपये का इजाफा होगा। इस समझौते



में कामकाजी पेशेवरों के लिए 'सोशल सिक्योरिटी' से जुड़ा एक बड़ा प्रावधान शामिल किया गया है। काम के सिलसिले में यूके से भारत आने वाले या भारत से यूके जाने वाले पेशेवरों के लिए बिना वहां सोशल सिक्योरिटी टैक्स चुकाए नेशनल इंश्योरेंस कंट्रीब्यूशन जारी रखने की अवधि को 36 महीने से बढ़ाकर सीधे 60 महीने (5 वर्ष) कर दिया गया है।

### भारत आने वाले ब्रिटिश सामान पर असर

भारत ने यूके से आने वाले 90% उत्पादों पर सीमा शुल्क यानी टैरिफ कम करने या पूरी तरह हटाने पर सहमति जताई है। स्कॉच व्हिस्की पर लगने वाली 150% ड्यूटी पहले ही दिन घटकर 75% हो जाएगी और अगले 10 वर्षों में यह घटकर केवल 40% रह जाएगी। ऑटोमोटिव (गाड़ियां और ऑटो पार्ट्स) टैरिफ को एक निश्चित कोटे के तहत 100% से घटाकर सीधे 10% कर दिया जाएगा। मेडिकल डिवाइस, कॉस्मेटिक्स, एयरोस्पेस पार्ट्स और वाइन-फूड प्रोडक्ट्स पर भी भारी कटौती होगी। कॉस्मेटिक्स पर लगने वाली 22% तक की ड्यूटी पूरी तरह खत्म हो जाएगी। यूके भारत से आने वाले 99% सामानों पर टैरिफ यानी कस्टम ड्यूटी को पूरी तरह खत्म कर देगा। लागू होते ही पहले साल में यूके से भारत होने वाले निर्यात पर लगभग 3,400 करोड़ रुपये की टैक्स छूट मिलेगी, जो 10 साल बाद बढ़कर 7,650 करोड़ रुपये सालाना तक पहुंच सकती है।

# 1 करोड़ से ज्यादा शेयर बेचने की तैयारी में न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के शेयर गुरुवार को बाजार खुलते ही झूम उठे हैं। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ने अपने 30000 करोड़ रुपये के प्रस्तावित आईपीओ के लिए बाजार नियामक संस्था सेबी के पास ड्राफ्ट पेपर्स फाइल कर दिए हैं। इसी के बाद न्यू इंडिया एश्योरेंस के शेयरों में यह तूफानी तेजी आई है। कंपनी के शेयर गुरुवार को में 13 पर्सेंट से अधिक के उछाल के साथ 188.50 रुपये पर जा पहुंचे हैं। कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का हाई लेवल 214.75 रुपये है।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के ड्रॉफ्ट रेड हेयरिंग प्रॉस्पेक्ट्स के मुताबिक, न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी लिमिटेड आईपीओ में अपनी हिस्सेदारी बेचने वाले शेयरधारकों में से है। न्यू इंडिया एश्योरेंस ऑफर फॉर सेल के जरिए 1 रुपये फेस वैल्यू वाले 1.05 करोड़ रुपये बेचेगी। इंश्योरेंस कंपनी के लिए प्रत्येक शेयर की वैटिड एवरेज कॉस्ट ऑफ एक्विजिशन 0.32 रुपये है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ने बुधवार को अपने बहुप्रतीक्षित आईपीओ के लिए मार्केट रेगुलेटर सेबी के पास प्रीलिमनरी पेपर्स जमा कर दिए हैं। एनएसई के आईपीओ का साइज करीब 30,000 करोड़ रुपये का है। इंडियन स्टॉक मार्केट के इतिहास में यह शेयर सेल सबसे बड़ा पब्लिक इश्यू होगा।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का पब्लिक इश्यू पूरी तरह से 14.89 करोड़ शेयरों का ऑफर फॉर सेल



होगा। मौजूदा शेयरधारक एक्सचेंज में संयुक्त रूप से करीब 6 पर्सेंट हिस्सेदारी बेचेंगे। हस्थ के इस प्रस्तावित आईपीओ से सरकारी बैंकों, इंश्योरेंस कंपनियों और लंबी अवधि से निवेश बनाए रखने वाले कई इंस्टीट्यूशनल इनवेस्टर्स को फायदा होगा। मौजूदा निवेशकों ने कई सालों पहले बहुत कम दाम पर एक्सचेंज में हिस्सेदारी खरीदी थी।

जनरल इंश्योरेंस कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज में 1.066 करोड़ तक शेयर बेचेगा। जनरल इंश्योरेंस कॉरपोरेशन ने 5.26 रुपये प्रति शेयर के दाम पर एक्सचेंज के शेयर खरीदे थे। न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी, नेशनल इंश्योरेंस कंपनी, युनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी और द ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी ने भी 1 रुपये प्रति शेयर से कम पर नेशनल स्टॉक एक्सचेंज में हिस्सेदारी खरीदी थी। यह कंपनी आईपीओ के जरिए एक्सचेंज में अपनी थोड़ी-थोड़ी हिस्सेदारी बेच रही हैं। हस्थ में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की 3.23 पर्सेंट हिस्सेदारी है।

# योगदान के कुछ ही घंटे बाद कर्मी की रहस्यमय मौत

## आठ साल बाद मिली थी अनुकम्पा पर नौकरी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चासनाला।** बीसीसीएल पूर्वी झरिया क्षेत्र में एक दर्दनाक घटना ने हर किसी को झकझोर कर रख दिया है। आठ वर्षों तक नौकरी के लिए संघर्ष करने वाले रंजीत कुमार महथा को जैसे ही नियोजन मिला उसने मंगलवार को अपना योगदान पत्र जमा किया। कुछ ही घंटों बाद उसकी रहस्यमय परिस्थितियों में मौत हो गई।

बुधवार को पोस्टमार्टम के बाद शव को क्षेत्रीय कार्यालय के मुख्य गेट के सामने रखकर स्वजन व स्थानीय नेताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। आश्रित को नौकरी व उचित मुआवजे की मांग को लेकर गेट जाम कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी की।

पार्षद चंदन महतो, मौसम मोहंती, रंजय कुमार ने कहा कि वर्षों तक नियोजन प्रक्रिया लंबित रखने की वजह से आश्रितों को भारी मानसिक, आर्थिक व सामाजिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उनका आरोप था कि यदि नियोजन समय पर हुआ होता तो शायद आज यह स्थिति नहीं बनती। मृतक रंजीत महथा मंगलवार को पूर्वी झरिया क्षेत्रीय कार्यालय में अपना योगदान पत्र जमा करने के बाद मोहलबनी की ओर खाना खाने जा रहा था।

इसी दौरान रास्ते में उसकी अचानक मौत हो गई। मौत के कारणों का अब तक स्पष्ट पता नहीं चल पाया है। घटना की सूचना मिलते ही पूरे क्षेत्र में शोक व सनसनी फैल गई।

विदित हो कि रंजीत के पिता स्व. विमल कुमार बीसीसीएल कर्मी थे। उनके तीन पुत्र सुजीत कुमार, विश्वजीत कुमार व एक पुत्री टुन्नू चक्रवर्ती हैं। पिता के निधन के बाद उनकी पत्नी मृदुला देवी को अनुकंपा के आधार पर नौकरी मिली थी, लेकिन 25 मई 2018 को उनका भी निधन हो गया इसके बाद रंजीत ने आश्रित नियोजन के लिए लगातार आठ वर्षों तक क्षेत्रीय कार्यालय से लेकर मुख्यालय तक दौड़-धूप की। लंबे संघर्ष के बाद उसे नौकरी का अवसर मिला। लेकिन नियोजन ग्रहण करने के कुछ ही घंटों बाद उसकी मौत हो जाने से पूरा परिवार गहरे सदमे में है।

लोगों का कहना है कि नियोजन की प्रक्रिया इतनी लंबी हो जाती है कि नौकरी पाने की प्रतीक्षा में लोगों की आधी उम्र गुजर जाती है। रंजीत की मौत ने एक बार फिर नियोजन प्रक्रिया में हो रही देरी पर सवाल खड़े कर दिए हैं। क्षेत्रीय कार्यालय के समक्ष सोनू सिंह, मुख्तार खान, अख्तर खान, अशोक महतो, रंजीत यादव, मानिक बनर्जी, मनोज बनर्जी, हरेंद्र यादव, दिलीप बनर्जी, भुवन रवानी सहित बड़ी संख्या में लोग धरने पर बैठे रहे।

# महादलित टोला पहुंचे केंद्रीय गृहराज्य मंत्री



## दिया सामाजिक समरसता का संदेश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेलागंज।** केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने गुरुवार को बेलागंज के मुबारकपुर महादलित टोला पहुंचकर सामाजिक समरसता और संगठन के जमीनी कार्यकर्ताओं के सम्मान का संदेश दिया। भाजपा के ₹बारह साल विकास के, विश्वास के और जनकल्याण के₹ अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने बूथ संख्या-125 के अध्यक्ष रघुनी मांझी के घर पहुंचकर उनके परिवार के साथ चाय पर चर्चा की और स्थानीय लोगों से मुलाकात की। महादलित बस्ती में केंद्रीय मंत्री के आगमन को लेकर कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखा गया। स्थानीय लोगों ने भी उनका स्वागत किया। इस दौरान नित्यानंद राय ने कहा कि भाजपा का संगठन केवल चुनावी राजनीति तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को सम्मान और भागीदारी देने के सिद्धांत पर कार्य करता है।

उन्होंने कहा कि पार्टी के बूथ अध्यक्ष और कार्यकर्ता ही संगठन की वास्तविक ताकत हैं और उनके समर्पण से ही भाजपा लगातार जनसमर्थन हासिल कर रही है। मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संगठन संस्कृति में यह परंपरा विकसित की है कि शीर्ष नेतृत्व बूथ स्तर तक पहुंचे और कार्यकर्ताओं के सुख-दुख में सहभागी बने। इसी सोच के तहत देशभर में बूथ अध्यक्षों और उनके परिवारों से संवाद का कार्यक्रम चलाया जा रहा है।

करीब एक घंटे तक चले कार्यक्रम में मंत्री ने बूथ अध्यक्ष रघुनी मांझी एवं उनके परिजनों का हालचाल जाना और क्षेत्र की सामाजिक व विकास संबंधी गतिविधियों की जानकारी ली।

उन्होंने कार्यकर्ताओं से जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी घर-घर पहुंचाने तथा संगठन को और मजबूत बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पश्चिमी मंडल अध्यक्ष दिलीप कुमार ने की, जबकि संचालन पूर्वी मंडल अध्यक्ष राहुल सिंह परमार ने किया। मौके पर भाजपा प्रदेश महामंत्री धनराज शर्मा, एमएलसी जीवन कुमार, जिलाध्यक्ष विजय मांझी, जिला महामंत्री अशोक शर्मा, विनोद सिंह, सुरेश शर्मा, दीपक कुमार, कुंदन कुमार, ज्योतिष कुमार सुमन, बिरजू कुमार उज्जवल समेत बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# श्री श्री विश्वनाथ महादेव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ संपन्न




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** सहयोगी नगर सेक्टर-3 स्थित नवनिर्मित श्री श्री विश्वनाथ महादेव मंदिर में तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के तृतीय दिन मुख्य अनुष्ठान के तहत मूर्तियों की विधि-विधान से प्राण प्रतिष्ठा, महायज्ञ की पूणार्हुति और विशाल महाभंडारा का आयोजन किया गया जिसमें भारी संख्या में भक्तजन उपस्थित हुए।प्राण प्रतिष्ठा के समापन समारोह में पहुंचे मुख्य अतिथि मेयर संजीव सिंह ने युवाओं से अपने सनातन धर्म, संस्कृति और परंपराओं को जानने-समझने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि वर्षों के संघर्ष और बलिदान के बाद अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण संभव हो पाया है।

उन्होंने कहा कि आज के युवा ज्यादातर समय मोबाईल फोन चलाने में देते हैं उनके अभिभावकों से अपील है कि अपने बच्चों को श्री राम महादेव, आदिशक्ति माँ दुर्गा के बारे में भी बताएं। मेयर संजीव सिंह उदय प्रताप सिंह हरीश सिंह व मंदिर निर्माण में सहयोग देने वाले अतिथियों एवं सदस्यों को पुष्प गुच्छ,अंग वस्त्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

मंदिर कमेटी के सदस्य और श्री राम सेना के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने कहा इस मंदिर के निर्माण के लिए मुखिया भुवनेश्वर प्रसाद यादव ने जमीन दान दिया था इसके लिए हम सब उनके आभारी हैं। रात्रि में भव्य जागरण का आयोजन किया गया। इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में आयोजन समिति के उदय प्रताप सिंह, हरीश सिंह, मृत्युंजय तिवारी,केदार नायक, अनिल कुमार, राजेश कुमार, निशांत कुमार, कुमुद प्रसाद यादव, एस.एस.पी सिन्हा, पंकज कुमार सिंह, अंशु कुमार, पी.आर. महाली, पवन यादव, दीपक कुमार, हर्ष राज, अजीत सिंह सहित सभी सदस्य का महत्वपूर्ण योगदान था।

# जन कल्याण शिविर में पहुंचे कृषि मंत्री

## समय पर शिकायतें निपटाने का निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेलागंज।** प्रखंड कार्यालय में आयोजित तीन दिवसीय सहयोग सह जन कल्याण शिविर के समापन अवसर पर बिहार सरकार के कृषि मंत्री एवं गया जिला प्रभारी मंत्री विजय सिन्हा बेलागंज पहुंचे। उन्होंने शिविर का निरीक्षण किया और लोगों से सरकार की योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। मंत्री ने कहा कि सरकार जनता की समस्याओं को सीधे सुनकर उनका समाधान करने के उद्देश्य से जन कल्याण शिविर चला रही है।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि शिविर में प्राप्त शिकायतों और आवेदनों का निपटारा 15 से 30 दिनों के भीतर किया जाए। उन्होंने कहा कि यदि किसी समस्या का समाधान एक माह के बाद भी नहीं होता है तो उसकी समीक्षा सरकार स्तर पर की जाएगी। अपने संबोधन में मंत्री ने कहा कि भ्रष्टाचार मुक्त और जवाबदेह प्रशासन बनाने के लिए सरकार लगातार प्रयास कर रही है।

जन कल्याण शिविर के माध्यम से लोगों को सरकारी योजनाओं और सेवाओं का लाभ आसानी से उपलब्ध कराया जा रहा है। कार्यक्रम को स्थानीय विधायक मनोरमा देवी और प्रखंड प्रमुख कांति देवी ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्राथमिकता है। मौके पर बीडीओ डॉ. राघवेंद्र कुमार शर्मा, सीओ गजानन मेहता, थानाध्यक्ष सुनील कुमार द्विवेदी समेत विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# फर्जी प्रश्न पत्र बेचने वाला धराया

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आरा।** सोशल मीडिया पर विभिन्न ग्रुप बनाकर प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रश्नपत्र परीक्षा से पूर्व उपलब्ध कराने का झांसा देकर अभ्यर्थियों से ठगी करने वाले गिरोह का पुलिस ने उद्भेदन किया है।

इस मामले में एक आरोपित को गिरफ्तार किया गया है। इसे लेकर साइबर थाने में मामला दर्ज किया गया है, जिसमें पांच को आरोपित किया गया है। गिरफ्तार आरोपित अगिआंव बाजार थाना क्षेत्र के कटरिया गांव निवासी वीरबहादुर सिंह है।

पुलिस ने उसके पास से एक मोबाइल बरामद किया है। जांच के दौरान मोबाइल से करीब 80 एपीके फाइल तथा वॉट्सएप चैट प्राप्त हुई है। इसके आधार पर मामले की छानबीन की जा रही है। गैंग से जुड़े अन्य सदस्यों के बारे में पता लगाया जा रहा है। साइबर डीएसपी स्नेह सेतू ने बताया कि आरोपित सोशल मीडिया के माध्यम से विभिन्न ग्रुप बनाकर नीट, मैट्रिक समेत अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रश्नपत्र उपलब्ध कराने का झूठा दावा करता था और अभ्यर्थियों को ठगी करता था।

# गुरु अर्जन देव के शहादत दिवस पर कार्यक्रम



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

धनबाद। श्री गुरु अर्जन देव जी के 420वें बलिदान दिवस के उपलक्ष्य में गुरुवार को बड़ा गुरुद्वारा, बैंक मोड़ में भावपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं के लिए शरबत वितरण और लंगर की विशेष व्यवस्था की गई। गुरुद्वारा परिसर में सुबह से ही संगत का जमावड़ा रहा। कीर्तन-दरबार में रागी जत्थों ने गुरु अर्जन देव के जीवन, शिक्षाओं और शहादत पर आधारित शबद-कीर्तन प्रस्तुत किए, जिसका श्रद्धालुओं ने पूरे भक्ति भाव से आनंद लिया। कार्यक्रम के दौरान गर्मी को देखते हुए श्रद्धालुओं और राहगीरों को ठंडा शरबत पिलाकर सेवा भाव का परिचय दिया गया। इसके साथ ही लंगर की व्यवस्था भी की गई, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

आयोजकों ने कहा कि गुरु अर्जन देव जी का बलिदान सत्य, धैर्य और निःस्वार्थ सेवा का प्रतीक है। इस तरह के आयोजन हमें उनकी शिक्षाओं पर चलने की प्रेरणा देते हैं। कार्यक्रम का समापन अरदास और रहरास साहिब के पाठ के साथ हुआ, जिसमें सभी की सुख-समृद्धि की कामना की गई।

# ड्यूटी के दौरान बीएलओ की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गोड्डा।** एसआईआर की डयुटी कर रही बीएलओ संजु टुडु की मौत ब्रेन हेमरेज होने से हो गइ थी । जिसको लेकर पोडैय़ाहाट विधायक प्रदीप यादव ने बीएलओ के मौत पर गहरा दुख जताते हुए उनके परिवार के लिए न्याय और आर्थिक संबल की मांग की है। विधायक श्री यादव ने बुधवार को सूबे के मुखिया हेमंत सोरेन और मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी-सह-सचिव को दो अलग- पत्र लिखकर कम से कम 10 लाख मुआवजा दिए जाने को कहा है । उन्होंने पत्र के माध्यम से बताया है कि गोड्डा जिले के 16-पोड़ैयाहाट विधानसभा क्षेत्र का मामला है।मतदान केंद्र संख्या 150, उत्क्रमित मध्य विद्यालय सरविन्धा (पश्चिम भाग) की बीएलओ सह आंगनबाड़ी सेविका संजू टूडू का निधन उनके कार्यक्षेत्र में ड्यूटी पर रहने के दौरान हो गया था।

विधायक प्रदीप यादव ने पत्र के माध्यम से सरकार का ध्यान इस ओर आकर्षित करते हुए कहा है कि विभाग से मिलने वाले सामान्य लाभ और सुविधाओं के अतिरिक्त, मंत्रिमंडल (निर्वाचन) विभाग की ओर से पीड़ित परिवार को न्यूनतम 10 लाख रुपये की मुआवजा राशि अविलंब उपलब्ध कराई जाय ।

पत्र में इस बात का भी विशेष उल्लेख किया गया है कि मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए डीसी के द्वारा भी इस संबंध में अपनी सकारात्मक अनुशंसा संबंधित विभाग को पहले ही भेजी जा चुकी है। विधायक ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि वे इस पर त्वरित संज्ञान लेते हुए पीड़ित परिवार को समुचित राहत और मुआवजा राशि प्रदान करने का निर्देश दें। ज्ञात हो कि बीएलओ सह आंगनबाड़ी सेविका संजू टुडू की मौत ब्रेन हेमरेज होने के कारण हो गई। बताया गया कि वह एसआइआर का काम करने के लिए एक घर के कुर्सी पर बैठी हुई थी का एकाएक गिर पड़ी और बेहोश हो गई।

# फुटबॉल एकेडमी का उद्घाटन

कटिहार। कोशी रेलवे फुटबाल मैदान में जिला का पहला फुटबॉल एकेडमी का विधिवत उद्घाटन मुख्य अतिथि श्रीमती उषा देवी अग्रवाल महापौर सह अध्यक्ष महिला फुटबाल संघ ने फीता काटकर किया। मुख्य अतिथि शिवप्रकाश गारोदिया अध्यक्ष जिला फुटबाल संघ द्वारा नारियल फोड़कर शुभकामनाएं दी गई। साथ में जिला फुटबाल संघ के सचिव दिलीप कुमार साह, उपाध्यक्ष जेपी शर्मा, संघ का कोषाध्यक्ष उदय साधुखॉन, जिला फुटबाल एकेडमी के सचिव अमित कुमार एवं एकेडमी के कोच शुभम कुमार उर्फ राजा,गोपाल कुमार सिंह उपस्थित रहे। कोच शुभम कुमार राजा एवं गोपाल सिंह ने एकेडमी के बच्चों को एकेडमी के नियम और शर्तें को समझाया। एकेडमी के डायरेक्टर दिलीप कुमार साह उर्फ भोला ने बताया कि अच्छे फुटबाल खिलाड़ीयों को विशेष छूट दी जाएगी। सचिव अमित कुमार ने बताया कि दूरदराज और ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को खेल के साथ साथ अच्छी पढाई हो उसके लिए मान्यता प्राप्त विद्यालय में पढ़ाई-लिखाई के साथ रहने के लिए हॉस्टल का भी सुविधा दी जाएगी।

# हलीम शेख हत्याकांड का मास्टरमाइंड गिरफ्तार, पांच दिनों में सभी आरोपी सलाखों के पीछे




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**महुदा।** महुदा थाना क्षेत्र के चर्चित हलीम शेख हत्याकांड का महुदा पुलिस ने सफल उद्भेदन करते हुए मामले के मास्टरमाइंड मृतक हलीम शेख के मंझले पुत्र इस्तियाक शेख को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने दावा किया है कि घटना के महज पांच दिनों के भीतर हत्या में संलिप्त सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

जानकारी के अनुसार, 13 जून की संध्या महुदा थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि कुलटांड़ जाने वाली पक्की सड़क के किनारे सुनसान स्थान पर झाड़ियों में एक व्यक्ति का गर्दन कटा शव पड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर उसकी पहचान कराई। मृतक की पहचान भुरूंगिया निवासी 63 वर्षीय हलीम शेख के रूप में हुई। घटना के संबंध में मृतक के दामाद शेख महमूद के लिखित आवेदन पर अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध महुदा थाना कांड संख्या 34/2026, धारा 103(1) एवं 238(बी) बीएनएस के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए वरीय पुलिस अधीक्षक के आदेश तथा ग्रामीण पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (बाघमारा) के नेतृत्व में एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया। एसआईटी ने तकनीकी एवं वैज्ञानिक अनुसंधान के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए हत्या में शामिल आरोपियों की पहचान की। जांच के दौरान पुलिस ने पहले शेख शहबाज तथा एहसान शेख निवासी भुरूंगिया बस्ती को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा था। इसके बाद मामले की गहन जांच में सामने आया कि मृतक का पुत्र शेख इस्तियाक ही हत्या की साजिश का मुख्य सूत्रधार था। पुलिस ने उसे 18 जून को गिरफ्तार कर उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया। महुदा पुलिस निरिक्षक रंजीत कुमार ने बताया कि शेख इस्तियाक ही इस पूरे हत्याकांड का मास्टरमाइंड था और उसकी योजना के तहत ही घटना को अंजाम दिया गया था।। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर घटना से जुड़े कई महत्वपूर्ण साक्ष्य भी बरामद किए हैं, जिनमें हीरो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल, वीवो एवं ओप्पो कंपनी के मोबाइल फोन, हत्या में प्रयुक्त चाकू, खून से सना कपड़ा। महुदा थाना प्रभारी के लगातार छापेमारी और अनुसंधान के परिणामस्वरूप सभी आरोपियों की गिरफ्तारी संभव हो सकी। इस संबंध में थाना प्रभारी पवन चंद्र पाठक ने बताया कि बरामद सामग्रियों को जांच के लिए सुरक्षित रखा गया है तथा मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

# राज्य में पाकुड़ के रास्ते मानसून प्रवेश की संभावना

## मौसम के बदलाव से लोगों ने ली राहत की सांस



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पाकुड़।** झारखंड में मानसून की औपचारिक शुरूआत अब किसी भी समय हो सकती है, और इसकी संभावना पाकुड़ जिले से जताई जा रही है। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में रुक-रुक कर बारिश हुई, जिससे मौसम का मिजाज बदल गया। दिनभर आसमान घने बादलों से ढका रहा, जिससे तेज धूप और उमस से परेशान लोगों को राहत मिली। बारिश के बाद तापमान में गिरावट आई और वातावरण सुहावना हो गया। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक लोगों के चेहरे खिल उठे। बच्चे बारिश का आनंद लेते नजर आए, जबकि किसान भी उत्साहित दिखे।

उनका मानना है कि समय पर वर्षा से धान की रोपाई और खरीफ फसलों की तैयारी में तेजी आएगी। हालांकि, कुछ निचले इलाकों और सड़कों पर जल-जमाव की स्थिति बनी रही, जिससे बाजार क्षेत्रों में हल्की परेशानी का सामना करना पड़ा।कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके) महेशपुर की विज्ञानी डॉ. किरण मेरी कंडिर ने बताया कि वैश्विक जलवायु घटना अल नीनो सक्रिय रहने के बावजूद झारखंड में मानसून सामान्य समय से पहले पहुंच सकता है।

उन्होंने किसानों को सलाह दी कि वे खेतों की तैयारी पूरी रखें और मौसम विभाग के पूवार्नुमानों पर ध्यान दें। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में मध्यम से भारी बारिश की संभावना जताई है।

# डीएम ने किया दुग्ध उत्पादन सहयोग समितियों का शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अररिया।** जिले में दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने तथा पशुपालकों की आय में वृद्धि के उद्देश्य से जिला पदाधिकारी अररिया विनोद दूहन ने नीरपुर दुग्ध उत्पादक सहयोग समिति का विधिवत शुभारंभ किया। इसके साथ ही कुसाकांटा प्रखंड के कुआड़ी दुग्ध उत्पादक सहयोग केंद्र तथा सिकटी प्रखंड के मजरख दुग्ध उत्पादक सहयोग केंद्र का भी शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर जिला पदाधिकारी ने कहा कि दुग्ध उत्पादक सहयोग समितियां ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाने तथा पशुपालकों को उनके उत्पाद का उचित मूल्य दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। सहकारिता आधारित इस व्यवस्था से किसानों को दूध के संग्रहण, विपणन एवं भुगतान की पारदर्शी प्रणाली का लाभ मिलेगा।

नीरपुर दुग्ध उत्पादक सहयोग समिति के शुभारंभ के प्रथम दिन ही 60 लीटर दूध का संग्रहण किया गया। संग्रहित दूध का भुगतान संबंधित किसानों के बैंक खातों में सीधे कर दिया गया, जिससे भुगतान प्रक्रिया में पारदर्शिता एवं समयबद्धता सुनिश्चित हुई।

जिला पदाधिकारी ने उपस्थित किसानों एवं पशुपालकों को अधिक से अधिक संख्या में समिति से जुड़ने का आह्वान करते हुए कहा कि इससे उन्हें नियमित आय के साथ-साथ डेयरी विकास से संबंधित विभिन्न योजनाओं का लाभ भी प्राप्त होगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को दुग्ध उत्पादक समितियों के सुचारु संचालन एवं किसानों को आवश्यक तकनीकी सहयोग उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

कार्यक्रम के दौरान दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाले किसानों एवं समिति से जुड़े सक्रिय सदस्यों को सम्मानित भी किया गया। जिला पदाधिकारी ने उनके योगदान की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास जिले में डेयरी विकास को नई दिशा प्रदान करेंगे।

# लाश मिलने से सनसनी

**बेतिया।** मनुआपुल थाना क्षेत्र अंतर्गत मेहंदियाबारी गांव के समीप नरकटियागंजझ्रसुगौली रेलवे ट्रैक से गुरुवार को एक अज्ञात युवक का पैर कटा शव बरामद किया गया । घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई। सूचना पर पहुंची मनुआपुल थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक जांच-पड़ताल शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार गुरुवार सुबह रेलवे ट्रैक के किनारे एक युवक का शव पड़े होने की सूचना पुलिस को मिली। मौके पर पहुंची पुलिस ने देखा कि युवक का एक पैर कटा हुआ था। पुलिस ने आसपास के लोगों से शव की पहचान कराने का प्रयास किया, लेकिन काफी देर तक प्रयास के बावजूद मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी।

पुलिस के अनुसार मृत युवक की उम्र लगभग 36 वर्ष प्रतीत होती है। उसका शरीर स्वस्थ एवं गठीला है तथा लंबाई करीब पांच फीट चार इंच बताई जा रही है। शव मिलने की सूचना आसपास के थानों और क्षेत्रों में भी भेजी गई है ताकि उसकी पहचान सुनिश्चित की जा सके।

# स्थाई लोक अदालत ने 27 मामलों का किया निपटारा



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** झालसा के तत्वाधान में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, धनबाद निकेश कुमार सिन्हा के निर्देश पर स्थाई लोक अदालत द्वारा कैंप कोर्ट का आयोजन किया गया। इस दौरान बैंक ऑफ इंडिया संग्रामडी में वर्षों से लंबित ऋण संबंधी 27 सुलहनीय मामलों का निपटारा किया गया।

अवर न्यायाधीश सह सचिव डालसा मयंक तुषार टोपनो ने बताया कि स्थाई लोक अदालत के अध्यक्ष पीयूष कुमार एवं सदस्य सुधीर कुमार सिन्हा तथा दुर्गा चरण निश्चल की पहल से कुल 2 लाख 15 हजार 9 सौ 92 रुपये की रिकवरी कराई गई। अभियान का उद्देश्य आपसी सुलह के माध्यम से मामलों का त्वरित निष्पादन करना है।

## धोनी से आगे निकले रोहित

● सचिन, युवराज, सहवाग इस नंबर पर; लिस्ट-ए में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले टॉप-11 भारतीय

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** भारत के पूर्व कप्तान व ओपनर बैटर रोहित शर्मा ने अफगानिस्तान के खिलाफ दूसरे वनडे मैच में 39 गेंदों पर 48 रन की पारी खेली और लिस्ट ए क्रिकेट में अपने 14 हजार रन पूरे किए। यही नहीं लिस्ट ए क्रिकेट में वो सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाजों की लिस्ट में एमएस धोनी से आगे हैं।



रोहित शर्मा के लिस्ट ए क्रिकेट में अब 345 पारियों में 14,038 रन हो गए हैं और वो एमएस से इस लिस्ट में आगे हैं जिनके लिस्ट ए क्रिकेट में 365 पारियों में 13,353 रन थे। लिस्ट ए क्रिकेट में भारत के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड सचिन तेंदुलकर के नाम पर दर्ज है जिन्होंने 538 पारियों में 21,999 रन बनाए थे जबकि विराट कोहली 334 पारियों में 16,447 रन बना चुके हैं और वो दूसरे स्थान पर मौजूद हैं।

लिस्ट ए क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय बैटर्स में पूर्व कप्तान सौरव गांगुली तीसरे नंबर पर हैं जिन्होंने 421 पारियों में 15,622 रन बनाए थे जबकि राहुल द्रविड़ ने 416 पारियों में 15,271 रन बनाए थे और वो सूची में चौथे नंबर पर हैं जबकि रोहित शर्मा पांचवें तो धोनी छठे स्थान पर हैं। युवराज सिंह इस लिस्ट में 8वें नंबर पर हैं जिन्होंने लिस्ट ए में खेले 389 मैचों में कुल 12,663 रन बनाए थे जबकि वीरेंद्र सहवाग 10वें नंबर पर हैं जिन्होंने 321 पारियों में कुल 10,454 रन बनाए थे। शिखर धवन 9वें तो गौतम गंभीर 11वें स्थान पर हैं।


## वैभव सूर्यवंशी नहीं, सूर्यांश शेडगे है नंबर 1

● प्रियांश-ऋतुराज दूसरे पर; ट्राई सीरीज में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट



**नई दिल्ली।** श्रीलंका में जारी वनडे ट्राई सीरीज के फाइनल में इंडिया ए ने जगह बना ली है। इस सीरीज में पहले चार मैचों के बाद अगर सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज की बात करें तो वैभव सूर्यवंशी इस मामले में नंबर 1 पर नहीं हैं। आईपीएल 2026 में रिकॉर्ड 72 छक्के लगाने वाले वैभव मौजूदा ट्राई सीरीज में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले संयुक्त रूप से दूसरे खिलाड़ी हैं। इस मामले में नंबर 1 खिलाड़ी की बात करें तो पंजाब किंग्स के युवा खिलाड़ी और इंडिया ए को पिछले मैच में मुसीबत में संभालने वाले सूर्यांश शेडगे नंबर 1 पर हैं। जी हां सूर्यांश ने अभी तक इस ट्राई सीरीज में सबसे ज्यादा छक्के लगाए हैं। जबकि वैभव सूर्यवंशी, प्रियांश आर्या और ऋतुराज गायकवाड़ संयुक्त रूप से नंबर 3 पर हैं। श्रीलंका ए के अविष्का फर्नान्डो ने भी इन तीनों भारतीय खिलाड़ियों के बराबर छक्के लगाए हैं।





## कांगो की मजबूत डिफेंस के आगे

# बेबस दिखे रोनाल्डो



### पुर्तगाल को नहीं मिल पाई जीत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** फीफा वर्ल्ड कप 2026 के ग्रुप-K के मुकाबले में पुर्तगाल को कांगो के खिलाफ ड्रॉ खेलना पड़ा और ये टीम जीत के साथ इस सीजन की शुरुआत नहीं कर पाई। एक तरफ जहां मेसी ने अपने पहले मुकाबले में 3 गोल दागे तो वहीं दुनिया के दिग्गज फुटबॉल प्लेयर क्रिस्टियानो रोनाल्डो कांगो के मजबूत डिफेंस को नहीं भेद पाए और अपनी टीम के लिए एक भी गोल नहीं कर पाए। कांगो और पुर्तगाल के बीच खेला गया मैच 1-1 की बराबरी पर समाप्त हुआ। इस ड्रॉ के बाद दोनों टीमों को एक-एक अंक से संतोष करना पड़ा।

**रोमांचक रहा कांगो बनाम पुर्तगाल मुकाबला-** कांगो और पुर्तगाल के बीच का मैच ह्यूस्टन स्टेडियम में खेला गया था जिसमें पुर्तगाल ने शुरू से ही अपना दबदबा बनाया और छठे मिनट में ही इस टीम के लिए पहला गोल जोआओ नेवेस ने दागकर टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी। नेवेस ने पेड्रो नेटो के शानदार क्रॉस पर बेहतरीन हेडर लगाते हुए गेंद को गोलपोस्ट में पहुंचाने का काम किया। 0-1 से पिछड़ने के बाद कांगो ने पूरा जोर लगाया, लेकिन पहले हाफ के आखिरी समय तक ये टीम कोई गोल नहीं कर पाई, लेकिन पहले हाफ के एक्स्ट्रा टाइम में आर्थर मासुआकू के सटीक क्रॉस पर योआने विस्सा ने दमदार हेडर लगाकर इतिहास रच दिया और गोल करते हुए टीम को 1-1 की बराबरी पर ला दिया।

### घाना ने पनामा को 1-0 से हराया

### कालेब यिरेंकी बने जीत के नायक



फीफा वर्ल्ड कप 2026 की शुरुआत घाना ने जीत के साथ की है। ग्रुप एल के मुकाबले में घाना ने कालेब यिरेंकी के अंतिम क्षणों में किए गए गोल की बदौलत पनामा को 1–0 से मात दी। मैच की शुरुआत में पनामा ने अच्छा खेल दिखाया। आमिर मुरिलो के लो क्रॉस पर सेसिलियो वाटरमैन को गोल का मौका मिला, लेकिन घाना के गोलकीपर बेंजामिन असारे ने डाइव लगाते हुए शानदार बचाव किया। इसके बाद पनामा को एक और मौका मिला, जब असारे का खराब पंच सीधे जियोवानी रामोस के पास गिरा, लेकिन वह भी इसे गोल में तब्दील नहीं सके। घाना ने भी जवाबी हमले किए और दूसरे हाफ में दोनों टीमों की तरफ से आक्रामक खेल देखने को मिला। क्रिस्टियन मार्टिनेज ने एक ढीली गेंद पर शॉट लगाने की कोशिश की, लेकिन उनका प्रयास साइड नेटिंग में चला गया और टीम बढ़त नहीं ले सकी।

### ऑस्ट्रिया ने जीत के साथ किया आगाज, जॉर्डन को 3-1 से हराया

**सांता क्लारा।** फीफा वर्ल्ड कप में 28 साल में अपना पहला मैच खेलने उतरी ऑस्ट्रिया ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए जॉर्डन को रोमांचक मुकाबले में 3–1 से हराया। सैन फ्रांसिस्को बे एरिया स्टेडियम में वर्ल्ड कप में अपना डेब्यू करने वाली जॉर्डन की टीम ने ऑस्ट्रिया को कड़ी टक्कर देने का पूरा प्रयास किया, लेकिन टीम को अपनी गलतियों के कारण खामियाजा भुगतना पड़ा। मैच की शुरुआत में ऑस्ट्रिया को जॉर्डन की तरफ से कड़ी चुनौती मिली। मैच के दूसरे मिनट में जॉर्डन के कप्तान एहसान हद्दाद ने पहला मौका बनाया, लेकिन उनका शॉट साइड नेटिंग में चला गया। इसके बाद ओदेह फखौरी ने भी दूर से शानदार प्रयास किया, जिसे ऑस्ट्रिया के गोलकीपर अलेक्जेंडर श्लेगर ने बेहतरीन बचाव करते हुए गोल में जाने से रोक दिया। शुरुआती दबाव झेलने के बाद ऑस्ट्रिया ने 20वें मिनट में मैच का पहला गोल करते हुए बढ़त हासिल की।



रोमानो शिमड ने पेनल्टी बॉक्स के बाहर से शानदार शॉट लगाकर गेंद को गोल पोस्ट में पहुंचाया और टीम को 1–0 से आगे कर दिया। पहले हाफ में पिछड़ने के बावजूद जॉर्डन की टीम ने लगातार लड़ाई जारी रखी। दूसरे हाफ की शुरुआत के कुछ ही मिनट बाद अली ओलवान ने शानदार प्रदर्शन करते हुए इतिहास रच दिया। उन्होंने ऑस्ट्रियाई डिफेंडरों को छकाते हुए बेहतरीन गोल किया। ओलवान वर्ल्ड कप में गोल करने वाले जॉर्डन के पहले खिलाड़ी बने। इस गोल से स्कोर 1–1 हो गया। इसके बाद दोनों टीमों की तरफ से गोल करने के प्रयास जारी रहे।

### फीफा वर्ल्ड कप 2026 में हैरी केन का कमाल



**अर्लिंग्टन।** फीफा वर्ल्ड कप 2026 में हैरी केन ने इंग्लैंड की पहली जीत में अहम भूमिका निभाई। केन के दो दमदार गोल की बदौलत इंग्लैंड ने क्रोएशिया को 4–2 से हराया। केन ने इन दो गोल के साथ ही खास उपलब्धि को भी अपने नाम कर लिया है। हैरी केन इंग्लैंड की ओर से फीफा वर्ल्ड कप इतिहास में सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ियों की लिस्ट में संयुक्त रूप से पहले नंबर पर पहुंच गए हैं। उन्होंने इस मामले में पूर्व कप्तान गैरी लिनेकर के रिकॉर्ड की बराबरी की। केन विश्व कप में अब लिनेकर के बराबर 10 गोल कर चुके हैं। इस मुकाबले से पहले लिनेकर की बराबरी करने के लिए केन को 2 गोल की दरकार थी।

## भारत ने 2-0 की बढ़त बनाई

● अफगानिस्तान का विजय रथ रुका ● कप्तान गिल पहली बार वनडे सीरीज जीते



**नई दिल्ली।** लखनऊ में बुधवार (17 जून) को भारत ने अफगानिस्तान को 170 रनों से हराकर 3 मैचों की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली। इसके साथ ही अफगानिस्तान का 27 महीने से चला आ रहा विजय रथ रुक गया। इस दौरान अफगानिस्तान ने लगातार 5 द्विपक्षीय वनडे सीरीज जीता था। भारत ने कप्तान शुभमन गिल की कप्तानी में पहली बार वनडे सीरीज जीता। यह उनकी कप्तानी में तीसरी सीरीज है। अफगानिस्तान ने मार्च 2024 में आयरलैंड के खिलाफ 3 मैचों की वनडे सीरीज 2-0 से अपने नाम की थी। इसके बाद उसने 2024 में ही साउथ अफ्रीका के 2-1, बांग्लादेश को 2-1 से हराया। दिसंबर 2021 में जिम्बाब्वे को 2-0 और अक्टूबर 2025 में बांग्लादेश को 3-0 से हराया था।

### शुभमन गिल का शानदार प्रदर्शन

शुभमन गिल ने कप्तान के तौर पर बल्ले से भी शानदार प्रदर्शन किया है। वह कप्तान के तौर पर 8 मैच में 3 अर्धशतक और एक शतक जड़ चुके हैं। गिल ने न्यूजीलैंड सीरीज में 2 अर्धशतक जड़े थे। उन्होंने अफगानिस्तान के खिलाफ दूसरे वनडे में 110 गेंद पर 154 रन ठोके। उन्होंने 22 चौके और 2 छक्के लगाए।

शुभमन गिल ने वनडे में भारत के कप्तान के तौर पर पिछले साल अक्टूबर में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर अगुआई की थी। भारत यह सीरीज 2–1 से हारा। जनवरी 2026 में न्यूजीलैंड ने भारत को 2–1 से हराया। इन दोनों सीरीज के बीच साउथ अफ्रीका को भारत ने 2–1 से हराया, लेकिन गिल चोटिल होने के कारण सीरीज में नहीं खेले थे। केएल राहुल ने कमान संभाली थी। ऐसे में गिल की कप्तानी में अफगानिस्तान के खिलाफ 2–0 की बढ़त बनाकर पहली बार सीरीज अपने नाम की।

● शैफाली का ऑलराउंड प्रदर्शन, श्री चरणी ने झटके 4 विकेट

## भारत ने नीदरलैंड्स को 95 रनों से हराया



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** महिला टी20 वर्ल्ड कप 2026 के 10वें मैच में बुधवार (17 जून) को भारत ने नीदरलैंड्स को 95 रनों से हरा दिया। उसने पहली बार महिला टी20 विश्व कप में रन के हिसाब से सबसे बड़ी जीत दर्ज की। नीदरलैंड्स ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया। भारत ने 20 ओवर में 5 विकेट पर 209 रन बनाए। शैफाली वर्मा ने टी20 वर्ल्ड कप में पहला अर्धशतक जड़ा। स्मृति मंधाना ने लगातार दूसरा अर्धशतक जड़ा। दोनों ने पहले विकेट के लिए शतकीय साझेदारी की।

नीदरलैंड्स की टीम 210 रनों के लक्ष्य के जवाब में 114 रन पर आउट हो गई। श्री चरणी ने चार विकेट लिए। शैफाली वर्मा ने गेंद से भी अच्छा प्रदर्शन करते हुए 3 विकेट लिए। भारतीय टीम लगातार दूसरा मैच जीतकर अंक तालिका में ग्रुप ए में शीर्ष पर पहुंची। भारत के लिए चिंता का विषय श्रेयांका पाटिल का चोटिल होना है। वह सिर्फ 1 गेंद करने के बाद मैदान से बार गईं।

भारत के लिए स्मृति मंधाना ने 47 गेंद पर 74, शैफाली वर्मा ने 38 गेंद पर 55, जेमिमा रोड्रिग्स ने 19, हरमनप्रीत कौर ने 12 रन बनाए और यस्तिका भाटिया ने 3 रन बनाए। ऋचा घोष 8 गेंद पर 20 और दीप्ति शर्मा 2 गेंद पर 10 रन बनाकर नाबाद रहीं। नीदरलैंड्स के लिए कैरोलिन डी लैंग ने 2 विकेट लिए। आइरिस ज़्विलिंग, हीथर सीगर्स और मर्थे वैन डेन राड ने 1-1 विकेट लिए।

● महिला टी20 वर्ल्डकप में बना अनचाहा रिकॉर्ड

**4 खिलाड़ी हुए रन आउट**

## भारत से आगे निकल गया पाकिस्तान

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड में खेले जा रहे महिला टी20 विश्व कप 2026 का 11वां मैच पाकिस्तान महिला क्रिकेट टीम और साउथ अफ्रीका महिला क्रिकेट टीम के बीच खेला गया। इस मैच में साउथ अफ्रीका को 2 विकेट से जीत मिली, लेकिन पाकिस्तान की चार खिलाड़ी इस मैच में रन आउट हुई और भारत का एक बड़ा रिकॉर्ड इस टीम ने तोड़ डाला।

इस मैच में पाकिस्तान की टीम ने कप्तान सना मीर की नाबाद 55 रन की पारी के दम पर 20 ओवर में 9 विकेट पर 126 रन बनाए और इसके



जवाब में साउथ अफ्रीका की टीम ने 16.5 ओवर में 8 विकेट पर 127 रन बनाकर मैच को जीत लिया। इस वर्ल्ड कप में ये पाकिस्तान की लगातार दूसरी हार रही तो वहीं साउथ अफ्रीका की दूसरे मैच में पहली जीत भी रही। पाकिस्तान का अंकतालिका में अब तक खाता नहीं खुला है जबकि साउथ अफ्रीका के अब दो अंक हो गए।

### पाकिस्तान ने तोड़ा भारत का रिकॉर्ड

इस मुकाबले में यानी साउथ अफ्रीका के खिलाफ इस मैच में पाकिस्तान की 4 बल्लेबाज रन आउट हो गईं। रमीन शमीम, इराम जावेद, नशरा सिंधू और तूबा हसन इस मैच में रन आउट हुए और इन 4 खिलाड़ियों के रन आउट होते ही पाकिस्तान ने भारत को पीछे छोड़ दिया।

● शैफाली वर्मा ने जड़ा अर्धशतक

## 6 साल का सूखा खत्म किया

महिला टी20 वर्ल्ड कप 2026 में बुधवार (17 जून) को नीदरलैंड्स के खिलाफ भारतीय ओपनर शैफाली वर्मा ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए अर्धशतक जड़ा। शैफाली का यह टी20 वर्ल्ड कप में पहला अर्धशतक था। इसके साथ ही उन्होंने 6 साल और 15 पारियों का सूखा खत्म किया। शैफाली का यह चौथा टी20 विश्व कप है। उन्होंने पहला टी20 विश्व कप 2020 में खेला था। यह शैफाली का चौथा टी20 विश्व कप है।

नीदरलैंड्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। शैफाली वर्मा ने स्मृति मंधाना के साथ मिलकर भारत को अच्छी शुरुआत दिलाई। दोनों ने पहले विकेट के लिए 11.4 ओवर में 115 रन जोड़े। शैफाली ने अपनी पारी में 10 चौके लगाए और 144.74 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए। पाकिस्ता के खिलाफ शैफाली अच्छी बल्लेबाजी नहीं कर पाई थीं।



# बिना सीट बेल्ट और हेल्मेट लगाए निकले तो खैर नहीं

## सड़क सुरक्षा को लेकर उपायुक्त ने की समीक्षा, दिये कई निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**गिरिडीह।** जिले में सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण एवं यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के उद्देश्य से उपायुक्त सह-जिला दंडाधिकारी रामनिवास यादव की अध्यक्षता में गुरुवार को समाहरणालय सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सड़क सुरक्षा, शहरी परिवहन एवं यातायात प्रबंधन से जुड़े विभिन्न बिंदुओं की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में उपायुक्त ने जिला परिवहन विभाग, पुलिस प्रशासन तथा संबंधित अधिकारियों को सड़क सुरक्षा उपायों को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हेलमेट, सीट बेल्ट, ओवरलोडिंग, तेज रफ्तार एवं नशे की हालत में वाहन चलाने वालों के विरुद्ध नियमित जांच अभियान चलाया जाए तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए उपायुक्त ने लंबित हिट एंड रन मामलों का शीघ्र निष्पादन करने, दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में हाई मास्ट लाइट लगाने, सीसीटीवी कैमरे स्थापित करने तथा ब्लैक स्पॉट की पहचान कर आवश्यक सुधारात्मक कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने वाहन जांच अभियान को और सशक्त बनाने तथा अवैध परिवहन पर रोक लगाने के लिए समय-समय पर विशेष अभियान चलाने पर भी जोर दिया बैठक में यह भी निर्देश दिया गया कि जिले के सभी थाना प्रभारी नियमित रूप से वाहन जांच अभियान संचालित करें, ताकि लोगों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़े और सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। साथ ही शराब या अन्य नशीले पदार्थों के सेवन के बाद वाहन चलाने वालों के खिलाफ विशेष कार्रवाई करने को कहा गया इस अवसर पर जिला परिवहन पदाधिकारी संतोष कुमार ने जिले में सड़क सुरक्षा को लेकर चलाए जा रहे अभियानों, दुर्घटना संभावित स्थलों पर किए जा रहे सुधार कार्यों तथा जन-जागरूकता कार्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सड़क सुरक्षा को लेकर विभाग लगातार अभियान चला रहा है और सभी संबंधित एजेंसियों के सहयोग से इसे और अधिक प्रभावी बनाया जाएगा।बैठक में पुलिस अधीक्षक, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, अंचलाधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## अवैध खनन पर सख्त हुआ प्रशासन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** जिले में अवैध खनन, खनिजों के अवैध परिवहन एवं भंडारण पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित करने को लेकर उपायुक्त रामनिवास यादव की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में जिला खनन टास्क फोर्स की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक में पुलिस अधीक्षक, वन विभाग, खनन विभाग तथा जिले के सभी अनुमंडल पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में उपायुक्त ने स्पष्ट कहा कि जिले में अवैध खनन किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने खनन क्षेत्रों में नियमित छापेमारी अभियान चलाने, संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान कर विशेष निगरानी रखने तथा अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण में संलिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि खनन कार्य पूरी तरह नियमों के अनुरूप हो और सरकार को किसी प्रकार के राजस्व नुकसान का सामना न करना पड़े, यह जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने पुलिस एवं खनन विभाग को संयुक्त अभियान चलाने, चेकपोस्टों पर वाहनों की नियमित जांच करने तथा ओवरलोडिंग एवं बिना चालान खनिज परिवहन करने वाले वाहनों को तत्काल जब्त करने का निर्देश दिया साथ ही रात के समय गश्ती बढ़ाने, अंचल अधिकारियों को अपने क्षेत्रों में लगातार निगरानी रखने तथा किसी भी अनियमितता की सूचना तत्काल उपलब्ध कराने को कहा गया। उपायुक्त ने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए अवैध खनन पर पूरी तरह रोक लगाने की दिशा में प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि खनन कार्यों में पारदर्शिता और नियमों का पालन सुनिश्चित करना प्रशासन की जिम्मेदारी है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

# खूंटी के सुदूरवर्ती गांव रुगुदडीह में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**खूंटी।** खूंटी जिले के सुदूरवर्ती लान्दुप पंचायत का रुगुदडीह गांव जहां सड़क और बिजली तो किसी तरह पहुंच गई लेकिन आज भी ग्रामीण स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित हैं। लान्दुप पंचायत के रुगुदडीह गांव में आज केएस गंगा हॉस्पिटल और त्रिनेत्रा आई केयर द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में आसपास के गांव के ग्रामीण महिला पुरुष पहुंचे और अपनी अपनी बीमारियों की जांच कराकर दवाईयां लीं। देश की आजादी के बाद पहली बार गांव में स्वास्थ्य जांच शिविर के आयोजन से ग्रामीण उत्साहित नजर आए। ग्रामीणों ने बताया कि बीमार होने पर सदर अस्पताल खूंटी जाना पड़ता है लेकिन अधिक दूरी होने और आवागमन के साधनों की कमी के कारण लोगों को परेशानी होती है। स्वास्थ्य उपकेंद्रों की दूरी होने के कारण भी मरीज छोटी मोटी बीमारियों में इलाज के लिए स्वास्थ्य केंद्र नहीं पहुंच पाते हैं। उन्होंने कहा कि समय समय पर गांवों में स्वास्थ्य शिविर आयोजित की जाए तो लोगों को राहत मिलेगी। स्वास्थ्य शिविर में उपस्थित त्रिनेत्रा आई केयर के डॉक्टर गौरव श्रेष्ठ ने बताया कि यहां ग्रामीणों में आंख से पानी आने की शिकायत, ग्लूकोमा और मोतियाबिंद की समस्याएं मिली हैं। आंख जांच के बाद उन्हें दवाईयां दी गई हैं। के एस गंगा हॉस्पिटल के डॉक्टर अंजीव नयन कुमार ने बताया कि खूंटी जिले के सुदूरवर्ती ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने से गरीब, पिछड़े और अशिक्षितों को काफी सहायता मिलती है। स्वास्थ जांच में सामान्य बुखार, सिर दर्द, पेट दर्द, जोड़ों में दर्द, आर्थराइटिस और आंखों से संबंधित रोगियों की पहचान की गई साथ ही सभी मरीजों का ब्लड प्रेशर और ऑक्सीजन लेबल की जांच भी की गई। जांच उपरांत मरीजों को निःशुल्क दवाईयां दी गई। वहीं कमज़ोर महिला मरीजों को पेड़ में ही स्लाइन लटकाकर ऑन द स्पॉट स्लाइन चढ़ाई गई। डॉक्टर ने बताया कि स्वास्थ्य जांच में ऑपरेशन की जरूरत वाले मरीजों को आयुष्मान भारत योजना के तहत के एस गंगा हॉस्पिटल में निः शुल्क ऑपरेशन किया जाएगा।

# गुमला जिला के केंद्रीय प्रभारी अधिकारी ने किया आकांक्षी प्रखंड डुमरी का भ्रमण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गुमला।** भारत सरकार के 8वें केंद्रीय वेतन आयोग के संयुक्त सचिव सह गुमला जिले के केंद्रीय प्रभारी अधिकारी अमित सतीजा की अध्यक्षता में आकांक्षी प्रखण्ड डुमरी का भ्रमण किया गया साथ ही समाहरणालय सभाकक्ष में आकांक्षी जिला एवं आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम की उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिले के विकास संकेतकों की बारीकी से समीक्षा करते हुए स्वास्थ्य, शिक्षा और कृषि क्षेत्र में बुनियादी सुधार लाने के कड़े निर्देश दिए गए। समीक्षा के दौरान केंद्रीय प्रभारी अधिकारी श्री सतीजा ने स्वास्थ्य संकेतकों पर विशेष जोर दिया। उन्होंने जिले में प्रसव पूर्व देखभाल पंजीकरण के पिछले वर्ष के 88 प्रतिशत से बढ़कर 97 प्रतिशत होने पर संतोष जताया, लेकिन इसे शत-प्रतिशत करने का निर्देश दिया। उन्होंने पिछले कुछ समय में कम वजन के बच्चों के जन्म लेने के मामलों पर चिंता व्यक्त की और जिला समाज कल्याण विभाग को इसके मूल कारणों की पहचान कर 'रेडी टू ईट' पूरक पोषण वितरण प्रणाली को दुरुस्त करने को कहा। इसके साथ ही टीबी मरीजों की स्क्रीनिंग, प्राथमिक व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करने और डॉक्टरों की कमी को दूर करने के लिए ठोस प्रयास करने के निर्देश दिए गए।

# वृद्ध एवं असहाय कलाकारों को मिलेगी चार हजार मासिक सहायता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** झारखंड सरकार के पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के अंतर्गत सांस्कृतिक कार्य निदेशालय द्वारा राज्य के वृद्ध, दिव्यांग एवं गंभीर रूप से अस्वस्थ कलाकारों के लिए कलाकार मासिक निवृत्तिका योजना संचालित की जा रही है। योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर एवं असहाय कलाकारों को सम्मानजनक जीवनयापन के लिए वित्तीय सहायता उपलब्ध कराना है। योजना के तहत पात्र निवृत्त कलाकारों को प्रति माह 4000 की राशि डीबीटी के माध्यम से सीधे उनके आधार-लिंक्ड बैंक खाते में भेजी जाएगी। यह राशि अहस्तांतरणीय होगी, अर्थात कलाकार की मृत्यु या अयोग्यता की स्थिति में यह लाभ उनके आश्रितों को नहीं मिलेगा।

### कैसे करें आवेदन

इच्छुक कलाकार सांस्कृतिक कार्य निदेशालय में ऑफलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा विभागीय वेबसाइट के कल्चरल ट्रूप मैनेजमेंट सिस्टम पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन की सुविधा भी उपलब्ध है। आवेदन से पूर्व कलाकारों का पोर्टल पर पंजीकरण अनिवार्य है।

### पात्रता की शर्तें

योजना का लाभ उन्हीं कलाकारों को मिलेगा, जो झारखंड की लोक, जनजातीय, शास्त्रीय एवं पारंपरिक कला में पारंगत हों और जिला स्तर पर पहचान रखते हों। इसके अलावा आकाशवाणी या दूरदर्शन से मान्यता प्राप्त कलाकार, जिनके पास न्यूनतम 7 वर्ष (दिव्यांग/अस्वस्थ के लिए 5 वर्ष) का अनुभव हो, भी पात्र होंगे।

राज्य या राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रमों में लगातार 7 वर्षों (दिव्यांग/अस्वस्थ के लिए 5 वर्ष) तक सक्रिय भागीदारी करने वाले कलाकार भी योजना के दायरे में आएंगे। साथ ही पद्म पुरस्कार, केंद्रीय ललित कला अकादमी या संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार से सम्मानित अथवा राज्य सरकार द्वारा सम्मानित वरिष्ठ कलाकार भी इस योजना के पात्र होंगे।

### अन्य आवश्यक शर्तें

आवेदक कलाकार की आयु 60 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए, जबकि गंभीर रूप से अस्वस्थ एवं दिव्यांग कलाकारों के लिए आयु सीमा में छूट दी गई है। साथ ही सभी स्रोतों से उनकी मासिक आय ?8000 से अधिक नहीं होनी चाहिए। सरकार का उद्देश्य राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के संरक्षकों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करना और उनके जीवन स्तर में सुधार लाना है।

# कड़सर में सरकारी आईटीआई निर्माण की मांग को मिली गति

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बक्सर।** जिले के अंतिम छोर पर अवस्थित नावानगर प्रखंड क्षेत्र में सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नहीं होने से कौशल और रोजगारन्मुखी शिक्षा प्राप्त करने को इच्छुक हजारों छात्र-छात्राओं को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। यहां के युवा दूरस्थ संस्थानों में प्रवेश लेने को मजबूर हैं। जिसको लेकर आरटीआई कार्यकर्ता निराला कुमार चौधरी ने राज्य के मुख्यमंत्री, युवा रोजगार एवं कौशल विकास मंत्री, आयुक्त, पटना प्रमंडल तथा जिला पदाधिकारी, बक्सर को पत्र के माध्यम से कड़सर पंचायत में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान खोलने की मंजूरी देने का अनुरोध किया है जिसे आयुक्त पटना प्रमंडल द्वारा संज्ञान में लिया गया है। इस संबंध में प्रमंडलीय आयुक्त पटना के सचिव द्वारा श्रम आयुक्त श्रम संसाधन विभाग बिहार पटना को पत्र के माध्यम से नियमानुसार आवश्यक कारवाई करने की बात कही है। श्री चौधरी द्वारा आवेदन में जिक्र किया है कि यह क्षेत्र राज्य के तीन जिलों बक्सर, भोजपुर और रोहतास का मध्य क्षेत्र है, जो आर्थिक-सामाजिक विकास के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है। युवाओं के हित का ख्याल रखना सरकार के नीति में शामिल है। कौशल एवं औद्योगिक प्रशिक्षण प्राप्त करने की इच्छा रखने वाले छात्र-छात्राओं, युवाओं एवं अभिभावकों को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान की आवश्यकता महसूस हो रही है। लोग नई सरकार से काफी आशान्वित है। क्षेत्र में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान स्थापित हो जाने की स्थिति में इस क्षेत्र के कौशल और रोजगारन्मुखी शिक्षा प्राप्त करने वाले छात्रों को अन्य जगहों और दूरस्थ के संस्थानों पर निर्भरता में कमी आएगी। यहां के प्रतिभाशाली युवा कौशल शिक्षा व औद्योगिक प्रशिक्षण की शिक्षा ग्रहण करने वाले इच्छुक विद्यार्थी, जो आर्थिक कमजोरी और मध्यमवर्गीय परिवार से संबंध रखने की वजह से दूर जाकर और निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में शिक्षा ग्रहण करने में असमर्थ है, उनके लिए राजकीय आईटीआई की सुविधा वरदान साबित होगी। जिस कारण वे अपने भविष्य का निर्माण करने से वंचित हो जाते है। निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में नामांकन लेना गरीब और कमजोर वर्ग के छात्रों के वश की बात नहीं है। सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान स्थापित हो जाने से इस क्षेत्र मे शैक्षणिक वातावरण का विकास होगा ।साथ ही सामाजिक और आर्थिक विकास को गति मिलेगी। श्री चौधरी ने सरकार को सुझाव दिया हैं कि कड़सर पंचायत में कई सरकारी भूखंड है जिसका सरकार इस्तेमाल कर सकती है।

ज्ञातव्य है कि नावानगर प्रखंड में कई पेप्सी कोकाकोला सहित कई प्रतिष्ठित औद्योगिक इकाईया स्थापित हैं। लेकिन प्रखंड क्षेत्र में एक भी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नहीं है। कड़सर गांव के सरकारी आई टी आई खुलने के मामले मे आई गति की बात को लेकर शिक्षा प्रेमियों इं0 दयानन्द सिंह, मनोज कुमार गुप्ता, रेवती रमण सिंह, श्रीकांत दुबे, जनार्दन सिंह, लालबाबू गुप्ता, कमलाकांत दुबे, रुमेल चौधरी , रामशिला मिश्रा, रविंद्र कुशवाहा, राजेश्वर महतो ने प्रमंडलीय आयुक्त के प्रति आभार व्यक्त किये है

# प्रदूषण नियंत्रण व पौधारोपण पर उपायुक्त ने दिए सख्त निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** समाहरणालय सभागार में गुरुवार को जिला पर्यावरण समिति की बैठक उपायुक्त सह-जिला दंडाधिकारी रामनिवास यादव की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में पर्यावरण संरक्षण, प्रदूषण नियंत्रण तथा पूर्व में दिए गए निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि स्वच्छ एवं सुरक्षित पर्यावरण जिले की अमूल्य धरोहर है, जिसके संरक्षण के लिए प्रशासन, औद्योगिक संस्थानों और आम नागरिकों को सामूहिक रूप से जिम्मेदारी निभानी होगी। उन्होंने शहर के प्रमुख चौक-चौराहों एवं औद्योगिक क्षेत्रों में एयर क्वालिटी इंडेक्स एक्यूआई डिस्प्ले स्क्रीन लगाने, उसरी नदी के संरक्षण तथा सीसीएल एवं औद्योगिक क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए उपायुक्त ने अवैध बालू खनन, डंपिंग, स्टोन माइंस एवं क्रशरों के संचालन की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। साथ ही नालों की नियमित सफाई एवं दूषित जल के उपचार के बाद ही नदी में प्रवाहित करने पर जोर दिया। उन्होंने औद्योगिक प्रतिष्ठानों को वाटर हार्वेस्टिंग, ट्रीटमेंट प्लांट के प्रभावी संचालन तथा औद्योगिक कचरे के वैज्ञानिक निस्तारण को अनिवार्य रूप से लागू करने का निर्देश दिया। बैठक में अस्पतालों, नर्सिंग होम, होटल एवं अन्य संस्थानों को प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के निर्धारित मानकों का पालन सुनिश्चित करने को कहा गया। उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि कोई भी औद्योगिक इकाई कचरे की अनियंत्रित या अवैध डंपिंग न करे तथा सभी अपशिष्टों का निस्तारण स्वीकृत स्थलों और निर्धारित मानकों के अनुरूप ही किया जाए, ताकि स्थानीय ग्रामीणों और आसपास के क्षेत्रों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण सर्वोच्च प्राथमिकता है और सभी उद्योगों को अपने उत्सर्जित अपशिष्टों के समुचित प्रबंधन के साथ प्रदूषण नियंत्रण संबंधी मानकों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करना होगा। बैठक में पुलिस अधीक्षक, पूर्वी वन प्रमंडल पदाधिकारी, अपर समाहर्ता, आईएएस प्रशिक्षु, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, वन विभाग, नगर निगम, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, सीसीएल तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत भाजपा नेताओं ने किया पौधारोपण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गिरिडीह।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रव्यापी अभियान 'एक पेड़ मां के नाम' के तहत गुरुवार को सुभाष इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व भाजपा प्रदेश मंत्री शालिनी बैसाखियार एवं नगर अध्यक्ष जयशंकर सिन्हा सिंकू ने किया कार्यक्रम की शुरुआत संस्थान के निदेशक विजय सिंह को एक पौधा भेंट कर की गई। इस अवसर पर नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। प्रदेश मंत्री शालिनी बैसाखियार ने कहा कि भाजपा के राष्ट्रव्यापी अभियान के तहत चलाया जा रहा 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम पूरे वर्षा ऋतु तक जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि पार्टी के सभी नेता और कार्यकर्ता इस अभियान को सफल बनाने में जुटे हैं तथा अधिक से अधिक लोगों को पौधारोपण के लिए प्रेरित कर रहे हैं। नगर अध्यक्ष जयशंकर सिन्हा सिंकू ने कहा कि प्रत्येक बूथ स्तर पर भाजपा कार्यकर्ता पौधारोपण कर इस अभियान को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने आम लोगों से भी पर्यावरण संरक्षण के लिए कम से कम एक पौधा लगाने और उसके संरक्षण की जिम्मेदारी निभाने की अपील की संस्थान के निदेशक विजय सिंह ने कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए स्वच्छ और संतुलित पर्यावरण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है और सभी लोगों को इस अभियान से जुड़ना चाहिए।कार्यक्रम में टिंकू सिन्हा, अनिल सिंह, अशोक स्वर्णकार, भुनेश्वर मंडल, मंजू सिंह, मोनिका गुप्ता, रूबी गुप्ता, स्वप्नना गुप्ता, रोशन सिंह, संगीता बैसाखियार सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, महिलाएं तथा संस्थान के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# दीक्षांत समारोह की तैयारियों को लेकर मुंगेर विश्वविद्यालय में बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**मुंगेर।** मुंगेर विश्वविद्यालय में प्रस्तावित दीक्षांत समारोह की तैयारियों को लेकर गुरुवार को चौथी समीक्षात्मक बैठक कुलपति प्रो. संजय कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में समारोह के सफल, सुव्यवस्थित एवं गरिमामय आयोजन के लिए गठित विभिन्न समितियों की तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। बैठक में समारोह में आमंत्रित विशिष्ट अतिथियों एवं गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने, अतिथि सूची को अंतिम रूप देने तथा आमंत्रण पत्र डाक के माध्यम से भेजने की प्रक्रिया पर चर्चा हुई। इसके अलावा समारोह स्थल पर आकर्षक सेल्फी प्वाइंट के निर्माण एवं अन्य सुविधाओं को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया। विद्यार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए निर्णय लिया गया कि प्रवेश-पत्र समारोह से दो से तीन दिन पूर्व उपलब्ध करा दिए जाएंगे, जबकि विभिन्न समितियों के सदस्यों को एक दिन पहले प्रवेश-पत्र वितरित किए जाएंगे। बैठक में विद्यार्थियों के बैठने की व्यवस्था, प्रवेश द्वारों के निर्धारण तथा आवागमन को सुचारु बनाने पर विशेष जोर दिया गया। कुलपति ने फूड कमेटी, हेल्प डेस्क एवं स्टेज मैनेजमेंट कमेटी को उनके दायित्वों के संबंध में आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि समारोह के दौरान किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। साथ ही विद्यार्थियों, शिक्षकों, शिक्षकेत्तर कर्मचारियों, सीनेट सदस्यों तथा एनसीसी अधिकारियों के लिए निर्धारित ड्रेस कोड पर भी चर्चा की गई। बैठक में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) एवं राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के कैडेटों की भूमिका, उनकी तैनाती तथा समारोह के दौरान उनकी जिम्मेदारियों पर भी विस्तार से विचार किया गया। विश्वविद्यालय प्रशासन ने सभी समितियों को समयबद्ध एवं समन्वित ढंग से कार्य करने का निर्देश देते हुए कहा कि दीक्षांत समारोह विश्वविद्यालय की शैक्षणिक उत्कृष्टता एवं प्रतिष्ठा का प्रतीक है, इसलिए आयोजन में किसी भी स्तर पर कमी नहीं रहनी चाहिए। कुलपति प्रो. संजय कुमार ने दीक्षांत समारोह के लिए गठित सभी समितियों को प्रतिदिन प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। बैठक में डीएसडब्ल्यू प्रो. डॉ. महेश्वर मिश्र, कुलसचिव डॉ. घनश्याम राय, आरडी एंड डीजे कॉलेज के प्राचार्य प्रो. डॉ. बिजेंद्र कुमार, सीसीडीसी प्रो. डॉ. दिवाकर कुमार, प्रो. देवराज सुमन, परीक्षा नियंत्रक प्रो. दशरथ प्रजापत, कुलानुशासक प्रो. डॉ. जयंत कुमार, उप कुलसचिव-ऋ डॉ. अंशु राय, मीडिया समिति की सदस्य लेफ्टिनेंट डॉ. प्रियवंदा शर्मा, लेफ्टिनेंट डॉ. नेहा कुमारी, सहायक परीक्षा नियंत्रक डॉ. स्मृति कुमारी सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। अंत में कुलसचिव डॉ. घनश्याम राय ने सभी प्रतिभागियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

## लहलहाती सब्जी की फसल काटने का आरोप

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र के रजाकपुर गांव में लगभग दो बीघे भूमि में लगी सब्जी की तैयार फसल को काटकर नष्ट कर दिए जाने का मामला सामने आया है। घटना से आहत किसान ने नावकोठी थाना में आवेदन देकर न्याय एवं दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रजाकपुर निवासी फुलेन साह के पुत्र विकेश कुमार ने पुलिस को दिए आवेदन में आरोप लगाया है कि उनकी लगभग दो बीघे जमीन में कद्दू, झींगा, करेला, बैंगन समेत अन्य सब्जियों की लहलहाती फसल लगी हुई थी। गांव के ही बौए लाल सहनी, पिता स्नेही सहनी, अपने कुछ सहयोगियों के साथ खेत में पहुंचे और फसल को काटकर बर्बाद कर दिया। इससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है तथा उनकी महीनों की मेहनत पर पानी फिर गया है। पीड़ित किसान ने आवेदन में यह भी आरोप लगाया है कि वह आरोपी द्वारा किए जा रहे नशे के सेवन एवं उससे जुड़ी गतिविधियों का विरोध करता था।

# जमशेदपुर के सीतारामडेरा मार्ग पर चला प्रशासन का बुलडोजर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**जमशेदपुर।** लौह नगरी जमशेदपुर शहर के भालूबासा चौक से सीतारामडेरा जाने वाले मुख्य मार्ग पर आज प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। इस दौरान सड़क किनारे स्थित छह दुकानों को बुलडोजर से हटाया गया, जिससे स्थानीय दुकानदारों और लोगों में नाराजगी देखने को मिली। जानकारी के अनुसार, प्रशासन ने सड़क और सार्वजनिक भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने के उद्देश्य से यह कार्रवाई की। बुलडोजर चलने की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में दुकानदार और स्थानीय लोग मौके पर जुट गए तथा विरोध जताया। प्रभावित दुकानदारों का कहना है कि वे पिछले करीब 50 वर्षों से यहां दुकान चलाकर अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहे हैं। उनका आरोप है कि अचानक की गई कार्रवाई से उन्हें भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। साथ ही उन्होंने पुनर्वास और वैकल्पिक व्यवस्था की मांग भी उठाई।

वहीं प्रशासन का कहना है कि सड़क और सरकारी भूमि पर किए गए अतिक्रमण को हटाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है, ताकि यातायात व्यवस्था सुचारू रहे और आम लोगों को सुविधा मिल सके। कार्रवाई के दौरान किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। फिलहाल क्षेत्र में स्थिति सामान्य है, लेकिन प्रभावित दुकानदारों में प्रशासनिक कार्रवाई को लेकर आक्रोश बना हुआ है।

# योग मन को शांत एवं एकाग्र बनाता है : उपायुक्त

## उपायुक्त ने 'द आर्ट ऑफ लिविंग' योग केंद्र का किया शुभारंभ



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो स्टील सिटी के सेक्टर-4 सिटी सेंटर हर्षवर्धन, प्लाजा स्थित द आर्ट ऑफ लिविंग के नए योग केंद्र का शुभारंभ उपायुक्त अजय नाथ झा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। उक्त सेंटर पर योग, ध्यान, प्राणायाम की सुविधा आमलोगों के लिए उपलब्ध रहेंगी। सभी सुविधाएं मुफ्त में प्रदान की जाएगी। समय सारणी प्रातः में 05 बजे से 08 बजे तक एवम संध्या काल में 05 बजे से 07 बजे तक । मौके पर प्रशिक्षु आईएएस अरविंद राधाकृष्णन, आर्ट ऑफ लिविंग के ब्रह्मचारी योगी राम , विनोद कुमार गुप्ता उपस्थित थे। उपायुक्त अजय नाथ झा ने इस अवसर पर योग केंद्र का अवलोकन किया तथा उपस्थित लोगों को नियमित योग और ध्यान को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने की अपील की।

**योग मन को शांत एवं एकाग्र बनाता है–**

उपायुक्त अजय नाथ झा ने कहा कि वर्तमान समय में भागदौड़ भरी जीवनशैली, तनाव और विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के बीच योग शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने का सबसे प्रभावी माध्यम है। योग न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है, बल्कि मन को भी शांत एवं एकाग्र बनाता है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य समाज के निर्माण में ऐसे योग केंद्रों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उपायुक्त ने द आर्ट ऑफ लिविंग संस्था द्वारा योग, ध्यान एवं मानव मूल्यों के प्रसार के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि योग संस्थाए लोगों को तनावमुक्त जीवन जीने तथा सकारात्मक सोच विकसित करने के लिए प्रेरित करती है। इससे समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ने के साथ-साथ जीवन स्तर में भी सुधार होता है। कार्यक्रम के दौरान योगाभ्यास एवं प्राणायाम का किये गए तथा योग के विभिन्न लाभों की जानकारी दी। उपस्थित लोगों को नियमित रूप से योग करने, संतुलित जीवनशैली अपनाने तथा स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का संकल्प भी दिलाया गया। इस अवसर पर संस्था के पदाधिकारी, योग प्रशिक्षक, सामाजिक कार्यकर्ता एवं अन्य स्थानीय लोग उपस्थित थे।

# राईस मिलरों को 25 जून तक शत प्रतिशत सीएमआर (चावल) जमा करने का निर्देश

## लापरवाही बरतने पर संबंधित व्यक्ति के विरूद्ध कठोरा कार्रवाई की जायेगी : उपायुक्त





**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त अजय नाथ झा की अध्यक्षता में आपूर्ति विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं की समीक्षा की। मौके पर जिला आपूर्ति पदाधिकारी शफीक आलम उपस्थित थे। बैठक में विभागीय अधिकारियों ने योजनाओं की वर्तमान स्थिति, प्रगति एवं क्रियान्वयन से संबंधित बिंदुओं की जानकारी उपायुक्त को दी गई। साथ ही बैठक में खाद्यान्न उठाव एवं वितरण, आधार सीडिंग, राशन कार्ड सत्यापन तथा विभागीय पोर्टल पर लंबित मामलों की भी समीक्षा की गई। बैठक में सभी प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी, सभी सहायक गोदाम प्रबंधक, सभी परिवहन अभिकत्र्ता एवं राईस मिल उपस्थित थे। समीक्षा के दौरान उपायुक्त अजय नाथ झा ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के तहत लाभुकों को खाद्यान्न वितरण की स्थिति, राशन कार्ड निर्माण एवं संशोधन, ई-केवाईसी की प्रगति, पात्र लाभुकों के नाम जोड़ने तथा अपात्र लाभुकों के नाम हटाने की प्रक्रिया की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि सभी योग्य लाभुकों को समय पर योजनाओं का लाभ मिले तथा किसी भी स्तर पर अनियमितता की शिकायत न हो। कार्य में लापरवाही बरती जाने पर संबंधित व्यक्ति के विरूद्ध कठोरात्मक कार्रवाई की जायेगी- बैठक में उपायुक्त अजय नाथ झा ने जिला आपूर्ति पदाधिकारी शफीक आलम को निर्देश किया कि आगामी 25 जून, 2026 तक सभी डिलरों को खाद्यान्न उपलब्ध करा दें ताकि ससमय लाभुकों के बीच वितरण किया जा सके। यदि कार्य में लापरवाही बरती जाती है तो संबंधित व्यक्ति के विरूद्ध कठोरात्मक कार्रवाई की जायेगी। साथ ही दाल, नमक एवं धोती साड़ी का वितरण प्रतिशत कम रहने के कारण खेद प्रकट किया गया तथा उन्होंने निर्देश दिया गया कि सभी प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी निर्धारित समय में खाद्यान्न आदि का वितरण सुनिश्चित करायें।

**राईस मिलर को 25 जून तक शत प्रतिशत सीएमआर (चावल) जमा करने का निर्देश –**

उपायुक्त अजय नाथ झा ने धान अधिप्राप्ति योजना अन्तर्गत आगामी दिनांक 25 जून, 2026 तक शत प्रतिशत सी0एम0आर0 (चावल) जमा करने का निर्देश राईस मिलर को दिया गया।

**योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता है–**

उपायुक्त ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता है। इसके लिए सभी संबंधित अधिकारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करें और निर्धारित समय सीमा के भीतर लंबित कार्यों का निष्पादन सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी अधिकारियों को नियमित मॉनिटरिंग कर प्रगति प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### बोकारो थर्मल द्वारा सीएसआर के तहत प्रशिक्षित 112 महिलाओ के बीच प्रमाण पत्र का किया गया वितरण

**तेनुघाट/बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** दामोदर वेली कारपोरेशन (डीवीसी) की सीएसआर कार्यालय में समारोह आयोजित कर ब्यूटीशियन, कंप्यूटर एवं सिलाई कढ़ाई का प्रशिक्षण प्राप्त कर चुकी 112 महिला एवं युवतियों के बीच प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित मुख्य अभियंता सह परियोजना प्रधान सुशील कुमार अरजरीया एवं वरीय महाप्रबंधक एचआर ए कुजूर ने महिलाओ के बीच प्रमाणपत्र का वितरण किया। उन्होंने कहा कि सीएसआर के तहत बोकारो थर्मल कार्यालय में शिलाई कढ़ाई , कम्प्यूटर एवं ब्यूटीशियन का कोर्स समाप्त करने वाले कुल 112 महिलाओं के बीच प्रमाणपत्र का वितरण किया गया। कार्यक्रम का




शुभारंभ सीएसआर प्रबंधक मनीष चौधरी के द्वारा अतिथियों को गुलदस्ता एवं पौधा देकर स्वागत कर कार्यक्रम की शुरूआत किया। वरीय महाप्रबंधक एचआर ए कुजूर ने कहे कि डीवीसी सीएसआर के तहत श्रेत्र की महिलाओं को सशक्त एवं आत्म निर्भर बनाने को ले कौशल विकास के तहत अनेक विकाश कार्य किए जा रहे हैं।

### रेल यात्रियों से मारपीट मामले में जिप अध्यक्ष ने की डीआरएम से मुलाकात, दोषियों पर कार्रवाई की मांग

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** गोमो रेलवे स्टेशन पर रेल यात्री देवव्रत पांडेय, उनकी पत्नी एवं परिवार के अन्य सदस्यों के साथ हुई मारपीट की घटना में दोषी रेलकर्मियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग को लेकर जिला परिषद अध्यक्ष शारदा सिंह ने डीआरएम से मुलाकात की। घटना 1 जून की बताई गई है। शारदा सिंह ने बताया कि देवव्रत पांडेय और उनके परिवार के अन्य सदस्यों के साथ कुछ रेलकर्मियों द्वारा की गई मारपीट एवं दुर्व्यवहार की घटना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण,



अमानवीय एवं निंदनीय है। उन्होंने कहा कि दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। दुमका-रांची एक्सप्रेस के धनबाद पहुंचने पर सीट पर बैठने को लेकर कुछ लोगों और यात्री के बीच पहले तू-तू, मैं-मैं हुई। इसके बाद ट्रेन के गोमो स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या तीन पर पहुंचते ही कुछ कथित रेल कर्मियों ने समूह बनाकर रेल यात्री और उसके परिवार की जमकर पिटाई कर दी थी.

### आईआईटी ,आईएसएम ने बांकुड़ा में की मिलेट खेती एवं उद्यमिता कार्यक्रम की शुरूआत

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** आईआईटी आईएसएम धनबाद ने कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) की कॉपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) योजना के तहत पश्चिम बंगाल के बांकुड़ा जिले में उच्च गुणवत्ता वाले मिलेट की खेती और जनजातीय महिला उद्यमियों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से एक फील्ड विजिट एवं सामुदायिक क्षमता निर्माण कार्यक्रम की शुरूआत की है। यह कार्यक्रम 'उच्च गुणवत्ता वाले मिलेट उत्पादन के



माध्यम से पश्चिम बंगाल की जनजातीय महिला उद्यमियों को सशक्त बनाने तथा डिजिटल मार्केटिंग प्लेटफॉर्म विकसित करने' संबंधी परियोजना का हिस्सा है। यह परियोजना पिछले वर्ष से संचालित की जा रही है, जिसके तहत क्षेत्र में पहले भी कई प्रशिक्षण एवं क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके हैं। कार्यक्रम के दौरान आईआईटी (आईएसएम) की टीम पश्चिम बंगाल के बांकुड़ा जिले के सालतोड़ा प्रखंड स्थित रंगामाटिया गांव में ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों, स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी), किसानों तथा किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) के साथ संवाद कर रही है। इसका उद्देश्य मौजूदा कृषि पद्धतियों को समझना, चुनौतियों की पहचान करना और मिलेट आधारित आजीविका एवं उद्यमिता की संभावनाओं को बढ़ावा देना है। साथ ही गांव स्तर पर सर्वेक्षण कर फसल पैटर्न, उपलब्ध संसाधनों और बाजार संबंधी चुनौतियों का भी आकलन किया जा रहा है। परियोजना के प्रधान अन्वेषक (पीआई) और प्रबंधन अध्ययन एवं औद्योगिक अभियंत्रण विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर प्रो. निलाद्रि दास ने कहा कि मिलेट खेती ग्रामीण आजीविका और पोषण सुरक्षा को मजबूत करने का प्रभावी माध्यम बन सकती है। वहीं सह-प्रधान अन्वेषक (को-पीआई) एवं विभाग की सहायक प्रोफेसर प्रो. रश्मि सिंह ने कहा कि कार्यक्रम के माध्यम से महिलाओं को आधुनिक खेती, मूल्य संवर्धन, डिजिटल मार्केटिंग और बाजार से जुड़ाव की जानकारी दी जा रही है। यह पहल महिला सशक्तीकरण, सतत ग्रामीण विकास और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# पेयजल संकट को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश, बीसीसीएल का गेट किया जाम



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** झरिया स्थित बागडीगी बस्ती में पेयजल संकट को लेकर लोगों का आक्रोश सड़क पर उतर आया. पिछले छह महीने से नियमित पानी की आपूर्ति बंद होने से परेशान हजारों लोगों ने बीसीसीएल एरिया-10 के महाप्रबंधक कार्यालय के मुख्य द्वार पर प्रदर्शन किया. गैलन और बाल्टियां लेकर पहुंचे लोगों ने बीसीसीएल प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी की और जल्द समस्या के समाधान की मांग की. इस दौरान लोगों ने महाप्रबंधक कार्यालय का मुख्य गेट जाम कर दिया. स्थानीय लोगों का आरोप है कि परियोजना विस्तारीकरण के बाद से बस्ती में पानी और बिजली की समस्या लगातार बनी हुई है. छह महीने पहले पेयजल कनेक्शन काट दिए जाने के कारण हजारों परिवारों को रोजमर्रा की जरूरतों के लिए भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. लोगों का कहना है कि काफी प्रयास और बातचीत के बाद जामाडा की ओर से नए सिरे से पानी का कनेक्शन देने की प्रक्रिया शुरू की गई थी. संबंधित टीम पाइपलाइन बिछाने और कनेक्शन लगाने पहुंची भी थी, लेकिन बीसीसीएल प्रबंधन ने काम रुकवा दिया. इससे पहले से परेशान लोगों का गुस्सा और बढ़ गया.

**बीसीसीएल प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी की**

प्रदर्शनकारियों ने हाथों में खाली गैलन और बाल्टियां लेकर बीसीसीएल के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की और मुख्य गेट को जाम कर दिया. उनका कहना है कि जब तक बस्ती में नियमित पेयजल आपूर्ति बहाल नहीं होती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा. स्थानीय लोगों का कहना है कि छह महीने से पानी के लिए भटकना पड़ रहा है. अब नया कनेक्शन भी नहीं लगाने दिया जा रहा है. अगर हमारी समस्या का समाधान नहीं हुआ तो हम भी बीसीसीएल अधिकारियों के बंगलों तक पानी की आपूर्ति नहीं होने देंगे. भीषण गर्मी के बीच पेयजल संकट ने बस्ती के लोगों के सब्र का बांध तोड़ दिया है. अब सभी की नजर बीसीसीएल प्रबंधन और प्रशासन पर है कि आखिर हजारों लोगों की इस बुनियादी समस्या का समाधान कब तक हो पाता है.

# कसमार में किशोरियों के लिए एसआरएचआर एवं स्वास्थ्य प्रशिक्षण आयोजित

**कसमार (बोकारो)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सहयोगिनी संस्था द्वारा प्रखंड के खैराचातर तथा टांगटोना पंचायत में किशोरियों एवं युवा महिलाओं के लिए (यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य एवं अधिकार) और स्वास्थ्य जागरूकता प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किशोरियों को उनके अधिकारों, स्वास्थ्य, शिक्षा और सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक कर उनमें नेतृत्व क्षमता का विकास करना है ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें। शिविर में मुख्य प्रशिक्षक कुमारी मंजू ने किशोरावस्था के दौरान होने वाले शारीरिक व मानसिक परिवर्तनों, मासिक धर्म स्वच्छता, सही पोषण, एनीमिया की रोकथाम और व्यक्तिगत स्वच्छता पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने जोर देकर कहा कि सही समय पर सही जानकारी ही युवाओं को सुरक्षित भविष्य की ओर ले जा सकती है। इसके साथ ही उन्होंने नशामुक्ति का आह्वान करते हुए किशोरियों से तंबाकू और शराब जैसी कुरीतियों के खिलाफ समाज में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की। सहयोगिनी संस्था के समन्वयक प्रकाश कुमार महतो ने बताया कि संस्था कसमार प्रखंड के 19 गांवों में किशोरी नेतृत्व क्षमता विकास को लेकर लगातार जमीन पर काम कर रही है। जागरूक और सशक्त किशोरियां ही बाल विवाह, लैंगिक भेदभाव और सामाजिक कुरीतियों को खत्म करने में सबसे प्रभावी हथियार साबित होंगी।

# बीपीएससीएल में संविदा कर्मी की मौत के बाद जमकर हंगामा, नौकरी और मुआवजे की मांग



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो पावर सप्लाई कंपनी प्राइवेट लिमिटेड (बीपीएससीएल) के कोल हैंडलिंग प्लांट में कार्यरत एक संविदा कर्मी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के बाद बोकारो जनरल अस्पताल (बीजीएच) में जमकर हंगामा हुआ। मृतक की पहचान 30 वर्षीय शिव शंकर हेम्ब्रम के रूप में हुई है, जो प्लांट में सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत था। घटना के बाद मृतक के परिजन और मजदूर बड़ी संख्या में बीजीएच पहुंच गए और कंपनी प्रबंधन के खिलाफ नाराजगी जताते हुए प्रदर्शन शुरू कर दिया। हंगामे के कारण अस्पताल परिसर में आवागमन प्रभावित हो गया और मरीजों तथा अन्य लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए सिटी डीएसपी राजीव रंजन मौके पर पहुंचे। उन्होंने परिजनों और प्रदर्शनकारियों से बातचीत कर उन्हें शांत कराया। मृतक के परिजनों ने बीपीएससीएल में स्थायी नौकरी और उचित मुआवजे की मांग उठाई है। प्रदर्शन कर रहे मजदूरों का आरोप है कि शिव शंकर हेम्ब्रम की मौत शॉर्ट सर्किट की वजह से हुई। उनका कहना है कि प्लांट के एक पाइप के अंदर भीषण गर्मी के बीच उनसे काम कराया जा रहा था, जिसके दौरान यह हादसा हुआ। हालांकि, अभी तक मौत के वास्तविक कारणों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। मामले की सच्चाई पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी। वहीं, इस घटना को लेकर बीपीएससीएल प्रबंधन की ओर से फिलहाल कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। इस बीच खबर मिली है कि प्रबंधन ने मृतक के आश्रित को नियोजन देने की मांग मान ली है।

# जिला स्तर पर मिशन परिवार विकास अभियान-2026 का शुभारंभ



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सिविल सर्जन डॉ. अभय भूषण प्रसाद की अध्यक्षता में जिला स्तर पर मिशन परिवार विकास अभियान-2026 का शुभारंभ जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर परिवार नियोजन एवं छोटे परिवार के महत्व से संबंधित संदेशों के साथ जनजागरूकता अभियान की शुरूआत की गई। सिविल सर्जन डॉ. अभय भूषण प्रसाद ने बताया कि अभियान के तहत जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों के साथ-साथ सामुदायिक स्तर पर स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसके अंतर्गत मुख्य रूप से जागरूकता रैली, प्रदर्शनी एवं प्रचार-प्रसार के माध्यम से योग्य दम्पत्तियों को परिवार नियोजन के स्थायी एवं अस्थायी साधनों की जानकारी दी जाएगी।

# मोदी सरकार के 12 वर्ष के विकास कार्यों को प्रदर्शनी के माध्यम से दर्शाया गया



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भाजपा जिला महानगर की ओर से गुरुवार को रणधीर वर्मा चौक पर विशेष प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में केंद्र सरकार द्वारा पिछले 12 वर्षों में संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास कार्यों और उपलब्धियों को चित्रों एवं सूचना पटों के माध्यम से प्रदर्शित किया गया। प्रदर्शनी का उद्देश्य आम लोगों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में हुए विकास कार्यों तथा केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी देना था। दिनभर बड़ी संख्या में लोग प्रदर्शनी स्थल पर पहुंचे और प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, स्वच्छ भारत मिशन, जनधन योजना सहित अन्य कल्याणकारी कार्यक्रमों की जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर धनबाद सांसद दुलु महतो ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के गरीब, किसान, महिला, युवा और वंचित वर्गों के उत्थान के लिए अभूतपूर्व कार्य किए हैं। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार द्वारा चलाई गई जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ करोड़ों लोगों तक पहुंचा है। सांसद ने कहा कि देश के विकास और जनहित के क्षेत्र में प्रधानमंत्री मोदी ने नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं और उनके नेतृत्व में भारत वैश्विक स्तर पर एक मजबूत पहचान बना रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले 12 वर्षों में केंद्र सरकार ने पारदर्शी शासन, बुनियादी ढांचे के विकास और गरीब कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। प्रदर्शनी के माध्यम से लोगों को सरकार की उपलब्धियों और योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। कार्यक्रम में पूर्व सांसद पी.एन. सिंह सहित भाजपा के कई वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी, कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद रहे। प्रदर्शनी को लेकर भाजपा कार्यकताओं में उत्साह देखा गया। आयोजन स्थल पर लोगों की अच्छी-खासी भीड़ जुटी रही और उन्होंने विभिन्न योजनाओं से संबंधित प्रदर्शित सामग्री का अवलोकन किया।

# बीएसएल द्वारा टाउनशिप में नागरिक सुविधाओं एवं आधारभूत संरचना के विकास कार्य जारी



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो स्टील प्लांट (बीएसएल) अपने टाउनशिप निवासियों को बेहतर नागरिक सुविधाएं एवं गुणवत्तापूर्ण आधारभूत संरचना उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इस क्रम में टाउनशिप की अधिकांश मुख्य सड़कों, सेक्टरों की आंतरिक सड़कों तथा परिधीय सड़कों की व्यापक मरम्मत एवं उन्नयन का कार्य किया गया है। यह प्रक्रिया अभी भी जारी है। हाल ही में सेक्टर 2सी, 2बी, 3ए, 3बी, 4जी, 6ए, 9ए एवं 9डी में लगभग 15 किलोमीटर सड़कों की मरम्मत अत्याधुनिक माइक्रो-सर्फेसिंग तकनीक के माध्यम से की गई है। इसके अतिरिक्त सेक्टर 2ए, 2बी, 2सी, 2डी, 3सी, 3डी, 5डी, 8बी, 9बी, 9डी, 11सी तथा 11डी में लगभग 11 किलोमीटर सड़कों का मरम्मत कार्य भी सफलतापूर्वक पूरा किया गया है। इसके अतिरिक्त चालू वित्तीय वर्ष के अंत तक लगभग 8 किलोमीटर सड़कों पर माइक्रो-सर्फेसिंग तथा लगभग 10 किलोमीटर सड़कों की बिटुमिनस (डामर) मरम्मत किए जाने की योजना है। आवासीय परिसरों के रखरखाव एवं सौंदर्यीकरण के उद्देश्य से सेक्टर 8ए एवं 11ए में आवासीय भवनों की बाहरी मरम्मत का कार्य वर्तमान में प्रगति पर है। उल्लेखनीय है कि पिछले दो वर्षों में टाउनशिप के विभिन्न सेक्टरों के 800 से अधिक आवासीय ब्लॉकों में बाहरी मरम्मत एवं रखरखाव का कार्य पूरा किया जा चुका है। साथ ही चालू वित्तीय वर्ष के अंत तक लगभग 500 अतिरिक्त आवासीय ब्लॉकों में बाहरी मरम्मत कार्य की योजना पर कार्य किया जा रहा है। निवासियों को निर्बाध एवं स्थिर विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से टाउनशिप में दो नए विद्युत उपकेंद्र (सब-स्टेशन) स्थापित किए गए हैं, जिनमें एक सेक्टर 4ए तथा दूसरा सेक्टर 9 में स्थित है। इन दोनों उपकेंद्रों के साथ, बीएसएल द्वारा अपने आंतरिक संसाधनों से टाउनशिप के विभिन्न सेक्टरों में अब तक कुल नौ विद्युत उपकेंद्र स्थापित किए जा चुके हैं। इसके अतिरिक्त आगामी अवधि में तीन और नए उपकेंद्र स्थापित करने की योजना भी तैयार की गई है। ऊर्जा दक्षता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से टाउनशिप के प्रमुख मार्गों एवं आर्टेरियल सड़कों पर स्मार्ट लाइटिंग कंट्रोल सिस्टम लगाए गए हैं। इसके अतिरिक्त, एलईडी स्ट्रीट लाइट्स भी लगाई गई हैं, जिससे ऊर्जा संरक्षण के साथ-साथ बेहतर एवं प्रभावी रोशनी सुनिश्चित हुई है। बोकारो स्टील प्लांट टाउनशिप के समग्र विकास, बेहतर जीवन-स्तर तथा आधुनिक नागरिक सुविधाओं के विस्तार के लिए प्रतिबद्ध है और भविष्य में भी इस दिशा में अपने प्रयास जारी रखेगा।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145865 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com